राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 सीनियर खिलाड़ी आईपीएल में आराम...

प्रधानमंत्री शिंजो आबे को दी गई अंतिम... 12

वर्ष : 13 | अंक : 56 | नई दिल्ली, बुधवार, 13 जुलाई 2022 | आषाढ़, शुक्ल पूर्णिमा, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 34.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार काफी सुहाना मौसम रहेगा साथ-साथ बारिश होने की संभावना है।

पोल

क्या गोवा के सीयासी दिग्गज माइकल लोबो थामेंगे भाजपा का दामन?

हां	50%
नहीं	40%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	52,415
चांदी	62,500
सेंसेक्स	53,886
निफ्टी	16,058

नई संसद के अशोक स्तंभ पर विपक्ष ने उठाए सवाल

शेरों को लेकर विपक्ष ने जताई आपत्ति, सरकार व मूर्तिकार ने दिया जवाब

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

संसद भवन की नई बिल्डिंग सेंट्रल विस्टा पर लगा राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह इस समय चर्चा का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई संसद के छत पर बने अशोक स्तंभ का सोमवार को उद्घाटन किया गया। इसके बाद से ही यह विपक्षी दलों के निशाने पर आ गया है। असल में विपक्षी दल नए अशोक स्तंभ पर बने चारों शेरों की डिजाइन पर सवाल उठा रहे हैं। इसके मुताबिक इन शेरों का मुंह आक्रामक ढंग से खुला हुआ है, जबकि सारनाथ में बने मूल अशोक की लाट पर जो शेर बने हैं, उनका मुंह बंद है। वहीं, सेंट्रल विस्टा की छत पर स्थापित किए गए शेरों की मुद्रा आक्रामक है। हालांकि, इसको लेकर विशेषज्ञों के मत अलग-अलग हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि ये शेर सम्राट अशोक के शेरों की तर्ज पर ही दिखते हैं। दोनों शेरों में कोई खास अंतर नहीं है।

महुआ मोइत्रा के ट्वीट पर बढ़ा विवाद

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सारनाथ और सेंट्रल विस्टा पर लगे शेरों की तस्वीर को पोस्ट करते हुए सवाल खड़ा किया। उन्होंने ट्वीट कर पूरे मामले में विवाद को गरमा दिया है। महुआ मोइत्रा ने लिखा कि सच कहा जाए तो सत्यमेव जयते से सिंहमेव जयते तक हम पहुंच गए हैं। लंबे समय से आत्मा में पड़ा संक्रमण बाहर आया है। उन्होंने बिना कुछ लिखे दोनों अशोक स्तंभ की विरोधाभासी तस्वीरें शेयर की हैं।

विपक्ष ने पूजा-पाठ पर भी जताई आपत्ति

वहीं विपक्षी दल उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूजा-पाठ करने पर भी आपत्ति उठा चुके हैं। विपक्ष के मुताबिक यह संविधान की मूल भावना का उल्लंघन है। दूसरी तरफ भाजपा ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीतिक दल बिना किसी आधार के अपने पॉलिटिकल मोटिव के आधार पर ऐसे बयान जारी कर रहे हैं।

मूर्ति में कोई बदलाव नहीं : मूर्तिकार

हालांकि इसे बनाने वाले मूर्तिकार सुनील देओरे का कहना है कि इसमें कोई बदलाव नहीं है। अशोक स्तंभ बनाने में उन्हें 9 महीने के करीब लगे। देओरे का कहना है कि सरकार से कोई सीधा कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला था। हमने किसी के कहने पर कोई बदलाव नहीं किया है। सारनाथ में मौजूद स्तंभ का ही ये कॉपी है। सुनील देवरे ने कहा कि ये अशोक स्तंभ बनाने के लिए उन्हें सरकार या बीजेपी से कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला। उनका करार टाटा के साथ हुआ था। उन्हीं को सुनील द्वारा अशोक स्तंभ का मॉडल दिखाया गया था।

देवघर बाबा की नगरी में शॉर्ट-कर्ट सियासत पर बरसे पीएम मोदी

एक दिन 'शॉर्ट सर्किट' भी होना तय

मोदी बोले...

- बहुत आसान होता है लोकलुभावन वायदे करके शॉर्ट-कर्ट अपना कर वोट बटोर लेना।

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को लोकलुभावन वादों पर आधारित शॉर्टकट राजनीति के दुष्परिणामों से आगाह करते हुए कहा कि देश के लोगों को इससे दूर रहने की जरूरत है क्योंकि यह देश को पीछे ले जाती है। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट आधारित राजनीति आपदा का कारण बन सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस देश की राजनीति शॉर्ट कट पर आधारित हो जाती है, उसका एक ना एक दिन शॉर्ट-सर्किट भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देवघर दौरे के क्रम में देवघर कॉलेज मैदान में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के समक्ष आज एक ऐसी चुनौती खड़ी है, जिसे हर देशवासियों को जानना और समझना जरूरी है, ये चुनौती है, शॉर्ट कट की राजनीति का। बहुत आसान होता है लोकलुभावन वायदे करके शॉर्ट कट अपना कर वोट बटोर लेना। शॉर्ट कट अपनाने वाले को ना मेहनत करनी पड़ती है और ना मेहनत कराना पड़ता है, लेकिन यह सच्चाई है कि

जिस देश की राजनीति शॉर्ट कर्ट पर आधारित हो जाती है, उसका एक ना एक दिन शॉर्ट सर्किट भी हो ही जाता है। शॉर्ट कट की राजनीति देश को तबाह कर देती है।

शॉर्ट-कर्ट से बचकर रहें : पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में हमें ऐसे राजनीति से बचनी होगी। यदि भारत को ऊंच्चाई पर ले जाना है, तो परिश्रम करना होता है, परिश्रम का कोई शॉर्ट सर्किट नहीं होता है। पीएम मोदी ने कहा कि देश में आजादी के बाद सत्ता में रहने वाले दल ने कई शॉर्ट कर्ट अपनाये, जिसके कारण भारत के साथ आजाद होने वाले कई देश विकसित हो गये, लेकिन देश पिछड़ गया।

पहले पत्थर लटकते थे, अब काम बोलता है

पिछली सरकारों की कार्य संस्कृति पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम जिसका शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम करते हैं। प्रधानमंत्री ने देवघर हवाई अड्डे की आधारशिला के बाद उद्घाटन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में योजनाओं की घोषणा होती थी, फिर एक दो सरकार जाने के बाद एक-दो पत्थर लगा दिए जाते थे। पत्थर लटकता रहता था, दो-चार सरकारें चलने के बाद कोई और आता, फिर वो ईंट लगाता था, पता नहीं कितनी सरकारें जाने के बाद वो योजना सामने दिखती थी।

मोदी ने देवघर में किया रोड शो

योजनाओं की सौगात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा की नगरी देवघर में रोड शो किया। लोगों ने पीएम मोदी का जबरदस्त स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने 'हर-हर मोदी, घर-घर मोदी के नारे भी लगाए। देवघर एयरपोर्ट में झारखंड को 16 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का सौगात देने के बाद पीएम मोदी बाबा वैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। इसके बाद पीएम मोदी ने देवघर कॉलेज मैदान में अभिनंदन रैली को भी संबोधित किया।

बिहार लोकतंत्र की जननी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार विधानसभा के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में शिरकत करने मंगलवार शाम पहुंचे। उन्होंने शताब्दी स्मृति स्तंभ का उद्घाटन किया, जो बिहार के प्रतीक चिह्न के रूप में विधानसभा परिसर में लगाया गया है। इसके बाद विधानसभा में बने संग्रहालय भवन और अतिथिशाला का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान बिहार के स्वर्णिम 100 साल की लघु फिल्म भी दिखाई गई। इसमें स्मृति स्तंभ के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग कभी कभी बोलते हैं की भारत को लोकतंत्र विदेशी हुकूमत ने दिया। उन्हें बिहार के इतिहास और विरासत पर नजर डालनी चाहिए। बिहार के वैशाली में कब से लोकतंत्र का संचालन हो रहा था। जब दुनिया के अधिकांश क्षेत्र जनतंत्र की समझ विकसित कर रहे थे तब लिच्छवि में गणतंत्र स्थापित था। उन्होंने कहा, 'भारत में लोकतंत्र की अवधारणा उतनी ही प्राचीन है जितना प्राचीन ये राष्ट्र है, जितनी प्राचीन हमारी संस्कृति है। देश के सांसद के रूप में, राज्य के विधायक के रूप में हमारी ये भी ज़िम्मेदारी है कि हम लोकतंत्र के सामने आ रही हर चुनौती को मिलकर हराएं। पक्ष विपक्ष के भेद से ऊपर उठकर, देश के लिए, देशहित के लिए हमारी आवाज एकजुट होनी चाहिए।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजादी के बाद के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो बिहार विधानसभा परिसर में पहुंचेंगे। इससे पहले 3 राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा पाटिल और रामनाथ कोविंद यहां आ चुके हैं। सभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'शताब्दी स्मृति स्तंभ बिहार के गौरवशाली अतीत का प्रतीक तो बनेगा ही, साथ ही ये बिहार की कोटि-कोटि आकांक्षाओं को भी प्रेरणा देगा। बिहार का ये स्वभाव है कि जो बिहार से स्नेह करता है, बिहार उसे वो प्यार कई गुना करके लौटाता है। आज मुझे बिहार विधानसभा परिसर में आने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होने का सौभाग्य भी मिला है। आजादी के बाद इसी विधानसभा में जमींदारी उन्मूलन अधिनियम पास हुआ।

राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देगी शिवसेना

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रपति चुनाव को लेकर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बड़ा फैसला लिया है। उद्धव ठाकरे ने सांसदों की मांग के आगे झुकते हुए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को अपना समर्थन दिया है। इससे पहले महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने भी स्पष्ट रूप से द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान

धर्म संकट

- सांसदों की मांग के आगे झुकते हुए उद्धव ठाकरे ने लिया बड़ा फैसला

किया था। माना जा रहा है कि विधायकों के बाद सांसदों के विद्रोह के डर से उद्धव ठाकरे को महाविकास आघाड़ी से अलग जाकर एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे पहले सोमवार को राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उद्धव ने सांसदों की बैठक बुलाई थी। इसमें शामिल ज्यादातर सांसदों का कहना था कि उद्धव को एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देना चाहिए।

एनसीपी और कांग्रेस से गठबंधन नहीं तोड़ा है इसलिए उन पर विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को वोट देने का दबाव भी था। सांसदों के साथ बैठक में उद्धव ने फैसले के लिए एक या दो दिन का समय मांगा था। उद्धव की बैठक में शामिल हुए शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर ने कहा था, 'वह एनडीए उम्मीदवार हैं लेकिन द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समुदाय से आती हैं और एक महिला हैं। हमें उन्हें अपना समर्थन देना चाहिए- यह सभी सांसदों की मांग है।'

सरकारी विभाग ने कबाड़ बेचकर कमाए 62 करोड़ रुपये

बेंगलुरू। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग ने कबाड़ बेचकर सरकारी खजाने में 62 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान किया है जिसमें अधिकतर इलेक्ट्रानिक्स कबाड़ शामिल था। उन्होंने कहा कि यह स्टार्टअप के लिए एक नया क्षेत्र हो सकता है।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री यहां दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन 'नागरिकों, उद्यमियों और सरकार को सुशासन के करीब लाने' के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, प्रशासनिक सुधार विभाग ने न केवल शासन सुधारों को उपदेश देने तक ही सीमित रखा है, हमने स्वच्छता की पहल की है। हमने केवल कबाड़ बेचकर 62 करोड़ रुपये कमाये हैं। उन्होंने कहा कि यह एक नया स्टार्टअप क्षेत्र है और उम्मीद जतायी कि अगली बार जब स्वच्छता अभियान शुरू होगा तो ऐसे उद्यम होंगे जो आगे आएंगे।

संक्षिप्त खबर

पहली वर्चुअल आई2यू2 शिखर बैठक में भाग लेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। भारत इजरायल, अमेरिका एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गठबंधन आई2यू2 की 14 जुलाई को होने वाली पहली वर्चुअल बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे। बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, इजरायल के प्रधानमंत्री याइर लैपिड और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान भी भाग लेंगे। मुख्यतः आर्थिक विषयों पर सहयोग पर आधारित इस आई2यू2 गठजोड़ ने गत वर्ष 18 अक्टूबर को चारों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में आकार लिया था। शेरपा स्तर पर चारों देशों के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों में आदान प्रदान बढ़ाने को लेकर वातार्लाप होता रहा है। यह गठबंधन मुख्यतः छह क्षेत्रों - पानी, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा में संयुक्त निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है।

राहुल गांधी विदेश रवाना

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी संक्षिप्त निजी विदेश यात्रा पर मंगलवार को रवाना हो गये। सूत्रों ने बताया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष आज सुबह रवाना हुए और रविवार तक लौट सकते हैं। वह 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव तथा संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले लौट सकते हैं। पार्टी ने राहुल गांधी की यात्रा के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी और इसे व्यक्तिगत बताया। राहुल भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों और कांग्रेस के आंतरिक चुनावों पर बृहस्पतिवार को होने वाली पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग नहीं ले पाएंगे।

पुलिस टीम पर आतंकी हमला एएसआई शहीद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लाल बाजार इलाके स्थित पुलिस की नाका पार्टी पर आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमले में एएसआई शहीद हो गए हैं जबकि दो घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। हमले के बाद आतंकी फरार हो गए। इलाके को चारों ओर से घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम लाल बाजार इलाके में गश्त कर रही थी। तभी आतंकियों ने अचानक से टीम पर हमला कर दिया। जवानों पर फायरिंग की गई। उसके बाद आतंकी मौके से फरार हो गए। आतंकी हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने एएसआई मुश्ताक अहमद को शहीद घोषित कर दिया।

ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में सुनवाई आज

वाराणसी। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी प्रकरण में मंगलवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई हुई। प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष ने याचिका की पोषणीयता (मेरिट) पर अपनी दलीलें रखीं। प्रतिवादी पक्ष ने विशेष धर्म उपासना स्थल विधेयक-1991 का उल्लेख कर कहा कि 1947 में आजादी के समय धार्मिक स्थलों की जो स्थिति थी, उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। अदालत में प्रतिवादी पक्ष की दलीलें पूरी होने के बाद वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने भी अपनी बात रखी। अधिवक्ताओं ने कहा कि उनका वाद सुनवाई योग्य है और इस पर विशेष धर्म उपासना स्थल विधेयक-1991 लागू नहीं होगा। नमाज पढ़ने से कोई जगह मस्जिद नहीं हो जाती है। जिला जज डॉ. विश्वेश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि बुधवार को भी सुनवाई होगी। सुनवाई में वादी पक्ष भी अपनी दलीलें पेश करेगा।

स्थानांतरण में गड़बड़ी पर सीएम योगी सख्त!

जांच

- कमेटी गठित कर दिए जांच के निर्देश, अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने तबादलों में गड़बड़ी और पशुपालन विभाग में हुए घोटाले पर कड़ा रुख अपनाया है। सीएम योगी ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग में हुए ट्रांसफर प्रक्रिया में गड़बड़ी का संज्ञान लिया है। इसके साथ ही आईएएस अफसरों की कमेटी बनाकर पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिन्हे दो दिन में रिपोर्ट सौंपनी होगी। बताया जा रहा है की जल्द ही उन अधिकारियों पर गाज गिर सकती है, जिन्होंने मनमानें ढंग से स्थानांतरण किए हैं। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने करीब 50 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच अपर मुख्य सचिव को सौंपी है। आरोप है कि विभाग के अधिकारियों ने दवाई और उपकरणों की खरीद दोगुना दाम पर की है। सीएम योगी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तबादलों में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद 3 आईएएस अफसरों की कमेटी को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने जताई थी नाराजगी

स्वास्थ्य विभाग में बीते 30 जून को हुए तबादलों को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जताते हुए ट्रांसफर नीति का पालन न होने की बात कही थी। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद की अगुवाई में हुए तबादलों पर डेप्युटी सीएम ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जताते हुए पत्र लिखा था। जिसमें तमाम तरह की गड़बड़ियां सामने आने की बात कही गई थी। इस पर सीएम योगी ने रिपोर्ट तलब की है।

बारिश से गुजरात व महाराष्ट्र में भारी तबाही, 139 की मौत

आपदा

- गुजरात के 174 गांवों में बिजली आपूर्ति ठप, स्कूल-कॉलेजों में अवकाश, 388 सड़कों पर यातायात बंद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

देश के कई राज्यों में हो रही बरसात से हालात खराब हो गए हैं। गुजरात और महाराष्ट्र में हाहाकार मचा हुआ है। गुजरात के कम से कम 6 जिलों में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने केंद्र की ओर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। 20 से अधिक राज्यों में बारिश हो रही है। गुजरात में अब तक 63 लोगों की मौत हो चुकी है। महाराष्ट्र

में एक जून से अब तक बारिश और बाढ़ से हुए हादसों में 76 लोगों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में ही 9 लोगों की जान गई है। मध्यप्रदेश में बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई है।

गुजरात में भारी बारिश के कारण 174 गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बाढ़ से सबसे ज्यादा नवसारी और वलसाड जिले प्रभावित हैं। एनडीआरएफ और एडीआरएफ की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव का काम कर रही हैं। अब तक 9000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। स्कूल-कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों तक गुजरात में भारी बारिश की संभावना जताई है। फिलहाल एनडीआरएफ की 13 और एसडीआरएफ की 16 प्लाटून तैनात की गई हैं। वडोदरा से एनडीआरएफ की एक प्लाटून मदद के लिए छोटा उदयपुर भेजी गई है। राज्य में भारी बारिश के कारण 388 सड़कें बंद हैं।

गोटबाया राजपक्षे ने किए त्यागपत्र पर हस्ताक्षर

सियासत

- मुख्य विपक्षी पार्टी के नेता साजिथ प्रेमदासा बन सकते हैं श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बीते सोमवार को ही अपने त्यागपत्र पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसे बुधवार 13 जुलाई को सावर्जनिक घोषणा के लिए संसद अध्यक्ष को सौंपा जाएगा। राष्ट्रपति ने त्याग पत्र पर हस्ताक्षर किए और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी को सौंप दिया, जो इसे संसद अध्यक्ष को सौंपेंगे। अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने, जिन्हें पत्र के बारे में सूचित किया गया है, कल गोटबया के कार्यकाल को समाप्त करते हुए एक सार्वजनिक घोषणा करेंगे। गोटबाया के इस्तीफे की सार्वजानिक रूप से घोषणा होते ही विक्रमसिंघे बुधवार को अस्थायी अवधि के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। वहीं अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने एक बयान में कहा कि, 'पार्टी नेताओं ने 20 जुलाई को संसद में एक वोट के माध्यम से एक नए राष्ट्रपति का चुनाव करने का फैसला किया था।' श्रीलंका की मुख्य विपक्षी पार्टी अपने नेता साजिथ प्रेमदासा को देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में नामित करेगी। श्रीलंकाई विपक्षी पार्टी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रेमदासा ने बताया कि उनकी पार्टी और सहयोगी इस बात पर सहमत हैं कि यदि राष्ट्रपति पद खाली होता है तो 'मैं उसके लिए नामांकन करूं।' प्रेमदासा 2019 में राष्ट्रपति चुनाव हार गए थे।

विस्तृत खबर पृष्ठ 12 पेज पर

सुनवाई ऐसा लग रहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस निष्पक्ष जांच प्रक्रिया को अपनाना ही नहीं चाहती : उच्च न्यायालय

यूपी पुलिस को हाई कोर्ट की कड़ी फटकार

कोर्ट ने कहा...

- क्या पुलिस अभी तक अपडेट नहीं हुई है, या कानून का पालन नहीं करना चाहती है?

प्रयागराज, प्रात : किरण संवाददाता

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रयागराज, रामपुर और अलीगढ़ के तीन अलग-अलग आपराधिक मामलों में पुलिसिया जांच पर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने पुलिसिया जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार ने सीआरपीसी की धारा 161 के तहत निष्पक्ष जांच के लिए ऑडियो-वीडियो के जरिए बयान लेने की व्यवस्था की है तो पुलिस अभी तक क्यों लेखबद्ध बयान तक सीमित है? क्या पुलिस अभी तक अपडेट नहीं हुई है? या वह कानून में हुए संशोधन को

अपनी दैनिक जांच प्रक्रिया में शामिल नहीं करना चाहती है जबकि, राज्य सरकार ने ऑडियो-वीडियो के जरिए बयान लेने की व्यवस्था 2009 में ही लागू कर दी है। हाई कोर्ट ने कहा कि आपराधिक मामलों की सुनवाई के दौरान दाखिल होने वाली जांच रिपोर्टों को देखकर ऐसा लग रहा है कि पुलिस निष्पक्ष जांच प्रक्रिया को अपनाना ही नहीं चाहती। वह जांच रिपोर्टों को मैनुपलेट (अपनी इच्छानुसार तैयार) करने का इरादा रखती है। इसकी वजह से पुराने ढर्रे पर ही अभी काम किए जा रहे हैं।

पुलिस उठाएगी कदम एडीजी...

- कोर्ट में पेश हुए एडीजी प्रेम प्रकाश ने विभाग की तरफ से कहा कि इस दिशा जल्द ही ठोस कदम उठाया जाएगा और जांच करने वाले अफसरों को जांच के लिए नए नियमों और कानूनों के मुताबिक प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि पुलिस विभाग इस मामले में जो भी कदम उठाए उसकी जानकारी वह अपने हलफनामे पर अगली सुनवाई के दौरान प्रस्तुत करे।

कोर्ट ने मामले में पुलिस अधिकारियों को अपडेट नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और राज्य सरकार से पूछा है कि जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए जाने के लिए वह क्या कदम उठा रही है। कोर्ट ने अलीगढ़ के आकाश, रामपुर के वसीम, प्रयागराज के विवेक सिंह की अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के दौरान पाया कि इन मामले में सीआरपीसी की धारा 161 के तहत बयान ले लिया गया और उसके बाद कोर्ट में 164 का बयान भी हो गया। इसके बावजूद पुलिस ने बयान लेकर केस से आरोपियों का नाम निकाल दिया और धाराएं कम कर उन्हें बदल दिया। पुलिस ने जब कोर्ट में जांच रिपोर्ट दाखिल किया तो जांच रिपोर्ट की भाषाएं एक पैटर्न पर हूबहू हैं। जांच रिपोर्टों में लिखा गया है कि 'आरोपित पर आरोप बखूबी सिद्ध होते हैं' लेकिन उसमें आरोप किन धाराओं में सिद्ध हो रहे हैं, जांच के दौरान क्या-क्या रिकॉर्ड और तथ्य सामने आए यह नहीं लिखा गया है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि तीन अलग-अलग जिलों की जांच रिपोर्ट देखकर यह पता चलता है कि पूरे प्रदेश में जांच रिपोर्ट इसी पैटर्न पर तैयार किया जा रहा है। इससे यह साफ होता है कि पुलिस विभाग 2009 में किए गए संशोधन के बावजूद अभी तक अपने ऑफिसर्स को अपडेट नहीं कर सका है।

इंस्पेक्टर पर कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी

कोर्ट ने प्रयागराज के विवेक सिंह की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बयान के आधार पर आरोपितों के नाम काटने और धाराओं में परिवर्तन करने पर इंस्पेक्टर राज किशोर पर कार्रवाई न करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि इंस्पेक्टर ने इसके पहले भी एक मामले में ऐसा ही किया था। उस पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था।

संक्षिप्त खबरें

शराबी गिरफ्तार

मुंगेर। मुंगेर जिला के हवेली खड़कपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार से हवेली खड़गपुर थाना पुलिस ने नशे में धूत एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने दी है थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के खेरिडीह गांव निवासी करण कुमार नशे में धूत होकर मुख्य बाजार में घूम रहा था इस दौरान उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराया गया तो शराब पीने की पुष्टि हुई इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अरुण इंटरनेशनल स्कूल में इंग्लिश निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

आरा। प्रकाश नगर जीरोमाइल स्थित अरुण इंटरनेशनल स्कूल में इंग्लिश निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विद्यालय में विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक ज्योति प्रकाश द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और प्राइज देकर सम्मानित किया गया।निदेशक ने बताया कि रोशनी एवं आयुष प्रथम स्थान अंजली एवं आशुतोष द्वितीय तथा शम्मी एवं श्वेता तीसरे स्थान पर अपने ग्रुप से विजेता घोषित हुए।इस अवसर पर विद्यालय द्वारा बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

युवाओं का आइकन है तेजस्वी यादव : रामबाबू यादव

रक्सौल। लक्ष्मीपुर स्थित राजद नेता रामबाबू यादव के आवास पर हरदिया, गमरिया, नयका टोला के सैकड़ों युवाओं ने तेजस्वी यादव से प्रभावित होकर राजद का सदस्यता लिए। युवाओं ने कहा कि अगर आज तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होते तो हम बेरोजगार नहीं होते। सदस्यता के दौरान श्री यादव ने कहा कि बिहार में बढ़ती महंगाई अपराध एवं बेरोजगारी से युवा त्रस्त हैं। वर्तमान डबल इंजन के सरकार ने युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है। वर्तमान समय में बिहार के लाखों युवा तेजस्वी यादव के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वाले मनोज राम, शेख मुनाजिर, अनिल ठाकुर, मोहम्मद नौशाद, देवीलाल महतो, मोहम्मद अकरम, श्रीलाल ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

राजस्व संग्रहण में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें सभी विभाग : यशपाल मीणा

चालू वित्तीय वर्ष प्रथम तिमाही में राजस्व संग्रहण की डीएम ने की समीक्षा बैठक

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने अपने कार्यालय कक्ष में आंतरिक संसाधन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित पदाधिकारियों को निदेश दिया कि चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम तिमाही समाप्त हो गया है। सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति को गति दें। जिला परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिला के लिए वार्षिक लक्ष्य 74 करोड़ 18 लाख रुपये निर्धारित है। प्रथम तिमाही के लिए 18 करोड़ 54 लाख का लक्ष्य था। जिसके विरुद्ध प्रथम तिमाही में 17 करोड़ 86 लाख का राजस्व प्राप्त किया गया है। जो लक्ष्य का 90.96 प्रतिशत है।

जिलाधिकारी के यह पूछने पर कि दंड के रूप में कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम तिमाही में अभी तक 1 करोड़ 68 लाख की राशि दंड के रूप में प्राप्त हुई है। बैठक में जिलाधिकारी के प्रश्न पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि अंजानपीर चौक के पास बालू के ट्रैक्टर अब नही लगने दिया जा रहा है। इसके लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक में माप-तौल के पदाधिकारी ने बताया गया कि जून माह के लिए 10.78 लाख का लक्ष्य के विरुद्ध 16 लाख का राजस्व प्राप्त किया गया है। वहीं प्रथम तिमाही के लिए निर्धारित लक्ष्य 32.35 लाख के विरुद्ध 30.88 लाख की प्राप्ति की गई है। जिलाधिकारी ने धर्मकांटा की जांच करने और पूर्व में किये गए जांच का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि नई समितियों की गठन की जा रही है, उसके बाद ही राजस्व की प्राप्ति हो पाएगी। उन्होंने बताया कि 15.62 लाख के पिछले बकाया के विरुद्ध अभी तक 10.32 लाख की वसूली की गई है।

बैठक

- परिवहन, खनन, वन, माप-तौल, निबंधन, वाणिज्य कर, राष्ट्रीय बचत में समीक्षा

कार्यपालक पदाधिकारी राष्ट्रीय बचत ने बताया कि जिला के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय बचत की नौ योजनाओं में कुल 4,72,611 खाते खोले गए हैं। जिसमें बचत खाता 1,35,355 एवं आवर्ती जमा खाता 1,20,176 है। जिला में सुकन्या समृद्धि योजना के कुल 37,196 खाते खोल गए हैं। बैठक में वाणिज्य कर, निबंधन, खनन और वन विभाग के राजस्व प्राप्ति की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी के साथ डीसीएलआर हाजीपुर स्वप्निल एवं सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

टेहटा में अपराधियों ने मछली व्यवसायी को मारी गोली

जहानाबाद। जिले में अपराधियों ने एक बार फिर से बड़ी घटना को अंजाम दिया है। मामला टेहटा ओपी क्षेत्र के टेहटा की है। जहां मछली का व्यवसाय करने वाले राहुल नाम के एक व्यक्ति को अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मार दी। जिसे परिजनों की सहायता से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इधर घायल राहुल मल्लाह के भाई रामाशीष मल्लाह ने बताया कि टेहटा हाई स्कूल के ग्राउंड के समीप मेरा खड़ा था कि उसे मार कर अपराधी फरार हो गये। राहुल की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ऐसे में घटना को अंजाम किसने दिया बता पाना मुश्किल है। इधर चिकित्सक ने बताया कि गोली युवक की छाती में लगी है जो कि हार्ट को टच करते हुए बाहर निकल गई है। युवक की स्थिति गंभीर है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही टेहटा ओपीध्यक्ष धीरज कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने गोली मारने वाले शख्स की पहचान कर ली गई है। जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी।

105वीं जयंती पर याद किए गए पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- बिहार की राजनीति के स्तंभ और युवा पीढ़ी के प्रेरणास्रोत थे सत्येन्द्र बाबू- प्रो. उमाशंकर
- बिहार के विकास में निभाई थी अग्रणी भूमिका: डॉ वीरेन्द्र

पूर्व मुख्यमंत्री, सफल राजनीतिज्ञ के सुनाम पर स्थापित स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज में छोटे साहब के नाम से सुपरिचित बाबू सत्येंद्र नारायण सिन्हा की 105वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) उमाशंकर सिंह ने कहा कि सत्येन्द्र नारायण सिन्हा एक शानदार भारतीय राजनेता थे और बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

प्यार से लोग उन्हें छोटे साहब कहते थे। वे भारत के स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, सांसद, शिक्षामंत्री तथा जेपी आंदोलन के स्तम्भ रहे हैं। युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत रहे सत्येंद्र बाबू ने अपने जीवनकाल में अनेक पदों को सुशोभित किया। वित्तेक्षक डॉ. सुबोध कुमार झा ने कहा कि छोटे साहब ने छठे और सातवें दशक में बिहार की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभायी। इस अवसर पर माल्यार्पण करने पहुंचे हम (से.) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, जदयू के वरीय नेता संजय कुमार सिंह एवं जदयू के जिला सचिव कुंदन कुमार विमल ने कहा कि सत्येन्द्र बाबू ने बिहार के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई। अपने छह दशक के राजनीतिक जीवन में छोटे साहब ने कई मील के पत्थर स्थापित किए। युवाओं और छात्रों को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. गिरिराज शर्मा, डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. ओम प्रकाश वर्मा, डॉ. शालिनी, डॉ. शशिधर गुप्ता, डॉ. बबलु कुमार, डॉ. अनिल कुमार सिंह, शशिभूषण कुमार, रासनारायण भगत, राजीव नयन, नीलम कुमारी, देवब्रत, ब्रजेश कुमार, प्रीति कुमारी, रामनाथ सिंह, गीता कुमारी, रंजन कुमार, राजीव कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अंजनी कुमार, विकाश कुमार, गौरव कुमार, संटू कुमार, निरंजन प्रसाद, चंदन कुमार, बिट्टू कुमार, आजाद कुमार इत्यादि ने उपस्थित होकर सत्येंद्र बाबू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

विवेक मोहन ने पुनः संभाला सहायक लेखापाल का कार्यभार

जहानाबाद। एसएस कॉलेज में उस पल हर्षपूर्ण वातावरण व्याप्त हो गया जब पूर्व में महाविद्यालय में सहायक लेखापाल के रूप में कार्यरत रहे विवेक मोहन ने पुनः अपना कार्य दायित्व संभाल लिया। ज्ञातव्य हो कि फरवरी माह में राज्य सरकार के आदेशानुसार उन्हें मगध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सेवामुक्त कर दिया गया था। लेकिन इस बीच उच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए न्यायिक स्थगन आदेश के आलोक में उन्हें पुनः बहाल कर दिया गया है। महाविद्यालय परिवार के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों ने फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया और हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ० सुधीर कुमार मिश्र ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि विवेक मोहन की पहचान सदैव से कर्तव्यनिष्ठ कर्मी की रही है और मुझे पूरा यकीन है कि वो आगे भी अपने विशिष्ट पहचान को नया आयाम देने मे सक्षम और सफल सिद्ध होंगे। इस अवसर पर शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री रामजीवन पासवान, पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो० (डॉ०) सुरेन्द्र कुमार, प्रो० (डॉ०) कृष्णानंद, वित्तेक्षक डॉ० श्रीनाथ शर्मा, डॉ० बालभगवान शर्मा, डॉ० श्यामाकांत शर्मा, डॉ० अरुण कुमार, डॉ० विनोद कुमार रॉय, मोतीलाल, सुबोध कुमार सुमन, प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, अमृता कुमारी आदि मौजूद रहे।

कैमूर: स्वच्छता कर्मियों व पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

दुर्गावती, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में ग्राम पंचायत खजुरा , जेवरी , अवहरिया , के स्वच्छता कर्मियों व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छता अभियान बिहार के तहत ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए दूसरे चरण के रूप में काम किया जा रहा है इसमें चयनित कर्मियों के माध्यम से स्वच्छ गांव स्वच्छ पंचायत के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत कचरा प्रबंधन को लेकर चयनित पंचायतों के स्वच्छता दूत एवं पर्यवेक्षको को एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता दुर्गावती प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार दुर्गावती प्रखंड समन्वयक कोऑर्डिनेटर प्रमिला कुमारी प्रशिक्षण राज्य साधन सेवी संदीप श्रीवास्तव के साथ खजुरा पंचायत के मुखिया संजय मल्होत्रा शामिल रहे । प्रशिक्षण के दौरान सफाई कर्मियों को वार्ड स्तर पर डोर टू डोर कचड़ा उठाने का उपाय एवं रूट मार्च तैयार किए जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

सेरथुआ गांव के पाइन से बस चालक का मिला शव

जहानाबाद। टेहटा ओपी के सेरथुआ गांव के समीप पाइन से एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बुधन यादव पाई विगहा गांव का रहने वाला था, जो सेरथुआ गांव मे रहकर बस चलाने का काम करते थे। वही मंगलवार के दिन घर वालो को फोन पर सूचना मिली के बुधन यादव का शव सेरथुआ पईन में तैर रहा है। जिसके बाद आनन-फानन में परिजन पाई विगहा से टेहटा ओपी के सेरथुआ गांव पहुँचे। वही ग्रामीणों ने इस बात की सूचना टेहटा ओपी की पुलिस को भी दिया। सूचना पाकर टेहटा ओपी की पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। आक्रोशित लोगों ने मृतक की हत्या का आषंका जताते हुए शव को एनएच 83 पर रख कर हंगामा करने लगे और सही जांच और मुआवजे की मांग करने लगे। वही घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ असोक कुमार पांडेय सेरथुआ गांव पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराते हुए घटना की पूरी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ, और शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए।

सात दोस्तों से भरी स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

बोचहां ,प्रात :किरण संवाददाता

- देव घर दर्शन करते हुए तारापीठ दर्शन करने के बाद अपने घर लौटते समय हुआ हादसा

देव घर दर्शन करते हुए तारापीठ दर्शन करने के बाद अपने घर शर्फुद्दीनपुर ,मुजफ्फरपुर लौट रहे सात दोस्तों से भरा स्कार्पियो झारखंड के पत्ता बारी दुमका में एक्सीडेंट कर गया। इस घटना मे चालक सहित सात लोग बुरी तरह घायल हो गए जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र शरफुद्दीनपुर गांव निवासी संजय कुमार चौधरी, सन्नी कुमार मान विशुनपुर गांव निवासी अशोक पंडित, रोशी गांव निवासी मुन्ना राय चालक, सहित 7 लोग स्कॉर्पियो से देव घर दर्शन करने के लिए रविवार को निकले थे देर शाम तारापीठ दर्शन करने के बाद घर के लिए निकल पड़े सोमवार की रात झारखंड के पत्ता बारी दुमका में एक्सीडेंट हो ने से गाड़ी गहरे खाई में गिरी स्कॉर्पियो जिसमें चालक सहित सवार सात यात्री बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया उसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां पर इलाज के दौरान शरफुद्दीनपुर गांव निवासी 45 वर्षीय संजय कुमार चौधरी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

देर शाम शव पहुंचने से परिजनो में चीख पुकार मच गई, मृतक के बड़े भाई श्याम लाल चौधरी, मनोज कुमार चौधरी, अन्य का रो रो कर बुरा हाल है गांव में मातम सा छा गया है वही व्यवसाय संघ के अध्यक्ष त्रिपुरारी चौधरी ने शरफुद्दीनपुर के दुकानदारों से एक दिन दुकान बंद कर ने की बात कही है। मृतक का शरफुद्दीनपुर में पान दुकान के साथ जर्नल स्टोरी भी है इसलिए भी दुकानदारों ने अपने साथी से बिछड़ने के गम में दुकान बंद करने की बात कही है।

समाज सुधार अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की बैठक

रामपुर(कैमूर) । जिला पदाधिकारी कैमूर के आदेशानुसार समाज सुधार अभियान के तहत, प्रखंड क्षेत्र के सभी सोलह हजार घरों में फोल्डर उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। जिसके संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार पाठक द्वारा बैठक कर सभी विकास मित्र, किसान सलाहकार, आवास सहायक, पंचायत सचिव सभी को आदेश देते हुए कहा गया, कि जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में समाज सुधार अभियान के तहत क्षेत्र अंतर्गत सभी सोलह हजार घरों में फोल्डर का वितरण करना है। साथ ही समाज सुधार अभियान की पूरी जानकारी उक्त सभी कर्मियों को दिया गया।श्री संजय कुमार पाठक द्वारा बैठक में सभी वार्ड के लिए टीम का गठन किया गया। तथा सभी टीम को दायित्व दिया कि आवंटित वार्ड के सभी घरों में समाज सुधार अभियान से संबंधित फोल्डर का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है, कि अपने स्तर से समाज सुधार अभियान से संबंधित फोल्डर के वितरण का सशक्त अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षक करना सुनिश्चित करेंगे और साथ ही वितरण फोल्डर के दैनिक प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला परिषद की बैठक में उठी पशुगडात बनाने की मांग

आरा, प्रात : किरण संवाददाता

जिला परिषद की साधारण बैठक में सहार पूर्वी की जिला परिषद पार्षद मीना कुमारी ने पर्यावरण के दृष्टिकोण से कब्रिस्तान की तर्ज पर जिले के प्रत्येक पंचायतों में पशुगडात बनाने की मांग उठाई ताकि सड़कों किनारे फेंके जा रहे मृत पशुओं को एक निश्चित स्थान पर जमीन के अंदर गड़ा जा सके और दुर्गंध से आवागमन की लोगों में परेशानी नहीं झेलनी पड़े। उन्होंने सहार के विकास के मामले में और अनुआ से कोरनडिहरी तथा एकवारी को पूर्णरूपेण सड़क मार्ग से जोड़ा जा सके वहीं अबगीला से सहार की जर्जर सड़क का निर्माण की मांग की साथ ही कोरनडिहरी टोला को नासरीगंज सकड्डी मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए नहर में पुलिया बनाने की मांग भी ग्रामीण कार्य विभाग से की गई।

चेतना व दूरदर्शिता के अभाव में शहर बना नरक: प्रहलाद

जहानाबाद। नगरपरिषद की ओर से मानसून से पहले गंदे बरसाती पानी निकासी नाले की सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन समस्या दूर नहीं हो पा रही है। हर बार कि तरह इस बार भी शहरवासियों को समस्या से जूझना पड़ सकता है। क्योंकि नगर परिषद ने नाले की सफाई नहीं करवाई है। हर जगह नाले में गाद जमा है तथा बारिस के कारण नाले के ओवरफ्लो होने की आशंका बनी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद भारद्वाज ने नगर परिषद कार्यपालक कुमार ऋत्विक से मिलकर नगर की नारकीय स्थिति से अवगत करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। इन्होंने बताया कि शहर के अधिकांश वार्डों, मुख्य बाजारों एवं कॉलोनियों में पक्का नाला नही बना हुआ है या जहाँ बना हुआ भी है वहाँ जाम रहने के कारण पानी निकासी नही होती है। नगरपरिषद हर साल करीब सवा तीन करोड़ रुपये शहर की साफ सफाई पर खर्च करवाती है। प्री मानसून की बरसातें शुरू होने को है, लेकिन अभी तक नाले की सफाई नहीं करवाई गई। कई जगहों पर तो सफाई का बुरा हाल है।

डीएम ने एंबुलेंस सेवा को हरी झंडी दिखा स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए किया रवाना

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- एम्बुलेंसों के परिचालन से आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा में होगा गुणात्मक सुधार: रिची
- कहा, राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जिले को उपलब्ध कराया गया है 6 एंबुलेंस

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये 6 एंबुलेंस सेवा (102) को हरी झंडी दिखाकर संबंधित स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले को 102 एम्बुलेस सेवा के लिए 06 एम्बुलेस राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना द्वारा उपलब्ध कराया गया है, जिसमें 03 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस हैं तथा 03 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस हैं।

उन्होंने बताया कि इन एम्बुलेंसों के परिचालन से आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा में गुणात्मक सुधार होगा तथा आम लोगों को इससे लाभ मिलेगा। साथ हीं ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों के मरीजों को समय सीमा के अंदर आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा उपलब्ध होने से काफी सहूलियत होगी। इस पहल से मरीजों को उच्चतर इलाज की सुविधावाले अस्पतालों में ले जाने में काफी सुविधा होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती माताओं, बीमार शिशुओं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों की इससे तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध हो सकेगी। जिले में अब कुल 17 सरकारी एम्बुलेंस है, जिससे लोगों को काफी सहायता होगी।

जिले में बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर विधायक ने जताई चिंता

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- जिले में पूरी तरह चौपट हो चुकी है कानून व्यवस्था:सुदय
- कहा, अविलंब अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाएं पुलिस

जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है, जिसके चलते आम आदमी में भय का माहौल बना हुआ है। उक्त बातें स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने प्रेस वयान जारी कर कहा। जिले में आए दिन हत्या एवं लूट की घटनाए घट रही है। मंगलवार को मखदुमपुर थाना क्षेत्र के टेहटा में दिनदहाड़े एक व्यक्ति को गोली मार घायल कर दिया। साथ ही सरेथुआ गांव स्थित पईन से एक बस चालक का शव बरामद हुआ है। पिछले दिनों मिश्रविगहा गांव में भी दिनदहाड़े नौरू रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दिया गया। पुलिस अभी तक आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। श्री यादव ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सरकार को चाहिए कि जिले में बिगड़ी कानून व्यवस्था को तुरंत सुधारा जाए। सरकार की जिले के पुलिस प्रशासन पर कोई पकड़ नहीं है, जिससे आए दिन हत्या एवं लूट की घटनाएं घट रही है। श्री यादव ने कहा कि जिले की पुलिस ईमानदार लोगों को लगातार फंसाने का काम कर रही है। भू-माफिया, हत्यारे एवं लूटेरे सरेआम शहर में घूम रहे हैं। लेकिन जिले की पुलिस हाथ पर हाथ धर कर बैठी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अविलंब जिले में लगातार घट रही अपराधिक घटनाओं पर अंकुष लगाने की बात कही। इधर राजद जिलाध्यक्ष महेष ठाकुर, प्रधान महासचिव परमहंस राय, प्रवक्ता डॉ शषिरंजन, बैकुण्ठ यादव, धर्मपाल यादव सहित कई राजद नेताओं ने भी जिले में बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है।

कांवरियों की सुविधा - सुरक्षा और सुगम यात्रा में उपलब्ध रहेंगी सभी जरूरी व्यवस्था : डीएम

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- कांवर यात्रा के दौरान हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच पर डाइवर्ट होगी यातायात
- हाजीपुर से गोरौल के बीच 18 स्थानों पर मेडिकल कैंप और सहायता शिविर

शुक्रवार से शुरू हो रहे श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवरियों के पहलेजा घाट से गंगा जल के साथ हाजीपुर होते हुए मुजफ्फरपुर बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक किए जाने की संभावना है। इसे लेकर जिलाधिकारी यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक मनीष ने कांवरियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्था उपलब्ध कराने का निदेश दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष कांवर यात्रा को सुगम बनाए रखने के लिए यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। इसके तहत श्रावण माह के प्रत्येक शनिवार को सुबह 6 बजे से लेकर सोमवार की शाम 2 बजे तक हाजीपुर से मुजफ्फरपुर जाने वाली कांवरियों के वाहन, एंबुलेंस एवं अग्निशमन वाहन को छोड़कर सभी प्रकार के चार पहिया वाहन हाजीपुर में रामाशीष चौक से नए ओवर ब्रिज होते हुए अंजानपीर, लालगंज, वैशाली, सरैया होकर मुजफ्फरपुर जाने के लिए डाइवर्ट रहेगा। थानाध्यक्ष नगर एवं सदर को निदेश दिया गया है कि अपने थाना क्षेत्र में अंजानपीर चौक एवं बीएसएनएल गोलंबर के पास वाहनों को ड्रम लगाकर नियंत्रित करेंगे ताकि डाक कांवरियों को अदलबाड़ी रोड होकर मुजफ्फरपुर जाने में परेशानी नही हो। इसके अलावा प्रत्येक शनिवार को शाम 3 बजे से रविवार की रात्रि 12 बजे तक पुराने गंडक पुल से चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों का परिचालन बंद कराने तथा नए गंडक पुल से परिचालन कराने का निदेश दिया गया है। वहीं हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच पथ के बाएं साइड कांवरियों को पैदल चलने के लिए वन-वे करने तथा दाएं साइड से लोकल ट्राफिक तथा कांवरियों के मोटर साइकिल जत्था का परिचालन किया जा सकेगा। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शाम 2 बजे से शुक्रवार को शाम 3 बजे तक सभी वाहन सराय-भगवापुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर नियमित रूप से चलेगें।

जिलाधिकारी ने कांवरियों के ठहरने के लिए समुचित व्यवस्था कराने का निदेश दिया है। इसके लिए हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य एनएच 22 पर हाजीपुर से गोरौल तक प्रत्येक तीन किलोमीटर पर एक-एक 12 अस्थाई छोटा कैंप तथा हाजीपुर प्रखंड परिसर, राय वीरेंद्र सिंह कालेज, एकारा पुल, सराय बाजार, भगवानपुर अड्डा एवं गोरौल थाना के निकट 6 स्थायी कैंप लगाने का निदेश दिया गया है। इन सभी कैंपों में निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति कराने के साथ सभी स्थायी एवं अस्थायी कैंपों में शुद्ध पेयजल, सफाई, शौचालय, मेडिकल टीम की व्यवस्था रखने एवं सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने का निदेश दिया गया है। वहीं सिविल सर्जन को निदेश दिया गया है कि हाजीपुर से सराय एवं सराय से गोरौल तक दो एंबुलेंस आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सक दल के साथ सघन रूप से भ्रमणशील रखेंगें। कार्यपालक अभियंता विद्युत को निदेश दिया गया है कि कांवरिया पथ में कहीं भी विद्युत तार लटका नहीं हो इसकी जांच करा लेंगे तथा इसे ठीक कराएंगे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में कांवरियों से संबंधित सभी सड़कों पर पुलिस बल, दफादार एवं चौकीदार के साथ गश्ती कार्यरत रखेंगे तथा स्वयं भी भ्रमणशील रहकर स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया गया है।

मुखिया व उपमुखिया का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

कैमूर। जिला के चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मुखिया एवं उपमुखिया का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ। इसकी जानकारी देते हुए चैनपुर बिपिआरो सुशेन्द्र पाल के द्वारा बताया गया कि जिला संसाधन केंद्र से आए प्रशिक्षक शेख अयूब एवं सोनम कुमारी के द्वारा सभी मुखिया एवं उपमुखिया को प्रशिक्षित किए जाने का कार्य किया जा रहा है प्रशिक्षण में पंचायती राज ब्यवस्था ग्राम सभा आपदा इत्यादि कई विषयों पर जानकारी दी जा रही है मुखिया अपने कर्तव्यों का निर्वहन कैसे करें उनका क्या क्या दायित्व है सहित कई बातें प्रशिक्षण के दौरान बताई गई।

कैमूर : बस और ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक छात्रा की मौत, पांच घायल

कुदरा, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत एन एच 2 पछाहगंज डिहरा गेट के समीप उत्तर लेन में ट्रैक्टर और बस की भिड़ंत हो गया, जिससे कि ट्रैक्टर पर बैठी एक छात्रा का मौके पर ही मौत हो गया व पांच छात्रा घायल हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दिन 10:30 बजे के लगभग, छात्रा लछमीना कुमारी पिता संजय चंद्रवंशी, रिमझिम कुमारी पिता भूपेंद्र सिंह, विभा कुमारी पिता हरिहर सिंह, चांदनी कुमारी पिता उमा सिंह, रंजू कुमारी पिता बजरंगी सिंह, संध्या कुमारी पिता मुख लाल सिंह कुदरा से ट्यूशन पढ़कर अपने घर वापस ट्रैक्टर पर बैठकर जा रही थी।

की तेज रफ्तार से आ रहे बस नंबर बी आर 45 पी 4872 से ट्रैक्टर के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर हो गया मौके से ड्राइवर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रैक्टर करीब 100 फीट तक घसीटता चला गया। सभी छात्राएं ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ी। जिससे कि एक छात्रा लछमीना कुमारी का मौके पर ही मौत हो गया। बाकी पांच छात्राएं घायल हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही कुदरा थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार द्वारा, प्रशासनिक कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच, घायल छात्राओं को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा भेजा गया। घायल छात्राओं का औपचारिक इलाज करने के उपरांत तीन छात्राओं को परिजनों के साथ भेज दिया गया। दो छात्रा रिमझिम कुमारी व विभा कुमारी की स्थिति को गंभीर देखते हुए, स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही छात्राओं के ग्राम वासियों व आसपास के लोगों द्वारा, एन एच 2 पर शव रखकर सड़क को जाम कर दिया गया।

और प्रशासनिक कर्मियों से भी नोकझोंक किया जाने लगा। स्थिति को बिगड़ते देख अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियाँ व पुलिस निरीक्षक मोहनियाँ द्वारा, दल बल के साथ मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

कुलदीप सिंह भोगल का तख्त पटना साहिब में हुआ सम्मान

नई दिल्ली। बीते 38 वर्षों से 1984 कत्लेआम पीड़ितों की लड़ाई लड़ते आ रहे कुलदीप सिंह भोगल का तख्त पटना साहिब कमेटी द्वारा सम्मान किया गया। तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ए मस्कीन, अध्यक्ष जत्थेदार अवतार सिंह हित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष एवं धर्म प्रचार के चेयरमैन लखविन्दर सिंह, सचिव हरबंस सिंह खनूजा, सदस्य गुरविन्दर सिंह एवं मीडीया प्रभारी सुदीप सिंह के द्वारा जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल को सिरोपा, कृपाण एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तख्त पटना कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार अवतार सिंह हित ने कहा जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल उनके पुराने साथी भी हैं और उन्होंने 1984 कत्लेआम के दर्द को झेला भी है, इस कत्लेआम के दौरान उनके परिवार का काफी नुकसान भी हुआ मगर कुलदीप सिंह भोगल ने तब से लेकर आज तक पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ी और कातिलों को सजाएं दिलाने हेतु दिल्ली सहित कानपुर और बोकारों में अपने दम पर बिना किसी संस्था के सहयोग से इस लड़ाई को लड़ा और उसी के परिणाम स्वरुप आज कानपुर और बोकारों में भी 38 वर्ष बाद कातिलों को सजाएं होने लगी है। जत्थेदार हित ने कहा पर एक बात का अफसोस है कि आज कई ऐसे लोग जिनका इस संघर्श से दूर दूर तक कोई वास्ता ही नहीं है वह भी इसका श्रेय लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। जत्थेदार अवतार सिंह हित ने कहा कि कुलदीप सिंह भोगल ने तख्त पटना साहिब कमेटी से बोकारो में कातिलों को सजाए दिलाने हेतु सहयोग की मांग की है जिसे मंजूर करते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया कि तख्त साहिब की कमेटी जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल की हर संभव मदद करेगी ताकि कत्लेआम के दोषियों को सजाएं करवाई जा सकें।

बिजली बिलों पर टैक्स लगाना वादाखिलाफी : हाजी गुफरान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा घुमा फिराकर बिलों में टैक्स के नाम पर भार बढ़ाया जा रहा है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल कह रहे है बिजली की कीमतें नहीं बढ़ेगी। यह दिल्ली की जनता के साथ सरासर धोखा और जुमलेबाजी नहीं है तो और क्या है। यह कहना है जनता कालोनी ब्लाक से कांग्रेस अध्यक्ष हाजी गुफरान का। लोगो को संबोधित करते हुए हाजी गुफरान ने कहा दिल्ली सरकार राजधानी वासियों के बिलों पर अनाप -शनाप टैक्स लगाकर वसूल रही है। जो कि अनुचित है, गुफरान कहते हैं केजरीवाल ने जो नारा दिया था बिजली हाफ पानी माफ का क्या हुआ। लोगो की बिजली बिल भारी मात्रा में आ रहे है। गिने चुने लोगो को छोड़ दें लेकिन दिल्ली की बड़ी आबादी बिल चुका रही है और वो भी औसत से अधिक। और चुनावी राज्जयों में लोगो को मुफ्त बिजली देने का वायदा किया जा रहा है। जहां तक पानी का सवाल है इतना गंदा और दूषित होता है कि पीना तो दूर उससे फर्श तक साफ नही किया जा सकता। हाजी गुफरान कहते हैं केजरीवाल जुमलों और झूठ की राजनीति करते हैं। दिल्ली वासियों को अब केजरीवाल की गंदी राजनीति को समझना होगा। बिजली हॉफ नाम पर दिल्ली की जनता से वोट लेकर दिल्ली की जनता के साथ केजरीवाल सरकार धोखा कर रही है। गुफरान कहते हैं इस बार बिजली बिलों पर 4 फीसदी पीपीएसी के नाम पर टैक्स लगा दिया। पिछले महीने बिजली के बिल पर पेंशन टैक्स लगा दिया जब्कि, रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देना दिल्ली सरकार का काम है।

स्कूलों में विद्यार्थियों को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की तैयारियों के लिए फ्री कोचिंग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट को लेकर पिछले दिनों दिल्ली सरकार के विभिन्न स्कूलों में इस परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग प्रदान की एंट्रेंस परीक्षा से पहले, उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को कौटिल्य सर्वोदय विद्यालय, चिराग एन्क्लेव में विद्यार्थियों के एंट्रेंस की तैयारियों के अनुभवों को जानने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनसे बातचीत की।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि,इस साल पहली बार देश में उच्च शिक्षा में दाखिले के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है ऐसे में हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बहुत से विद्यार्थी ऐसे है जो इस एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन पैसे के अभाव में कोचिंग संस्थानों की उच्च फीस नहीं भर सकते है ऐसे में हमारे बहुत से स्कूलों ने अपनी एक अनूठी पहल के तहत ये सुनिश्चित किया है कि एंट्रेंस टेस्ट देने के इच्छुक छात्रों को स्कूली स्तर पर ही पर्याप्त सहायता प्रदान की जाए, ताकि उन्हें वित्तीय कारणों से अपने सपनों को छोड़ना न पड़े।

इस अनूठे पहल को लेकर दक्षिणी-पूर्वी जिले के स्कूलों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने साझा किया कि यहां के स्कूलों में लगभग 5000 विद्यार्थियों के लिए 20 दिनों की उवएळ की प्रीप्रेटरी क्लासेज का आयोजन किया गया, जो इन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के उनके सपनों को कॉलेजों के करीब ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की इस पहल के तहत छात्रों को 13 से अधिक विषयों की तैयारी में मार्गदर्शन किया गया। इसके साथ ही उन्हें ऑनलाइन मॉक टेस्ट सीरीज के जरिए कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट का एक्सपोजर दिया गया। इसके लिए प्रत्येक स्ट्रीम- आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स के लिए मॉक टेस्ट तैयार किए गए थे। इससे बच्चों में टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रेस मैनेजमेंट के स्किल्स आए है और लगातार प्रैक्टिस ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है और छात्रों में परीक्षा के डर को कम किया है।

विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए, उपमुख्यमंत्री ने उन्हें भविष्य में अन्य जूनियर साथियों को भी सपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया, जिन्हें आने वाले साल में इस एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी के लिए गाइडेंस की आवश्यकता हो सकती है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता, प्रधान शिक्षा सलाहकार शैलेंद्र शर्मा, क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक के एस उपाध्याय, शिक्षा उप निदेशक, दक्षिण पूर्वी दिल्ली डॉ संजय चतुर्वेदी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहें कैसे किया गया दिल्ली सरकार के स्कूलों में फ्री प्रीप्रेटरी क्लासेज का संचालन

- स्कूलों के ग्रुप बनाकर कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम की तैयारी के लिए बनाए गए स्पेशलाइज्ड सेंटर

-आर्ट्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर मिली गाइडेंस

-पूरे जिले में सीयूईटी की तैयारी के लिए शुरू किए गए 106 सेंटर

- सब्जेक्ट स्पेसिफिक तैयारियों के साथ विद्यार्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा से भी करवाया गया परिचित क्योंकि ज्यादातर बच्चों को पहले कभी कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा देने का नहीं था अनुभव

-विद्यार्थियों की प्रैक्टिस के लिए कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा के लिए टेक्निकल टीम की मदद से तैयार किए गए 5 ऑनलाइन कंप्यूटर बेस्ड मॉक टेस्ट

- मॉक टेस्ट के रिजल्ट के आधार पर विद्यार्थियों को किया गया वर्गीकृत, शिक्षकों से मिली इंडिविजुअल अटेंशन

- मॉक टेस्ट का तुरंत और आटोमेटिक होता था मूल्यांकन, विद्यार्थियों को अपने वीक एरिया को सुधारने का मिलता था पूरा समय।

दिल्ली देहात में ग्रामीणों को तिरपाल के नीचे पेट्रोल डालकर करना पड़ा अंतिम संस्कार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में बारिश से एक ओर तो लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की। वहीं दूसरी ओर अपनों का अंतिम संस्कार करने शमसान घाट पहुंचे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामला राजधानी दिल्ली के बवाना विधानसभा क्षेत्र के चांदपुर गांव स्थित शमशान भूमि का है। यहां श्मशान भूमि में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। जिसक चलते सोमवार को आई बारिश के दौरान गांववासियों ने डंडों के सहारे तिरपाल तानकर पेट्रोल व तेल से दाह संस्कार किया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दिल्ली सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा रोष है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गांववासी कह रहे हैं कि क्षेत्रीय विधायक और पार्षद को श्मशान भूमि पर सुविधाओं के अभाव की अनेकों बार जानकारी दी गई कि श्मशान भूमि पर कोई शेड नहीं है, जिसके कारण खुले में ही अंतिम दाह संस्कार करना पड़ता हैं लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाए।

ऐसे में सोमवार को बारिश आने पर गांववासियों ने चिता के उपर डंडों से तिरपाल को शेड का रूप दिया और फिर पेट्रोल व तेल से चिता में आग लगाकर अंतिम संस्कार किया। मजबूरी में इस तरह किए गए अंतिम संस्कार के बाद गांववालों का कहना है कि दिल्ली सरकार के मंत्री हो या विधायक विकास कार्यों के दावे तो खूब करते हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

विरोधी गिरोह के सफाये का निर्देश पाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर गिरोहों के बीच संभावित लड़ाई को टाल देने का दावा किया है जिसे गैंगस्टर नीरज बवानिया और उसके गिरोह के सदस्यों का सफाया करने का कथित रूप से निर्देश दिया गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रोहित उर्फ लांबा (30) अशोक प्रधान-नीतू डाबोडिया गिरोह से जुड़ा है एवं वह दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा में 20 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। अधिकारियों ने दावा किया कि लांबा 2017 में बवानिया के चाचा गैंगस्टर काला आसोदिया की हत्या में भी शामिल था। तब आसोदिया को झज्जर अदालत में पेश किया जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फिलहाल जेल में बंद अशोक प्रधान ने अपने साथियों के मार्फत लांबा तक हथियार पहुंचाए थे। उनकी योजना थी कि अदालत में पेश करते समय बवानिया या उसके गिरोह के किसी सदस्य को मार डाला जाए। पुलिस उपायुक्त (अपराध) रोहित मीणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लांबा को सात जुलाई को उत्तम नगर में पकड़ा गया। वह नजफगढ़ का रहने वाला है। मीणा के अनुसार, आरोपी लांबा के पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस जब्त किए गए हैं और पता लगाया जा रहा है कि उसके पास हथियार कहां से आया। उनके मुताबिक, लांबा नजफगढ़ में हत्या के प्रयास के एक मामले में कथित रूप से शामिल था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 जनवरी को लांबा ने अपने साथियों के साथ मिलकर नजफगढ़ के निवासी दुर्गा सिंह पर गोलियां चलायी थीं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था लेकिन लांबा एवं उसके साथी फरार हो गये थे।

वेद प्रकाश बेदी टीम के साथ मिले मल्लिकार्जुन खड्गे से

नई दिल्ली। न्यू सीमा पुरी ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष वेद प्रकाश बेदी ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे से मुलाकात की। और अपने क्षेत्र के बारे में विस्तार से चर्चा की। श्री खड्गे ने सभी की बाते बड़े ध्यान से सुनीं। श्री बेदी ने बताया खड़गे सहाब बहुत ही मिलनसार, उच्च कोटि के लीडर हैं जो हर वक्त पार्टी हित के लिए ही सोचते हैं। कांग्रेस पार्टी के सबसे अनुभवी लीडर होने के नाते मल्लिकार्जुन खडगे पर पार्टी को मजबूत करने के लिए दायित्व भी सबसे ज्यादा है। आज मुलाकात के दौरान भी श्री खडगे ने पार्टी के इस बुरे दौर में सबको पार्टी के लिए मिलकर काम करने की बात कही व कहा कि आज पार्टी संघर्ष कर रही है जल्दी ही राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पूरी ताकत के साथ खड़ी होगी एवं जनता द्वारा दिये गये जनादेश के साथ देश को फिर संभालेगी। झूठ, फरेब के बल पर शासित अहंकारी सरकार से देश को छुटकारा जल्दी ही मिलेगा। इसलिए आप अपने हौंसले कमजोर न होने दें।

न्यायालय ने जुबैर की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में कथित रूप से धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ दर्ज एक मामले में उनकी अंतरिम जमानत अगले आदेश तक बढ़ा दी है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की एक पीठ को बताया कि वे सीतापुर में दर्ज प्राथमिकी खारिज करने को लेकर मोहम्मद जुबैर की ओर से दायर याचिका के खिलाफ एक हलफनामा दाखिल करना चाहते हैं।

राजू ने कहा कि जुबैर को मामले में जमानत दी जा चुकी है, हलफनामा दाखिल करने के वास्ते समय मांगने के अनुरोध पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

जुबैर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा कि उनके मुवक्किल को अवकाशकालीन पीठ ने पहले ही मंगलवार तक अंतरिम जमानत दे दी है और वह इसके खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दाखिल किए जाने वाले हलफनामे पर भी अपना जवाब दाखिल करना चाहेंगे।

इसके बाद, पीठ ने पत्रकार जुबैर की याचिका को अंतिम सुनवाई के वास्ते सात सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया और उत्तर प्रदेश सरकार से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि जुबैर की ओर से अगर कोई प्रत्युत्तर दाखिल किया जाना है, तो वह उन चार सप्ताह के बाद दो सप्ताह के भीतर उसे दाखिल करें।

शीर्ष अदालत द्वारा जुबैर को दी गई राहत का फिलहाल कोई असर नहीं होगा क्योंकि वह एक अन्य मामले में दिल्ली की एक अदालत के आदेश के मुताबिक न्यायिक हिरासत में हैं।

वहीं, दिल्ली की एक अदालत मंगलवार को ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की जमानत याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमत हुई।

मामला जुबैर के 2018 में किए एक आपत्तिजनक ट्वीट से जुड़ा है। उन पर आरोप है कि अपनी पोस्ट के जरिए उन्होंने एक हिंदू देवता का अपमान किया। दिल्ली पुलिस ने 27 जून को जुबैर को एक ट्वीट के जरिए धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

दिल्ली पुलिस ने जुबैर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) और 201 (सबूत नष्ट करना) और विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम की धारा 35 के नए प्रावधान लागू किए हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक हिंदू देवता के खिलाफ 2018 में पोस्ट किए गए एक कथित आपत्तिजनक ट्वीट से संबंधित एक मामले में जुबैर की पुलिस रिमांड की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली पुलिस से एक जुलाई को जवाब मांगा।

हॉउस टैक्स समस्याओं को ले निगम अधिकारीयों से की भेंट

नई दिल्ली। आज ईस्ट दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसीएशन का प्रतिनिधिमंडल निगम हेडक्वार्टर सिविक सेंटर में संपत्तिकर विभाग के कर निर्धारण एवं समाहर्ता गोपाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमंडल में डॉ अनिल गुप्ता, राकेश बंसल, संजय गोयल, नरेंद्र छाबड़ा व विनीत जैन शामिल हुए बैठक में पूर्वी दिल्ली में हाउस टैक्स की विसंगतियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें कई विषयों पर सहमति बनी जिनमें पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में आने वाले औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी हाउस टैक्स कैटिगरी में बदलाव लाना तथा 15 प्रतिशत छूट को कुछ दिन और आगे करने पर सहमति भी बनी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आज की बैठक में यह विश्वास दिलाया गया है कि पूर्वी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों मेंनिगम के एकीकरण के बाद से हाउस टैक्स की दरें कई गुणा बढ़ गई थी उसमें केटिगिरी में बदलाव ला कर काफी हद तक राहत दी जाएगी और इस विषय में अधिसूचना जल्द जारी करने का आस्वाशन दिया।

हमारे स्कूल प्रमुख दिल्ली की शिक्षा क्रांति का आधार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

हमारे स्कूल प्रमुख दिल्ली की शिक्षा क्रांति का आधार है, इन्हें अपने एडमिनिस्ट्रेटर की भूमिका को नया रूप देते हुए स्कूल की तरक्की के लिए स्कूल लीडर के रूप में उभरने की जरुरत है उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने ये बातें दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली के स्कूल प्रमुखों के लिए आयोजित किए जा रहे 4 दिवसीय लीडरशिप व मैनेजमेंट ट्रेनिंग के दौरान कही श्री सिसोदिया ने कहा कि हमारे स्कूल प्रमुखों ने स्कूल में एक एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में अपनी भूमिका को बखूबी निभाई है, स्कूल की सभी जरूरतों का ध्यान रखते हुए उसे टॉप क्लास बनाने का काम किया है उसी का नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के स्कूलों की चर्चा देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हो रही है

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल प्रमुख स्कूल में बतौर मुखिया अपनी भूमिका निभाते है और उनकी पर्सनालिटी, आचार-व्यवहार उस स्कूल के इकोसिस्टम में देखने को मिलता है और कही न कही बच्चों को भी प्रभावित करता है ऐसे में ये बेहद जरुरी है कि एक स्कूल लीडर के रूप में हमारे स्कूल प्रमुखों का बच्चो के प्रति प्यार व विश्वास हो, वे सांस्कृतिक विविधता को न केवल समझे बल्कि उनका सम्मान भी करें और बच्चों व टीचर्स के लिए प्रेरणास्रोत बने स्कूल प्रमुखों के ये गुण पूरे स्कूल में परिलक्षित होंगे और यही हमारे स्कूलों को विश्वस्तरीय शिक्षा की राह में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

दिल्ली सरकार द्वारा अपने स्कूल प्रमुखों को आईआईएम से लीडरशिप व मैनेजमेंट ट्रेनिंग दिलवाती है इसपर चर्चा करते हुए श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपने स्कूल प्रमुखों को आईआईएम से किसी पारंपरिक ट्रेनिंग न दिलवाकर दिल्ली सरकार के स्कूलों की जरूरतों को देखते हुए खास ट्रेनिंग प्रोग्राम विकसित करवाई उन्होंने कहा कि ठीक उसी तरह हमारे स्कूल प्रमुखों को अपने स्कूल की हर जरुरत चाहे वो एडमिनिस्ट्रेटिव हो या अकेडमिक उसकी पहचान करें और स्कूल लीडर के रूप में सभी स्टेकहोल्डर्स को साथ लाकर उसपर काम करें

ट्रेनिंग प्रोग्राम के विषय में साझा करते हुए श्री सिसोदिया ने कहा कि राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्(एससीईआरटी), दिल्ली द्वारा समय-समय पर सभी डिस्ट्रिक्ट के स्कूल प्रमुखों के कैपेसिटी बिल्डिंग व एडमिनिस्ट्रेटिव और लीडरशिप स्किल्स को और बेहतर करने के लिए इस प्रकार की ट्रेनिंग का आयोजन किया जाता है इन कार्यक्रमों ने दिल्ली में एजुकेशन इकोसिस्टम को बेहतर करने का काम किया है साथ ही दिल्ली सरकार के स्कूलों में एजुकेशनल लीडरशिप का माहौल तैयार करने में भी मदद की है

उल्लेखनीय है कि इस मौके पर शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता, प्रधान शिक्षा सलाहकार शैलेन्द्र शर्मा, निदेशक एससीईआरटी रजनीश कुमार सिंह, अतिरिक्त शिक्षा निदेशक रीता शर्मा सहित शिक्षा विभाग व एससीईआरटी के अन्य उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

एनएसयूटी में इस वर्ष पांच नए स्नातकोत्तर कोर्स की शुरूआत, 25 जुलाई पंजीकरण की अंतिम तारीख

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) में इस सत्र से पांच नए दो वर्षीय स्नातकोत्तर कोर्स की शुरूआत की जा रही है। इसमें एमएससी मैथ्स, एमएससी फिजिक्स, एमएससी केमिस्ट्री, एमए इंग्लिश लिटरेचर, लैंग्वेज एंड कम्युनिकेशन और एमए एप्लाइड फिजियोलाजी कोर्स शामिल है। इन सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाखिला होगा। पाठयक्रमों में पंजीकरण की आनलाइन प्रकिया पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की आनलाइन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 25 जुलाई पंजीकरण की अंतिम तारीख है।

एमए इंग्लिश लिटरेचर, लैंग्वेज एंड कम्युनिकेशन और एमए एप्लाइड फिजियोलाजी कोर्स में 30-30 सीटें रखी गई है, जबकि एमएससी मैथ्स, एमएससी फिजिक्स, एमएससी केमिस्ट्री कोर्स में 60-60 सीटें है। इन मानक को पूरा करने पर मिलेगा दाखिला एमएससी पाठ्यक्रमों की बात करें तो उसमें वही विद्यार्थी दाखिले के लिए आवेदन दे सकते हैं, जिन्होंने बीएससी में इन पाठ्यक्रम को पढ़ा है और उसमें 55 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

इन पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति, 7.5 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जनजाति, 27 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग व 10 प्रतिशत सीटें ईडब्ल्यूएस विद्यार्थियों के लिए आरक्षित है। इसके अलावा 40 प्रतिशत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पांच प्रतिशत सीटें आरक्षित है। अधिक जानकारी के लिए देख सकते हैं विश्वविद्यालय की वेबसाइट दिल्ली हाईकोर्ट ने नामी इंटरनेट मीडिया कंपनी से मिलते जुलते नाम का इस्तेमाल करने वाले दुकान मालिक पर जुमार्ना लगाया।

पंजीकरण के लिए इच्छुक विद्यार्थी को 1,500 रुपये का भुगतान करना होगा। पाठ्यक्रम से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का रुख कर सकते हैं। जहां तक प्रवेश परीक्षा की बात है, 150 अंक का परीक्षा पत्र होगा, जिसमें 75 वैकल्पिक प्रश्न होंगे। खास बात यह है कि दो घंटे की प्रवेश परीक्षा में कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगी।

सूचना सरकारी जमीन की मिलीभगत कर रजिस्ट्री करवाने पर सब रजिस्ट्रार समेत कई अधिकारियों को किया गया सस्पेंड

सरकारी जमीन को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त करवाने पर लोगों ने स्थानीय विधायक सौरभ भारद्वाज को दिया धन्यवाद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर कैलाश विधानसभा के चिराग दिल्ली इलाके में एक धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में स्थानीय विधायक और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज को चिराग दिल्ली गाँव, शाहपुर जाट गाँव, जमरूदपुर समेत अन्य स्थानीय निवासियों ने सम्मानित और धन्यवाद किया। दरअसल, यह चिराग दिल्ली की एक क ीमती जमीन का मामला था जो बीआरटी की मेन रोड पर पंचशील इलाके में स्थित है। यह जमीन सैकड़ों वर्षों से चिराग दिल्ली गाँव की शामलात जमीन थी और इसके निकट गाँव का श्मशान घाट था। कुछ महीने पहले कुछ शरारती लोगों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर, कागजों में जालसाजी की और, शामलात जमीन (सरकारी जमीन) को रेवेन्यू रिकॉर्ड में अपने नाम लिखवा लिया। साथ ही, कुछ ही हफ़्तों में इस जमीन को हरियाणा की एक पार्टी को बेच दिया और इस सरकारी जमीन की रजिस्ट्री भी करवा ली। इसे लेकर स्थानीय लोगों में, खासकर बुजुर्गों में काफी गुस्सा और नाराजगी थी।

वहीं, कुछ महीने पहले मेन रोड पर करीब 1250 गज जमीन भूमि माफि याओं ने कब्जा कर लिया। भूमाफियाओं ने अवैध रूप से कब्जा की गई इस जमीन की चहारदीवारी करा दी थी और स्थानीय लोगों को डराने के लिए वहाँ पर दूसरे शहरों से लाकर लठैत खड़े कर दिए थे। इस मामले की शिकायत कई विभागों में की गई, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद स्थानीय ग्राम निवासियों ने इसकी शिकायत दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति से की। याचिका समिति में जाँच करने शुरू होने के बाद नए डिविजनल कमिश्नर श्री मीणा ने मामले को गम्भीरता से लिया और जाँच में सहयोग किया। प्रथम दृष्टया पाया गया कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इस सरकारी जमीन पर एक भूमि माफि या का कब्जा हो गया है और रजिस्ट्री भी हो गई है। इसकी जानकारी डीडीए को भी दी गई, जिसकी जमीन पर कब्जा हो गया था। इस मामले में अभी तक दक्षिण दिल्ली ज़िला में आने वाले हौज खास सब रिवीजन के एक रिकॉर्ड एक कानूनगो को और एक सब रजिस्ट्रार को सस्पेंड किया गया है। अभी इस मामले की जाँच जारी है और दो दिन पहले राजस्व विभाग ने डीडीए के साथ मिलकर इस जमीन की चहारदीवारी को गिराकर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया है। साथ ही, दिल्ली विधानसभा की समिति डीडीए को आग्रह किया है कि वे अब इस सेल डीड को निरस्त कराने के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करे।

चिराग दिल्ली के लोगों ने सोमवार शाम को एक स्वागत समारोह रखा जिसमें विधायक सौरभ भारद्वाज को आशीर्वाद दिया और धन्यवाद दिया।

जानकारी

- भूमाफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर 1250 वर्ग गज सरकारी जमीन को पहले अपने नाम कराया

प्रशासनिक सेवा विवाद मामले की सुनवाई के लिए न्यायालय पीठ के गठन को तैयार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र और राष्ट्रीय राजधानी की सरकार की विधायी व कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित मामले की सुनवाई के लिए मंगलवार को पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ का गठन करने के लिए सहमत हो गया। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ से आग्रह किया कि इस मुद्दे पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। सिंघवी ने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण मामला है। कृपया इसे सूचीबद्ध करें। जवाब में प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम करेंगे। छह मई को शीर्ष अदालत ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े मुद्दे को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेजा था। मामले को बड़ी पीठ को सौंपने की मांग कर रही केंद्र सरकार को राहत देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि संविधान पीठ ने प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के सीमित मुद्दे को नहीं निपटाया और सिर्फ कानूनी प्रश्नों पर विस्तृत रूप से सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने कहा था, इस पीठ के पास जो सीमित मुद्दा भेजा गया है, वह सेवाओं शब्द के संबंध में केंद्र और दिल्ली की सरकार की विधायी एवं कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित है। पर इस न्यायालय की संविधान पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 239एए(3)(ए) की व्याख्या करते समय एक भी मौके पर राज्य सूची की प्रविष्टि 41 के संबंध में उस अनुच्छेद के शब्दों के प्रभाव की विशेष रूप से व्याख्या नहीं की। न्यायालय ने कहा था, लिहाजा हम एक आधिकारिक घोषणा के लिए उपरोक्त सीमित मुद्दे को संविधान पीठ के पास भेजना उचित समझते हैं। 239एए का उप-अनुच्छेद 3 (ए) संविधान में दिल्ली के दर्जे और शक्तियों के अलावा राज्य सूची या समवर्ती सूची में उल्लिखित मामलों पर कानून बनाने के दिल्ली विधानसभा के अधिकार से संबंधित है। पीठ ने 28 अप्रैल को केंद्र की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिसमें प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े विवाद को पांच न्यायाधीशों की पीठ के पास भेजने की मांग की गई थी। दिल्ली सरकार ने इस याचिका का कड़ा विरोध किया था। केंद्र सरकार ने प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण और संशोधित जीएनसीटीडी अधिनियम-2021 व कार्य आवंटन नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की दो अलग-अलग याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई करने की भी मांग की थी, जो कथित तौर पर उपराज्यपाल को अधिक अधिकार देते हैं।

लड़की ने तोड़ी दोस्ती तो जामिया नगर में चली गोली

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व जिले के जामिया नगर इलाके में युवती से दोस्ती तोड़ने पर गोली चलने का मामला प्रकाश में आया है। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं। गोली चलने से मौके पर भगदड़ मच गई थी। जामिया नगर पुलिस ने गोली चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से देशी प

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार 13, जुलाई, 2022

संक्षिप्त खबरें

श्याम सुंदर ने पार्क में किया आउटलेट का उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने पार्कों की देखभाल जिसमे पार्कों की सफाई, पोधो में पानी, खाद डालना पार्कों को हरा भरा करने के लिए निगम के 35 पार्कों का जिम्मा एक निजी कंपनी को दिया है जहां कंपनी अपने प्रोडक्ट दूध, घी, मक्खन, दही, आइसक्रीम एवम अन्य प्रोडक्ट बेचने के लिए आउटलेट खोल रही है बदले में कंपनी पार्कों की देखभाल करेगी इसी के अंतर्गत आज आज छठे आउटलेट का उद्घाटन चांद मोहल्ला हाथी वाले पार्क में पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल, पूर्व स्थाई समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, ने रिबन काटकर किया, कंपनी के अधिकारी एवम भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर अनिल गोयल ने नारियल फोड़कर आउटलेट की शुरूआत करवाई।

गांधी, लोहिया और जेपी को मानने वाले समाजवादी धारा में अग्रणी थे ब्रज मोहन तूफान

नई दिल्ली। हिंद मजदूर सभा के पूर्व महामंत्री और जाने माने समाजवादी नेता ब्रज मोहन तूफान की 102वीं जयंती पर हिंद मजदूर सभा मुख्यालय, पुष्पविहार में आज के संदर्भ में ट्रेड यूनियन पर एक चर्चा आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि गांधी, लोहिया और जयप्रकाश के पद चिन्हों पर चलकर ही देश आगे बढ सकता है। इस समय सभी क्षेत्रों में ट्रेड यूनियन की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और मौजूदा सरकार ने तो सभी क्षेत्रों को निजीकरण के रास्ते पर ले जाकर एक प्रकार से देश के साथ खिलवाड़ करने का बीड़ा उठा लिया है। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम तूफान के सौवीं जयंती पर होना था लेकिन कोरोना के कारण इसे आगे बढ़ा दिया गया और आज यह 102 वीं जयंती पर मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक और समाजवादी नेता प्रो राजकुमार जैन, पूर्व सांसद संतोष भारती, जेएनयू के प्रो आनंद कुमार, आईटीएम विश्वविद्यालय के प्रो रमा शंकर सिंह, हिंद मजदूर सभा के महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू, मंजू मोहन, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो अनिल ठाकुर, पूर्व निगम पार्षद राकेश कुमार, महेंद्र शर्मा सहित अन्य कई लोगों ने अपने विचार रखे।

कांवड़ कैम्प के लिए तैयारियां हुई शुरू

नई दिल्ली। ओम शिव सेवा कांवड समिति भजनपुरा ए ब्लॉक के जीरो पाइंट पर कांवड कैम्प के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। रेखा रानी पूर्व निगम पार्षद ने निगम द्वारा जेसीबी बुलाकर ग्राउंड की सफाई करवाकर समतल कराने का काम करवाया गया। उन्होने बताया कि यह कांवड कैम्प वजीराबाद मेन रोड पर स्थित है इस रोड से हजारो भक्त कांवड लेकर गुजरते है। नगर निगम के सहयोग से यहां साफ सफाई का काम करा रहे है। कर्मचारियो को बुलाकर सफाई व्यवस्था के लिए निर्देश दे दिए गए। सभी के सहयोग से बेहतरीन व्यवस्था बनाने की कोशिश है। ओम शिव सेवा कांवड समिति भजनपुरा ए ब्लॉक के अध्यक्ष उम्मेद सिंह ने बताया कि पिछले पच्चीस साल से समिति के माध्यम से कांवडियो की सेवा कर रहे है। कांवड समिति मे काफी सदस्य जुडे हुए है सभी मिलकर सावन के महीने मे कांवडियो की रात दिन सेवा करते है, उनके खाने पीने, चाय नाश्ते से लेकर ठहरने की व सोने की व्यवस्था संभालते है। इसमे महिलाए और बच्चे भी बढचढकर भाग लेते है, और प्रतिदिन भजन कीर्तन भी करते है।

मार्किट एसोसिएशन ने लगवाया वैक्सीन कैम्प

नई दिल्ली। मंडोली रोड मार्केट एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय कोरोना वैक्सीन निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। मार्केट के संगठन मंत्री मुकेश पांचाल ने मंडोली रोड रामनगर में व्यवस्था संभाली। इससे पहले भी मंडोली रोड मार्केट एसोसिएशन की अध्यक्षा बिन्नी वर्मा द्वारा कई बार कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप में वैक्सीन निशुल्क लगाई गई। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने दूसरी एवं तीसरी डोज, बूस्टर डोज लगवाई मुकेश पांचाल ने बताया कि इस पहले भी कई बार कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिनमें दिल्ली कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष सुनील कुमार, जोनी भारद्वाज सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। मुख्य रूप से डॉक्टर नरोत्तम प्रिया यादव सिविल डिफेंस शशिकांत दिक्षित दिनेश कुमार पहुंचे। कार्यक्रम के उपरांत हिंदी मित्र सेवा समिति द्वारा कोरोना योद्धा सराहना पत्र दिए गए इससे पहले भी समिति सैकड़ों कोरोना योद्धा को यह सम्मान प्रशस्ति पत्र दे चुकी है।

करोड़ रुपए खाने के बाद भाजपा की एमसीडी अब दिल्ली में बढ़ा रही है प्रॉपर्टी टैक्स : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार की ओर से दिए गए हजारों करोड़ रुपए खाने के बाद भाजपा की एमसीडी अब दिल्ली में प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ा रही है। पिछले 15 सालों में जितना पैसा एमसीडी के पास आया वह भाजपा के नेताओं की जेब में चला गया। अब फिर से भाजपा नेताओं ने जेब भरने की स्कीम निकाली है। भाजपा शासित तीनों एमसीडी पर केजरीवाल सरकार का करोड़ों रुपयों का लोन बकाया है। पैसा-लोन मिलने के बावजूद एमसीडी ने दिल्ली में कोई काम नहीं किए हैं। केजरीवाल सरकार से हर साल एमसीडी को मिलने वाला फंड बढ़ता गया है। 2010-11 में निगम को मात्र 1465 करोड़ रुपए दिए गए थे जबकि 2021-22 में 6172 करोड़ रुपए दिए गए हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी किसी भी तरह से प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने के प्रयास का पुरजोर विरोध करती है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली वालों से ज्यादा टैक्स वसूलने का काम एलजी को दे दिया गया है। कुछ ही दिनों में दिल्ली वाले नए प्रॉपर्टी टैक्स की मार झेलने वाले हैं। एमसीडी का जब एकीकरण किया गया तो कहा गया था कि अब पैसा केंद्र सरकार से लिया जाएगा, जबकि यह पैसा दिल्ली वालों से टैक्स के रूप में वसूला जाएगा। एमसीडी के अधिकारियों की बैठक में 4 जुलाई को प्रॉपर्टी टैक्स का नया स्ट्रक्चर निश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि एलजी 1 फीसदी शिक्षा सैस बढ़ाकर दिल्ली वालों को एक और तोहफा देने जा रहे हैं। यह टैक्स ईस्ट दिल्ली और नॉर्थ दिल्ली के प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़ा गया है। आरडब्ल्यूए से उपराज्यपाल कह रहे हैं कि यदि 90 फीसदी टैक्स आ गया तो अधिकतम एक लाख का काम उनकी कॉलोनी में करवाएंगे। एलजी ने कॉलोनियों में ऐसा कौन सा काम कराने का सोचा है जो एक लाख में पूरा हो जाएगा। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कालकाजी से विधायक आतिशी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान आप विधायक सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे। आतिशी ने कहा कि पिछले 15 सालों से दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भाजपा ने एमसीडी में जो भ्रष्टाचार किया है उसके बारे में दिल्ली का बच्चा-बच्चा जानता है। दिल्ली के लोगों को नहीं पता है कि एमसीडी का फुल फॉर्म म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ दिल्ली है। अब आम जनता को लगता है कि एमसीडी का फुल फॉर्म मोस्ट करप्ट डिपार्टमेंट है। दिल्ली के हर हिस्से में रहने वाले व्यक्ति को पता है कि जैसे ही उनके घर की पहली ईंट लगती है तो भाजपा के पार्षद और नेता उनसे पैसे की उगाही करने पहुंच जाते हैं। दिल्ली का हर व्यक्ति जानता है कि एमसीडी को कंगाल करके भाजपा के पार्षदों ने अपनी जेबें भरी हैं। पार्षदों की गाड़ियां छोटी से बड़ी हो गई हैं। पार्षदों के मकान बड़ी-बड़ी कोठियों में बदल गए हैं।

भाजपा की एमसीडी ने फ्लाईओवर बनाने से लेकर डेंगू की दवाई खरीद में भ्रष्टाचार किया- आतिशी

भाजपा शासित एमसीडी के भ्रष्टाचार से संबंधित पिछले 2 साल की खबरें दिखाते हुए आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि यह चिट्ठा इतना लंबा है, यदि उसको पढने बैठें तो एक-डेढ़ घंटा भी कम पड़ जाएगा। इस भ्रष्टाचार में रानी झांसी फ्लाइओवर में 175 करोड़ की बजाय 725 करोड़ रुपए खर्च करने, 1400 करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स का घोटाला, डेंगू की दवाईयां ना खरीदने का घोटाला सहित अन्य भ्रष्टाचार शामिल है। यह सिर्फ हम नहीं बल्कि भाजपा के खुद के विधायक अनिल बाजपेयी का बयान आया था कि भाजपा के पार्षदों को पैसे दिए बिना दिल्ली में कोई मकान नहीं बना सकता है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा दिया गया पूरा पैसा-लोन खाने के बाद अब एमसीडी प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने की तैयारी कर रही है। आम इंसान जो ईमानदारी से अपना टैक्स देता है। उसे जो भी कागज-फॉर्म भरने होते हैं, वह एमसीडी के पास जाकर समय से भरके आता है। समय से हाउस टैक्स या कॉमर्शियल टैक्स भरता है। उस आम व्यक्ति पर और बोझ बढ़ जाएगा। लेकिन एमसीडी के काम सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य में कोई भी इजाफा नहीं होने वाला है। जिस तरह से पिछले 15 सालों में जितना पैसा एमसीडी के पास आया है वह गबन होकर भाजपा के नेताओं की जेब में चला गया है। अब निगम फिर से आम जनता को लूटकर भाजपा के नेताओं की जेब भरने की स्कीम निकाली है। आम आदमी पार्टी किसी भी तरह से प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने के प्रयास का पुरजोर विरोध करती है। दिल्ली की जनता पहले से एमसीडी को कई प्रकार के टैक्स देती आई है। टैक्स देने के बावजूद भी 15 से काम नहीं हो रहे हैं।

परेशान छात्रों ने देर से प्रवेश कार्ड आने, जानकारी की कमी की शिकायत की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) करीब आने के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला चाहने वाले छात्रों की शिकायत है कि उन्हें परीक्षा के नये स्वरूप के बारे में जानकारी नहीं है। साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) या सीयूईटी-यूजी का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) 15 जुलाई से 10 अगस्त तक करेगी। सीयूईटी के प्रथम संस्करण के लिये 11 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है। छात्रों का हालांकि कहना है कि एनटीए ने सीयूईटी स्नातक के लिये सोमवार को प्रवेश कार्ड जारी किया है, जो काफी देर से किया है।

दिल्ली की रहने वाली रम्या शुक्ला (18 वर्ष) दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला चाहती हैं। रम्या का कहना है कि परीक्षा के स्वरूप को लेकर छात्रों में घबराहट है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम नहीं जानते हैं कि परीक्षा में क्या आयेगा, हमें क्या पढ़ना चाहिए, क्या नहीं पढ़ना चाहिए। हमें प्रश्नपत्र को लेकर कोई नमूना पत्र नहीं उपलब्ध कराया गया है। हमें प्रवेश कार्ड देर से मिल रहे हैं और पहली बार ऐसी किसी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

रम्या ने कहा, मुझे कुछ भी जानकारी नहीं है कि प्रश्न पत्र में क्या आयेगा। हम केवल यही उम्मीद कर रहे हैं कि जो हमने पढ़ा है, वह पूछा जायेगा। यह पूछे जाने पर कि परीक्षा की तैयारी कैसे कर रहीं हैं, रम्या ने कहा, मैंने 12वीं कक्षा में जो कुछ पढ़ा, उसे पढ़ रही हूं और दोहरा रही हूं। मेरे पास और कोई विकल्प नहीं है। परीक्षा को लेकर परेशान छात्रों में रम्या अकेली नहीं हैं, फरीदाबाद के आकाश गुप्ता (17 वर्ष) भी देर से प्रवेश कार्ड जारी किये जाने को लेकर शिकायत कर रहे हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले की उम्मीद रखने वाले आकाश का कहना है कि प्रवेश कार्ड जारी होने के बाद ही छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर होते हैं। उन्होंने कहा, हमें प्रवेश कार्ड काफी देर से मिला है। हमें यह भी पता नहीं है कि परीक्षा में क्या पूछा जायेगा और वह भी उस परीक्षा के बारे में जो हमारे जीवन की महत्वपूर्ण परीक्षा है। उन्होंने कहा कि यह थोड़ा अनुचित है जबकि हम पहली बार ऐसे परीक्षा में बैठ रहे हैं।

धौलाकुआं से हवाई अड्डे तक की सड़क संवरेगी

नई दिल्ली। धौलाकुआं से लेकर हवाई अड्डे तक की सड़क अब नए और खूबसूरत अंदाज में दिखेगी। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को सौंदर्यीकरण की इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का पहला चरण 15 अगस्त तक पूरा कर लेने की योजना है। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 26 मई को पदभार संभालने के बाद ही इस पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया था और इस पूरी सड़क का सौंदर्यीकरण किए जाने का निर्देश दिया था। इसी के अनुरूप सात किलोमीटर की लंबाई वाले इस हिस्से को नई रूप-सज्जा देने की योजना तैयार की गई है। दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इस पूरी योजना को अंजाम दिया जा रहा है। इस पूरी सड़क पर एक समान डिजाइन और सभी मौसम में खिलने वाले फूलों की कतारों से सड़क को सजाने का काम किया जा रहा है। उप राज्यपाल ने कहा कि यह सड़क राजधानी में आने वाले सभी आगंतुकों, यात्रियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल होती है। इसका सौंदर्यीकरण उन सभी लोगों को आकर्षित करेगा।

सैल्यूट तिरंगा करती है द्रौपदी मुर्मू का समर्थन : राजेश झा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविद जी के विदाई समारोह में शामिल होंगे सैल्यूट तिरंगा के मुख्य लोग, दिल्ली के विज्ञान भवन में 29 जुलाई को : राजेश झा

सैल्यूट तिरंगा संगठन एक राष्ट्रवादी संगठन है जो देश के 26 राज्यों में कार्य कर रही है जो शहीदों का सम्मान करना , राष्ट्र के लिए काम करना , राष्ट्रवादी कार्यों को बढ़ावा देना , जनजागरण करना , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , स्वच्छ भारत अभियान के कार्य करती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने ये फैसला किया है की भारत के जनमानस से ये अपील किया जा रहा है की देश की बेटी आदिवासी एवं महिला भारत की सशक्त राष्ट्रपति बने इसके लिए सभी लोग समर्थन करें हर राज्यों में देश भर में ये अभियान चला हुआ है की सभी लोग सभी पार्टिया दलगत राजनीती से हटकर द्रौपदी मुर्मू जी का सहयोग करें और उनको भारत का राष्ट्रपति निर्वाचित करने में सहयोग करें। प्रदेश अध्यक्ष कौशल गुप्ता ने पुरे प्रदेश के जनमानस से सभी माननीय विधायकों ० सांसदों से आवाहन किया की सभी अपना बहुमूल्य मत देकर राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी को भारी मतों से विजयी बनायें जिससे देश में एक अच्छा वातावरण तैयार हो और राष्ट्र मजबूत हो।

बिजली की बढ़ी हुई दरें अगर वापस नहीं ली गई तो मुख्यमंत्री आवास के बाहर भाजपा करेगी प्रदर्शन: बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी और भाजपा सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता को मुफ्त बिजली का वायदा कर जिस तरह से ऊर्जा और खरीद दरों में बढ़ोत्तरी की है, उसकी दूसरी मिसाल मिलना कठिन है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने बिजली कंपनियों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये प्रतिमाह का घोटाला किया है। उन्होंने बिजली की बढ़ी दरों को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि अगर बढ़ी हुई दरों को तुरंत वापस नहीं लिया गया तो मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने आज एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा कंपनियों को बिजली खरीद दरों में चार्ज के नाम पर बढ़ोतरी की इजाजत देना उपभोक्ताओं के साथ सरासर धोखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अधिकतम बिजली की मांग 7000 मेगावाट है लेकिन फिक्स और ऊर्जा खरीद और वितरण चार्ज के नाम पर जो वसूली की जा रही है वह 21000 मेगावाट से ज्यादा की है। इस संयुक्त प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी और मीडिया रिलेशन विभाग सह-प्रमुख श्री विक्रम मित्तल मौजूद थे। श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी और श्री रमेश बिधूड़ी ने कहा कि कैसे संभव है कि बिजली वितरण सिर्फ 7000 मेगावाट के हिसाब से हो रही है और उस पर वसूली 21000 मेगावाट के हिसाब से हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल से इसे स्पष्ट करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि मुफ्त बिजली-पानी के नाम पर अब लोगों को बड़े झटके लग रहे हैं, लेकिन दिल्ली भाजपा केजरीवाल सरकार की गलत नीतियों का हर स्तर पर लगातार विरोध करती रहेगी। नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि सरकार और बिजली कंपनियों ने दरों में बढ़ोतरी की कोई जानकारी जनता को नहीं दी। इतना ही नहीं दिल्ली देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बिजली कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन राशि की उपभोक्ताओं से वसूली जा रही है। बिजली कर्मचारियों को दी जाने वाली 400 युनिट मुफ्त बिजली की सुविधा के दाम पर भी उपभोक्ताओं पर लादे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए फिक्स चार्ज जो पहले 30 रुपये थे उन्हें बढ़ा कर 125 रुपये कर दिया है। इसी तरह कमर्शियल उपभोक्ता के लिए यह दरें 50 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ा कर 270 रुपये कर दी गई है। श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में बिजली चोरी बड़े पैमाने पर की जा रही है जिसमें एक वर्ग विशेष बहुल क्षेत्रों में 80 प्रतिशत की चोरी हो रही है, लेकिन दिल्ली सरकार इस पर जानबूझ कर कोई कार्रवाई नहीं करती। ये क्षेत्र मटियामहल, सीलमपुर, ओखला, जाफराबाद, बल्लीमाराम, शाहीन बाग इत्यादी जैसे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार चोर दरवाजों से बिजली की दरों को बढ़ाने का काम किया है सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने कहा कि देश भर में किसानों को जहां कम दरों पर या मुफ्त बिजली मिलती है वहीं दिल्ली के किसान कमर्शियल दरों पर बिजली खरीदने को मजबूर हैं।

बरसात लगातार पोल खोल रही है दिल्ली के ड्रेनेज सिस्टम की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम एकदम ध्वस्त हो चूका है। आलम यह है की मामूली सी बरसात में सडकें जाम हो जाती है। नालियों के साथ-साथ तमाम छोटे बड़े नाले ओवर फ्लो होते देखे जा सकते हैं। यह कहना आर.डब्लू.ए.राम नगर के संस्थापक दीपक शर्मा का। दीपक शर्मा कहते हैं सरकार हर साल यह दावा करती है बरसात से पहले नालों की सफाई करा दी जायेगी लेकिन ऐसा होता नहीं। दीपक शर्मा कहते हैं सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है और करोड़ों रुपए के फंड की बन्दरबांट कर दी जाती है। दीपक शर्मा ने उपराज्यपाल से मांग की है इस मामले की जांच कराकर दोषी लोगो को बर्खास्त किया जाना चाहिए। दीपक शर्मा कहते हैं अभी तो बरसात की शुरूवात ही है जिसमें दिल्ली सरकार के बाढ़ नियन्त्रण विभाग, पी.डब्लू.डी.के साथ-साथ नगर निगम की पोल खुल गई है। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम हर वर्ष दिल्ली में मानसून से निपटने का दावा करती है और करोड़ो रुपये ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने, नालों की सफाई और यमुना की सफाई पर खर्च करतें है परंतु दिल्ली के ड्रेनेज सिस्टम व्यवस्थित करने के लिए निगम और दिल्ली सरकार के पास कोई योजना नही है जिसका खुलासा सीएजी रिपोर्ट हो चुका है कि दिल्ली सरकार ने भविष्य में जल उपलब्धता, सीवर सिस्टम और ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए कोई योजना ही नही बनाई है।

महिला आटो चालकों ने सरकार की योजना में नहीं दिखाई रूचि

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार द्वारा महिला आटो चालकों को प्रोत्साहित किए जाने के बावजूद 743 महिला आवेदकों में से केवल 14 ने ही आशय पत्र मिलने के बाद ई-आटो पंजीकृत कराया है। वहीं कई महिलाओं ने लंबी कागजी कार्रवाई और उच्च ब्याज दर को तिपहिया नहीं खरीदने की वजह बताया है। दिल्ली सरकार ने 4,261 लोगों को आशय पत्र जारी किया था, जिनमें से 2,855 पुरुष और 743 महिलाएं थी। परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 743 महिला आवेदकों से केवल 14 ने अपने ई-आटो को पंजीकृत कराया है, जबकि 273 पुरुषों ने भी यह प्रक्रिया पूरी की है। आशय पत्र प्राप्त करने वाली महिला आवेदक शमशों निशा ने बताया कि पहला तो ऋण प्राप्त करना बहुत मुश्किल है। हमने अपने दस्तावेज जमा कर दिए, लेकिन वे हीला-हवाली करते रहे। उन्होंने कहा कि हमने 15-20 दिनों तक इसकी पूछताछ की, लेकिन हमें बताया कि दस्तावेज प्रक्रिया में हैं। हमने शुरूआती भुगतान करने के लिए 66 हजार रुपये का कर्ज लिया, लेकिन बार-बार देरी होने की वजह से हमने आशय पत्र को वापस करने का फैसला किया। एक अन्य महिला आवेदक ने बताया कि ई-आटो के लिए ऋण पर ब्याज अधिक है और वे इसे वहन नहीं कर सकतीं। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि चिप की वजह से आपूर्ति में परेशानी है और यह एक कारण हो सकता है कि इस पहल के प्रति कम लोगों ने उत्साह दिखाया। उन्होंने कहा कि चूंकि इलेक्ट्रिक आटो रिक्शा का बाजार नया है, ब्याज दर अधिक है और समय के साथ इसमें स्थिरता आ जाएगी।

केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर दस दिन में जवाब दाखिल करने को कहा छत्तीसगढ़ में एक कोयला खदान के लिए उत्पादन कार्यक्रम का पालन करने में विफल रहने के लिए 66 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाने के केंद्र सरकार के आदेश पर दिल्ली हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) को राहत दी है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए जुमार्ना लगाने के छह जुलाई के आदेश पर केंद्र सरकार को आगे कोई कदम नहीं उठाने को कहा है। जुमार्ना आदेश को चुनौती देने वाली एनटीपीसी की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने कहा कि मामले पर विचार करने की जरूरत है। पीठ ने केंद्र सरकार को दस दिन में जवाब दाखिल करने के साथ इस पर याची को 48 घंटे में प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया।एनटीपीसी ने अपनी याचिका में कहा कि केंद्र ने जमीनी वास्तविकताओं की सराहना नहीं की और इससे तलाईपल्ली कोयला खदान में कोयला उत्पादन में बाधा उत्पन्न हुई।

जलभराव की समस्या में जस की तस : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने आरोप लगाया है कि बड़े-बड़े दावों के बाद भी राजधानी में जलभराव की समस्या में सुधार नहीं हुआ है। दिल्लीवालों को मंगलवार को हुई बारिश में भी जगह-जगह जलभराव का सामना करना पड़ा। चौ. अनिल कुमार ने बयान जारी कर कहा कि समस्या जस की तस है। उन्होंने कहा कि बारिश के बाद लोगों को बुराड़ी, जसोला, सेंट्रल दिल्ली और बाहरी दिल्ली में यातायात जाम का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि नालों से गाद निकालने के नाम पर हर वर्ष भ्रष्टाचार होता है, यही कारण है कि मानसून के समय लोगों को जलभराव की परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जानकारी –सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी दरों का नीचे होना बेहद जरूरी

गोपाल राय ने निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों के निर्माण में काम आने वाले कच्चे माल पर जीएसटी दरों को कम करने के लिए अनुरोध पत्र लिखा है पत्र में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि प्रदूषण को बढ़ावा देने में सिंगल यूज प्लास्टिक एक एहम भूमिका निभाता रहा हैं ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए जागरुकता अभियान जरूरी हैं इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए दिल्ली सरकार ने त्यागराज स्टेडियम में तीन दिवसीय प्लास्टिक विकल्प मेले का आयोजन किया ताकि आम जनता के बीच सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को प्रोत्साहन दिया जा सके मेले के अंतिम दिन राउंड टेबल कांफ्रेंस के दौरान सभी पैनेलिस्ट से चर्चा करते हुए यह देखा गया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों पर काम कर रहे उत्पादकों और स्टार्ट-अप्स को कच्चे माल के लिए अधिक जीएसटी देना पड़ रहा है` जहाँ एक ओर प्लास्टिक उत्पादों पर आयत शुल्क 10 से 20 प्रतिशत के बीच है वही दूसरी ओर बायो प्लास्टिक और स्थाई विकल्प पर यही दर 40 प्रतिशत से भी ऊपर चली जाती है जिसके कारण सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को खरीद मूल्य में भी इजाफा हो जाता हैं ऐसे में औद्यगिक संघ चाहकर भी सिंगल यूज प्लास्टिक के व्यापार में कार्य नहीं कर पा रहे है उन्होंने पत्र में आग्रह करते हुए कहा कि यदि हम देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को प्रोत्साहित करना चाहते है तो ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों और इसके कच्चे माल पर जीएसटी दरों को कम किया जाना बेहद जरूरी हैं ऐसा करना उत्पादकों और उपभोक्ताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों की ओर बढ़ने के लिए अधिक प्रेरित करेगा` साथ ही यह जमीनी तौर पर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के बेहतर कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करेगा और आपूर्ति श्रृंखला में 19 प्रतिबंधित एसयूपी वस्तुओं के लिए विकल्पों की उपलब्धता को प्रोत्साहित करेगा -एसयूपी वस्तुओ पर लगाए प्रतिबन्ध पर निरिक्षण के लिए 48 एनफोर्समेंट टीमों का किया गया गठन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा की दिल्ली सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। एक तरफ जहाँ सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प को बढ़ावा देने के लिए तमाम कदम उठा रही है वही दूसर तरफ इसके प्रतिबंध को लागू करने के लिए डीपीसीसी तथा राजस्व विभाग द्वारा एनफोर्समेंट टीम का गठन किया गया है। जिसमे डीपीसीसी की 15 और राजस्व विभाग की 33 टीमें एसयूपी वस्तुओ पर प्रतिबन्ध का निरिक्षण करने का कार्य करेंगी सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन को लेकर जनता में ही नहीं बल्कि कई औद्योगिक संघो में भी काफी सारे प्रश्न हैं ऐसे में विभाग द्वारा सभी लोगो के लिए एक हेल्पलाइन नंबर झ 011-23815435 जारी किया गया है इस नंबर के माध्यम से लोग सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर अपने सभी प्रश्नो के उत्तर विभाग द्वारा पा सकेंगे और यदि सिंगल यूज प्लास्टिक से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को और अधिक जानकारी चाहिए हो या कोई संदेह हो तो वह पर जाकर मेल भी कर सकते है।

बाजारों में एसयूपी के उचित विकल्प का अभाव लोगों को थैला ले जाने की आदत नहीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) पर प्रतिबंध लगने के 10 दिन बाद भी यह बेअसर नजर आया। व्यापारियों और विक्रेताओं में चालान का डर तो है, लेकिन बाजारों में प्रतिबंध का मखौल उड़ रहा है। रेहड़ी-पटरी से लेकर रिहायशी कालोनियों के साप्ताहिक बाजारों और सब्जी मंडियों व बड़े बाजारों एसयूपी की प्रतिबंधित वस्तुओं का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। चंद लोग ही विकल्प के तौर पर कागज या कपड़े के थैले का उपयोग करते दिखाई दे रहे हैं। देशव्यापी प्रतिबंध में राष्ट्रीय राजधानी की यह तस्वीर ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। कई जगहों पर दुकानदार ग्राहकों से घर से थैला लाने की अपील करते दिखाई दिए। साथ ही इस बात की दुहाई देते रहे कि अगर निगम की टीम आ गई तो उनका चालान कट जाएगा। सबसे ज्यादा उपयोग हो रही पालीथिन सिंगल यूज प्लास्टिक में प्रतिबंधित 19 वस्तुओं में सर्वाधिक उपयोग पालीथिन का हो रहा है। सब्जी, फल से लेकर किराना और कास्मेटिक की दुकानों पर इसका उपयोग अभी भी जारी है। विक्रेताओं को अब भी पालीथिन का सस्ता विकल्प नहीं मिल रहा हैं, हालांकि जूस और रेस्तरां संचालकों ने प्लास्टिक के विकल्पों का उपयोग

संक्षिप्त खबरें

रोलरनेटिड बॉल नेशनल चैंपियनशिप में सैकेण्ड रनरअप रही हरियाणा की टीम

गुरुग्राम। मिनी एंड जूनियर रोलरनेटिड बॉल नेशनल चैंपियनशिप 2022 का आयोजन गोवा में किया गया, जिसमें जहां केरल ने गोल्ड व आंधप्रदेश की टीम ने सिल्वर हासिल किया, वहीं हरियाणा टीम सैकेण्ड रनरअप जूनियर कैटेगिरी में रही। नेशनल रोलरनेटिड बॉल फेडरेशन ने मोहम्मद रजा कपूर को नॉर्थ इंडिया रीजनल डायरेक्टर नियुक्त किया था। टीम में राहुल, तुषार, हर्ष, नीतेश, प्रणव, दीपांशु टीम में शामिल रहे और टीम के कोच के रुप में सुधीर यादव रहे। कपूर ने हरियाणा टीम के खिलाडियों को प्रोत्साहित किया जिसके कारण हरियाणा की टीम अच्छा प्रदर्शन कर सकी। सभी खिलाडियों सैक्टर 82 स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल के थे, जिन्हें कपूर ने ही प्रशिक्षित किया था।

चतुर्थ द्वादसी संकीर्तन महोत्सव आयोजित

गुरुग्राम। जिसमे बड़ी संख्या मैं लोगो ने बाबा आशीर्वाद प्राप्त किया और भजनों का आनंद लिया। श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन का उद्देश्य है कि वो स्वास्थ क्षेत्र मैं कार्य करने के साथ साथ अपनी संस्कृति की तरफ भी बढ़ती हुई नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से समाजिक व धार्मिक कार्य भी करने के लिए तत्पर है । श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन द्वारा हर द्वादसी को किसी भीं ऐसे परिवार जो अपने घर बाबा श्याम का कीर्तन करवाने के इच्छुक है। वो संकीर्तन निशुल्क किया जाएगाइस संकीर्तन में भजन गायक शुभम ठाकरान, जीतू माली, हेमन्त भारद्वाज, युवी सैनी व हर्ष सैनी के द्वारा बाबा के भजनों की अमृत वर्षा हुई इस संकीर्तन में संस्था के सदस्य नितिन अग्रवाल, नितिन गोयल, नितिन गर्ग, तुषार व पुनीत अग्रवाल उपस्थित रहे।

मोटरसाईकिल चोरी कर मोबाईल छीनने के मामले में आरोपी गिफ्तार

गुरुग्राम। मोटरसाईकिल चोरी कर मोबाइल फोन छीनने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से मोटरसाईकिल व मोबाइल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि 10 जुलाई को एक महिला ने पुलिस चौकी झाड़सा में एक शिकायत दी कि वह सैक्टर-47 से अपने किराए के कमरे पर वापिस जा रही थी। जब वह पैट्रोल पम्प सैक्टर-39 के पास वाली गली में पहुंची तो पीछे से एक लडका मोटरसाईकिल पर सवार होकर आया और उसके हाथ से मोबाईल फोन छीनकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी लायक राम को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उसने दिनाँक 9-10 जुलाई की रात को थाना सैक्टर-40 एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की थी।

मकान का ताला तोड़कर ज्वेलरी, नकदी चोरी

गुरुग्राम। चोर एक महीने से बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर 22 हजार नकद और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने सोमवार को पटौदी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेवाड़ी निवास सत्यपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को उनको सूचना मिली थी कि उनकी बेटी के घर पर चोरी हो गई है।

आप का कुनबा बढ़ता देख विपक्ष की हुई हालत खराब

आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता हुए गदगद

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम गुरुग्राम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में सोमवार को जिस प्रकार भारी संख्या में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता व आम लोगों की भीड़ जुटी उससे आप नेता तो गदगद हैं ही अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी इस भीड़ को देखकर यह कहने को विवश हो गए कि उन्हें विश्वास नहीं था कि आम आदमी पार्टी के पहले प्रदर्शन में ही इतनी भारी संख्या में लोग जुटेंगे।

उन्हें संभवतः यह भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि आम आदमी पार्टी थोड़े समय में ही अपने संगठन को इतना मजबूत और जनाधार इतना व्यापक बना देंगे। उल्लेखनीय है कि सोमवार को आम आदमी पार्टी ने गुरुग्राम नगर निगम में फैले कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन

किया था। इस आयोजन में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता तो सम्मलित हुए ही भ्रष्टाचार से त्रस्त शहर के ढेरों लोग भी उत्साह से शामिल हुए।

शहर का आमजन तो जैसे इंतजार ही कर रहा था कि कोई उनकी आवाज उठाने के लिए आगे आए। कोई भी राजनैतिक दल अब तक खुलकर आगे नहीं आ रहा था। आम आदमी पार्टी ने जिस दमदार तरीके से शहर के लोगों की आवाज उठाई उससे अब लोगों को भी उम्मीद होने लगी है कि निगम के भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की मनमानी से उनको राहत मिल सकेगी।

आप के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने पार्टी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के संकल्प को दोहराते हुए कहा है कि आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा में भी स्वच्छ प्रशासन देने का लोगों को भरोसा दे चुके हैं। पार्टी की पहली प्राथमिकता गुरुग्राम नगर निगम के भ्रष्टाचार से आम नागरिक को मुक्ति दिलाने की है। श्री अग्रवाल कहते हैं कि जब तक जन सामान्य को निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली से राहत नहीं मिल जाएगी तब तक आम आदमी पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।इस प्रदर्शन से

विरोध-प्रदर्शन

- जनता को उम्मीद शायद मिल जाए है कि निगम के भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की मनमानी से मुक्ति

शहर के लोग भी हैरान हैं कि अल्प समय में आप ने इतना बड़ा जनाधार तैयार कर लिया।

इसी जनाधार के बलबूत आम आदमी पार्टी ने सोहना नगर परिषद चुनाव में अपना दमदार प्रदर्शन किया। अब इस व्यापक जनाधार में लोग नगर निगम के होने वाले चनावों के परिणाम भी तलाशने लगे हैं और आम आदमी पार्टी का टिकट पाकर निगम के चनाव लड़ने के इच्छुक लोग अपनी गोटियां बैठाते हुए अपने-अपने वार्डों से तैयारियों में जुट गए हैं।

सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

गुरुग्राम, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को वर्ष 2023 के लिए सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि आपदा प्रबंधन पुरस्कार हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर घोषित किया जाता है। कोविड महामारी, बाढ़, भूकंप, अग्निकांड जैसी विपदा के समय पीड़ितों के पुनर्वास व सहायता के लिए जो संस्थाएं या सामाजिक कार्यकर्ता सेवा करते हैं, उनको इस आवेदन के योग्य माना गया है। वर्ष 2023 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इन पुरस्कारों के तहत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान को 51 लाख रुपए और व्यक्तिगत स्तर पर पांच लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तिगत स्तर पर व संगठनों द्वारा किए जा रहे अमूल्य योगदान और निःस्वार्थ सेवा को पहचान देने और उनको सम्मानित करने के उद्देश्य से।

एपीवी स्टूडियो में विभिन्न कार्यकर्मो का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

एसजी एंटरटेनमेंट द्वारा वॉयस ऑफ दिल्ली सिटी 2022 और यूनिक डांस ऑफ द ईयर 2022 ऑडिशन का आयोजन शास्त्री नगर स्थित एपीवी स्टूडियो में किया गया। यह आयोजन प्ले बैक सिंगर व निदेशक सनी जी, एसोसिएटेड डायरेक्टर अशोक कुमार और एसजी एंटरटेनमेंट के चेयरमैन नीरज गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका बॉलीवुड गायक अक्की स्टार और प्ले बैक सिंगर सनी जी ने निभाई, जबकि डांस जज मे अलीश मेहरोत्रा रहे । वीआईपी मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह (पम्मा) शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

सेंटीग्रेड कंपनी का मैनजमेंट और शिल्पा का सिंगिंग / डांसिंग मैनजमेंट बेहतरींन रहा। सिंगर सनी जी हमेशा नए कलाकारों को अवसर देते रहे हैं, ताकि उन्हें समुचित मंच मिल सके। आयोजन को सफल बनाने में प्रीति महाजन, रमा कांत गुप्ता, नेहा तुली, माही, कनिका, शमशाद भारती और भ्रम प्रकाश आदि का सहयोग रहा।

राजनैतिक दलों ने शुरू की आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की तैयारियां विभिन्न राजनैतिक दलों ने भी शुरू कर दी है। कुछ नए राजनैतिक दलों का भी उदय हुआ है। जनहित पार्टी प्रगतिशील ने भी अपनी जमीन तलाशनी शुरू कर दी है।

यह पार्टी देश के विभिन्न प्रदेशों में अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी। यह कहना है जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय त्यागी का।

- जनहित पार्टी बेरोजगारी व जनता से जुडे मुद्दों को लेकर करेगी आंदोलन : संजय त्यागी

उन्होंने बताया कि पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है जिनमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजन झा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्र निशा चौधरी, कार्यकारिणी के सदस्य के पद पर अजय सिंघल, कोषाध्यक्ष के पद पर लव त्यागी की नियुक्ति की गई है। दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष पद पर नितिन गर्ग व उपाध्यक्ष के पद पर परमिंद्र सिंह को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया है कि उनकी पार्टी बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई व मूलभूत सुविधाओं को लेकर आंदोलन शुरू करेगी। उनका कहना है कि पार्टी से आम लोगों को भी जोड़ा जा रहा है। जनमुद्दों का समाधान कराने के लिए ही पार्टी का गठन किया गया है।

हाईकोर्ट ने शपथ पर नहीं लगाई रोक, 28 दिन मे देनी होगी जांच रिपोर्ट

सोहना (गुरुग्राम)। जनता द्वारा सीधे मतदान से चुनी गई नगर परिषद सोहना की अध्यक्ष अंजु देवी के शपथ लेने पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक नहीं लगाई है। कोर्ट ने 28 दिन के अंदर शैक्षिक प्रमाण पत्र पेश करने को कहा है। इस मामले में 17 अगस्त को सुनवाई हाईकोर्ट में होनी है। अंजु देवी शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ जल्द जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मिलकर सभी साक्ष्य रखेंगी। नियम मुताबिक चुनाव की अधिसूचना जारी होने के तीन माह के अंदर शपथ ली जा सकती है। अंजु से चुनाव में हारी आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार ललिता की ओर से दावा किया गया कि अंजु ने राजस्थान के जिस स्कूल से आठवीं पास का प्रमाण पत्र नामांकन पत्र के साथ लगाया है, वह फर्जी है। यही आरोप लगाकर ललिता ने हाईकोर्ट में याचिका लगा शपथ पर रोक लगाने की मांग की थी। अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बता अंजु ने कहा था वह हर तरह की जांच के लिए तैयार हैं। उपायुक्त के दिशा निर्देश पर सोहना नगरपरिषद की अध्यक्ष अंजु देवी की शैक्षिक योग्यता की जांच की जाएगी।

समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय काम करने पर रविंद्र जैन व मुकेश शर्मा सम्मानित

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

लम्बे समय से व्यक्तिगत और संस्थाओं के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों में जुटे रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन और प्रधान मुकेश शर्मा को यहां जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सम्मानित किया गया। अक्षय तृतीया पर उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास में वाटर कूलर भी लगवाया था।

जिसकी देखरेख करते हुए उन्होंने अब वाटर कूलर पर शेड भी बनवाया है। कोरोना काल में भी रविंद्र जैन ने अपनी टीम के साथ लोगों की खूब सेवा की थी। इससे पहले और अब तक भी वे समाजसेवा में निरंतर लगे रहते हैं। चाहे किसी को रक्त की जरूरत हो, दिव्यांगों को तिपहिया साइकिल या अन्य उपकरणों की जरूरत हो, वे सदैव लोगों की सहायता के लिए खड़े मिलते हैं। राष्ट्र संत तरुण सागर के 55वें जन्म

- रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से किया गया सम्मानित

दिवस के उपलक्ष्य पर पक्षी बचाव अभियान भी चलाया। प्रचंड गर्मी में उन्होंने पक्षियों के लिए आशियाने और दाना-पानी घोंसले जगह-जगह पर लगवाए। इसके साथ ही पर्यावरण की स्वच्छता के लिए पौधारोपण भी उनकी ओर से किया जा रहा है। वे हर उस काम से जुड़े हैं, जो मानव और प्रकृति के हित का है। उनके समाज में दिए जा रहे योगदान को देखते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार की ओर से उन्हें कार्यालय में आमंत्रित करके सम्मानित किया गया। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने कहा कि रोटरी क्लब का सदा ही सहयोग रहता है। उन्होंने वाटर कूलर लगवाने के लिए रविंद्र जैन का धन्यवाद किया।

भारतीय अंतरिक्ष संघ ने एनएसी का किया गठन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय अंतरिक्ष संघ ने राष्ट्रीय सलाहकार समिति (एनएसी) का गठन किया है। अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रयासरत इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपी) ने हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और देश में 360 डिग्री परिप्रेक्ष्य बनाने के लिए सलाहकार समिति के गठन को आवश्यक बताया है। समिति के प्रवक्ता का कहना है कि समिति की अध्यक्षता विवेकानंद इंटरनेशनल फाउण्डेशन के निदेशक डा. अरविंद गुप्ता करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 9 सदस्य भी समिति में शामिल किए गए हैं। इनमें अकादमिक, प्रशासनिक अधिकारी, रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष व उद्योग के अधिकारी शामिल हैं। डा. पवन गोयनका ने समिति की घोषणा करते हुए कहा कि 1870 में स्थापित यूएसआई सबसे पुराने राष्ट्रीय सुरक्षा और त्रिसेवा थिंक टैंक में से एक हैं। गठन के अवसर पर जयंत पाटिल, एके भट्ट सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारी भी शामिल रहे। उनका कहना है कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समिति कार्य करेगी

पुण्य कार्य में लगाया गया पैसा ढाल बनकर करता है रक्षा: मुनिश्री विहर्ष

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

चतुर्दशी के दिन परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज ने ससंघ चातुर्मास के लिए आंतरिक क्रियाएं की। उन्होंने चातुर्मास के जरिए 4 महीने समाज कल्याण के लिए शुरू करने पर भी प्रवचन दिए।मुनिश्री विहर्ष सागर जी ने अपने प्रवचन में कहा कि आप लोग अपने धन को किसी पुण्य कार्य में नहीं लगा पाते अगर कोई बीमारी आती है तो अस्पताल के नाम पर आप हजारों लाखों रुपया खर्च कर देते हैं। अगर वही पैसा आपको मंदिर में लगाना पड़े तो आप लोग सोचने लग जाते हैं। अगर आप अपनी मेहनत की कमाई का पैसा पुण्य कार्य में लगाएं तो वही पैसा आपके जीवन में एक ढाल की तरह कार्य करता है। जो आपको आने वाली अनहोनी से रोकता है।

मुनि श्री ने आगे कहा कि हर घर में आधी-व्याधि, बीमारी, दुख, तकलीफ आदि दिक्कतें घर-घर चलती रहती हैं। कुछ प्रोफेशनल लोग आपसे 5000-10000 राशि में आपको मोटिवेशनल क्लास देते हैं। मगर आप को डरने की जरूरत नहीं है। मुनि श्री ने कहा कि अब हम आपके गुरुग्राम में पधार चुके हैं। चार महीने ज्ञान की गंगा बहेगी। जितना बटोर सकते बटोर लो। मुनिश्री ने कहा कि आप अपने बच्चों को देव दर्शन और गुरु भक्ति के लिए लेकर आए, जिससे कि वह सही राह पर चल सकें। आपके घर में सुख शांति बनी रहे। चार महीने चातुर्मास के अंदर आप सभी को धर्म की क्लास दी जाएगी। मोटिवेशन क्लासेज दी जाएगी कि आपको अपने परिवार की रक्षा कैसे करनी है। यह बिल्कुल निशुल्क होगा। इसमें आज मुनि श्री विजयेश सागर जी ने अपना केशलोच किया। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम, दिल्ली और आसपास से भी लोग पधारे। गुरुग्राम के सभी जैन मंदिरों के पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

कल से शुरू हो रहा सावन का माह इस बार सावन माह में होंगे 4 सोमवार

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कल वीरवार से सावन माह शुरू हो रहा है। धार्मिक भावना से भी जुलाई माह का बड़ा ही विशेष महत्व है। इस माह में कई महत्वपूर्ण व्रत और त्यौहार सावन के साथ पड़ रहे हैं। सावन माह को भगवान शिव की आराधना का माह माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख है कि जो भक्त इस पावन माह में भगवान शिव व माता पार्वती की सच्चे दिल से पूजा-अर्चना करते हैं तो उन पर भोले बाबा की सदैव कृपा बनी रहती है। ज्योतिषाचार्य पंडित डा. मनोज शर्मा का कहना है कि इस बार सावन के महीने में 4 सोमवार हैं, जिनमें 18, 25 जुलाई, एक अगस्त, 8 अगस्त को सोमवार पड़ रहे हैं। सावन में शिवलिंग की पूजा करने पर विशेष फल की प्राप्ति श्रद्धालुओं को होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन माह को देवों के देव महादेव का माह माना जाता है। पौराणिक कथा है कि जब सनत कुमारों ने महादेव से उन्हें सावन माह

- कोरोना काल के बाद शिवभक्त कावड़ा लाकर करेंगे भगवान शिव का अभिषेक

प्रिय होने का कारण पूछा तो भगवान शिव ने बताया था कि जब देवी सति ने अपने पिता दक्ष के घर में योग शक्ति से शरीर त्याग दिया था, उससे पहले देवी सति ने महादेव को हर जन्म में पति के रुप में पाने का प्रण किया था। पार्वति ने युवावस्था के सावन माह में निराहार रहकर कठोर व्रत किया और महादेव को प्रसन्न कर उनसे विवाह भी किया था, जिसके बाद से ही भोले शंकर के लिए सावन का माह विशेष हो गया। इस बार आगामी 26 जुलाई को महाशिवरात्रि का पर्व होगा, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कोरोना के बाद यह पहला अवसर है कि कावडिये हरिद्वार, गोमुख व गंगोत्री से कावड़ लाकर महादेव का जलाभिषेक गंगाजल से करेंगे। कावड़ लाने का सिलसिला भी शुरू होने जा रहा है, जिसकी कावडियों ने पूरी तैयारी कर ली हैं।

व्यक्ति के जीवन में आयुर्वेदिक औषधियों का है बड़ा महत्व

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

मालिबू टाउन क्षेत्र स्थित पार्क में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों व क्षेत्रवासियों की बैठक का आयोजन किया गया। समाजसेवी ओमप्रकाश गाबा ने बताया कि पार्क के एक हिस्से में क्षेत्रवासियों के सहयोग से औषधिय पौधे रोपित किए गए हैं, जिसमें लेमन ग्रास, सिट्रोनेला, थाइम, ब्राह्मी, स्टीविया, बृहंगराज, कपूर, अश्वगंधा, शतावरी आदि आवश्यक पौधे शामिल हैं। इन पौधों के प्रति बच्चों व युवा पीढी को जागरुक किया जाता है ताकि वे इन पौधों के महत्व को समझ सकें। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय में आयुर्वेद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। व्यक्ति के जीवन में आयुर्वेदिक औषधियों का बड़ा महत्व है।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बच्चे पार्क में खेलने के आते हैं और पौधों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र खन्ना, बीएल सैनी, अश्विनी टंडन, सतबीर मलिक, कंवरभान अरोड़ा, अशोक सूरी, जीना कृष्णन, बलवीर सिंह, अमित कत्याल आदि मौजूद रहे।

एटीएम कार्ड बदल धोखाधड़ी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

गुरुग्राम। अपराध शाखा सोहना की टीम ने धोखाधड़ी से एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा ने उनसे 40 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। नौ जुलाई को पटौदी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि वे पांच जुलाई को सब्जी मंडी के पास एक्सिस बैंक एटीएम से पैसे निकालने गए थे। एटीएम में खड़े दो युवकों ने उनको बातों में लगा कर धोखे से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ देर बाद उसके खाते से रकम भी निकाल ली। सोहना अपराध शाखा के प्रभारी उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश की टीम ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों को नूंह जिला के आलीमेव गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के नाम मोहम्मद शौकीन और मोहम्मद नायूम है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह मनी ट्रांसफर का काम करते हैं।

रिहायशी मकानों के विरुद्ध चला बड़ा सीलिग अभियान

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

जिला नगर योजनाकार एन्फोर्समेंट (डीटीपीई) ने मंगलवार को सेक्टर-82-83 स्थित वाटिका नेक्स्ट लाइसेंसी कालोनी के रिहायशी मकानों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के विरुद्ध बड़ा सीलिग अभियान चलाया। सभी मकान मालिकों को पहले ही कारण बताओ नोटिस और रेस्टोरेशन के आदेश दिए जा चुके थे लेकिन जब इसके बाद भी गतिविधियां नहीं बंद की गई तो सीलिग अभियान चलाया गया।

हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट एक्ट के नियमों के अनुसार रिहायशी मकानों में व्यावसायिक गतिविधियां नहीं चलाई जा सकतीं। एक्ट के हिसाब से केवल छह से सात नान-न्यूसेंस गतिविधियां ऐसी हैं जिनके लिए घर के भू-तल के निर्मित 25 प्रतिशत एरिया पर टाउन एंड कंट्री प्लानिग से स्वीकृति लेकर चलाई जा सकती है। अभियान में कुल 19 मकानों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को सील किया गया है। इसमें प्रापर्टी डीलर कार्यालय, न्यूरोथेरेपी सेंटर, कैड्स मेडी क्लीनिक, ईवा क्लीनिक, बुटीक, प्योर इंडिया एप्लीकेशन, देवी वूमेन, रेनबो क्लीनिक, सिटी स्माईल, जेनेवे फिजियोथेरेपी शामिल है। इसके अलावा चार से पांच गतिविधियां ऐसी है जिनकी कागजी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत ही सील किया जाएगा।

पार्क की भूमि से अतिक्रमण हटाया : सेक्टर-82 में वाटिका बिल्डर प्रबंधन द्वारा ई-ब्लाक में पार्क के लिए चिन्हित एरिया पर अतिक्रमण किया हुआ था। इस पर भी डीटीपीई अमित मधोलिया ने बुलडोजर चलवा दिया। यहां पर पौधों की नर्सरी खोली हुई थी जिन्हें स्टील रेलिग से कवर किया हुआ था जिन्हें जेसीबी की मदद से हटा दिया गया।

पेपर बैग बांटकर मनाया वर्ल्ड पेपर बैग दिवस

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत नालसा के तत्वावधान में गुरुग्राम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने विश्व पेपर बैग दिवस पर जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला कोर्ट परिसर में पेपर बैग बांटकर लोगों को प्लास्टिक थैलियों की बजाय पेपर बैग का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि बाजार में रोजमर्रा की खरीदारी में सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल होता है, लेकिन इन थैलियों की रीसाइकिल आसानी से नहीं हो पाती, जिसकी वजह से ये आज प्रदूषण की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। उन्होंने बताया कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक बैग्स को बैन को ध्यान में रखते हुए आज डीएलएसए गुरुग्राम द्वारा वर्ल्ड पेपर बैग दिवस पर आमजन में इसके प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों को प्लास्टिक की थैलियों की बजाय पेपर बैग के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें पेपर बैग वितरित किए।

साथ उन्हें घर पर ही पेपर बैग बनाने का तरीका भी बताया गया। ये सभी पेपर बैग सरकारी स्कूल में चल रहे लीगल लिटरेसी क्लब के बच्चों द्वारा बनाए गए हैं। ब्लॉक वाइज पहला दूसरा और तृतीय स्थान पार आने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिए गए।

सम्पादकीय

धर्म पर दोगलापन क्यों?

यदि देश के प्रधानमंत्री को एक कथावाचक या साधु-संत की भाषा में बोलना पड़े, तो यकीनन चिंता की बात है। यह प्रधानमंत्री का किरदार नहीं है। प्रधानमंत्री देश का लोकतांत्रिक और राजनीतिक चेहरा हैं। सरकार का प्रथम और अंतिम संचालक भी वही होता है। प्रधानमंत्री अवसर के अनुसार किसी भी विषय पर अपनी टिप्पणी कर सकते हैं, बयान दे सकते हैं, लेकिन उन्हें एक विशेषज्ञ के तौर पर ग्रहण नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को मां काली की चेतना और संपूर्ण चराचर जगत में उस चेतना की व्याप्ति, बंगाल ही नहीं, पूरे भारत की आस्था में मां काली की चेतना और असीम आशीर्वाद सरीखे सद्वचन बोलने पड़े हैं, तो साफ है कि मां काली, यानी धर्म और सियासत का घालमेल कर दिया गया है। धार्मिक आस्था और देवी-देवता की सामूहिक शान के दो अलग-अलग मानदंड नहीं हो सकते। गुस्ताख-ए-रसूल की स्थिति अस्वीकार्य और निंदनीय है, तो भगवान शंकर और मां काली के अपमान की भी भर्त्सना की जानी चाहिए। वह भी ईश-निंदा की तर्ज पर देव-निंदा है।

कानून की धाराओं में, आस्थाओं को आहत करने के जो प्रावधान हैं, आरोपितों पर वे धाराएं लगाकर दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन धर्म को राजनीतिक अभियान की शक्ल देना भी अनुचित है। प्रधानमंत्री ने प्रवचननुमा बयान के जरिए, इशारों-इशारों में, तृणमूल कांग्रेस और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर, राजनीतिक हमला किया है, लेकिन वह भाजपा की प्रवक्ता रहीं नूपुर शर्मा और प्रतिक्रिया के तौर पर ह्यसर तन से जुदा. मुहिम पर खामोश रहे हैं। ममता बनर्जी की पुलिस ने नूपुर के खिलाफ कई केस दर्ज किए हैं, बल्कि उसने दिल्ली तक आकर छापेमारी की है, ताकि नूपुर को गिरफ्तार किया जा सके। तृणमूल ने सोशल मीडिया पर नूपुर के खिलाफ आक्रामक और विषैला अभियान भी चलाया था। वह ममता और उनकी पार्टी मां काली पर उनकी लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा की विवादित टिप्पणी पर खामोश और निष्क्रिय हैं। यह धार्मिक दोगलापन है। कानून पीछे छूट जाता है। संवैधानिक अधिकारों की गलत व्याख्या की जाने लगती है।

कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी देश का आह्वान कर सकते थे कि देश संविधान से ही चलेगा, न कि सरकलम सेङ्क। वह खंजरबाजो के खिलाफ त्वरित और कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए संबद्ध मुख्यमंत्रियों से आग्रह कर सकते थे। खामोशियों से संदेह पैदा होते हैं। चूंकि मां काली पर तृणमूल सांसद महुआ की आपत्तिजनक टिप्पणी सामने आई है, लिहाजा प्रधानमंत्री को कथावाचक के तौर पर प्रवचन याद आया है। मान लेते हैं कि वह रामकृष्ण परमहंस की सोच और साधना से जुड़े आचार्य स्वामी के समारोह में थे, लिहाजा उन्हें धार्मिक-सी टिप्पणी करनी ही थी, लेकिन प्रधानमंत्री बुनियादी तौर पर सियासी शख्सियत हैं। उन्हें नूपुर, सरकलम, शरीयत, मां काली, भगवान महादेव से लेकर महुआ और ममता बनर्जी तक जो भी कहना है, उसे साफ-सटीक शब्दों में कहें। वह देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। उनकी आज भी सबसे ज्यादा स्वीकार्यता है। उपमा और रूपक की भाषा पूरा देश नहीं समझता। प्रधानमंत्री कई जनसभाओं में, बहुत कुछ हकीकतें, राजनीतिक विरोधियों को लेकर, बयां करते रहे हैं, तो मौजूदा संदर्भ में भी स्पष्ट कहा जा सकता है कि धर्म को लेकर दोगलापन स्वीकार नहीं है।

देश के हालात और विभाजन किस मुकाम तक पहुंच चुके हैं, प्रधानमंत्री को बखूबी एहसास होगा। हिंदू और मुसलमान एक-दूसरे को देखने और सुनने की स्थिति में नहीं हैं। यदि इसकी बानगी देखनी है, तो शाम 4-5 बजे से रात 9-10 बजे तक टीवी चैनलों पर कराई जाने वाली कोई भी बहस देख-सुन लें। हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच सहिष्णुता शेष ही नहीं रही है। हमें नहीं पता कि धर्म के आधार पर बोलने वाले कथित स्कॉलर और प्रवक्ता उस धर्म का पूर्ण प्रतिनिधित्व करते हैं या नहीं, लेकिन देश बंट चुका है, यह उनकी दलीलों से साफ टपकता है। प्रधानमंत्री को देश को इन हालात से उबारने का भी जनादेश मिला है। सांसद महुआ कहती हैं कि वह भाजपा के हिंदुत्व वाले देश में नहीं रहना चाहतीं। क्या ऐसा भी कोई देश है? प्रधानमंत्री का दायित्व है कि इन हालात को सामान्य किया जाए।

रुकी हुई भर्ती के काल में अग्निपथ

डा. अश्विनी महाजन

14 जून 2022 को घोषित अग्निपथ योजन, जिसमें चयन की प्रक्रिया 24 जून से प्रारंभ हुई है, युवा पुरुषों और महिलाओं, जिन्हें अग्निवीर कहा जाएगा, को एक निश्चित अवधि के लिए अधिकारियों से नीचे के रैंक हेतु सशस्त्र बलों में शामिल करने का प्रावधान है। इसके बारे में देश में काफी बहस चल रही है। अग्निवीरों के लिए कुल 4 वर्षों की कार्यावधि निर्धारित की गई है, जिसमें 17.5 से 23 वर्ष की आयु के बीच के युवा सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं देंगे। इस योजना से 46000 सैनिक की भर्ती भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में की जानी है। इस कार्य के लिए उन्हें 30 से 45 हजार रुपए की मासिक परिलब्धियां हासिल होंगी। सेवानिवृत्ति के बाद 11 से 12 लाख रुपए की राशि के साथ ही, सेवा के दौरान उन्हें चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ उन्हें सैन्य कैंटीन का लाभ भी मिलेगा (जहां आवश्यक वस्तुएं करों से मुक्त, रियायती कीमतों पर खरीद के लिए उपलब्ध होती हैं)। इनमें से 25 प्रतिशत अग्निवीर स्थायी आधार पर सेना में आगे रोजगार के लिए पात्र भी होंगे। सरकार ने इसे और आकर्षक बनाने हेतु अपनी मूल योजना में कुछ संशोधन भी किए हैं और 05 जुलाई 2022 तक सरकार को केवल वायु अग्निवीरों के लिए ही 7.5 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे।

इस प्रकार से युवाओं को चार साल की निश्चित अवधि के लिए सेना में शामिल करने की प्रक्रिया आगे बढ़ने लगी है। हालांकि, इस योजना को एक बड़े कार्यक्रम के रूप में घोषित किया गया था, इस योजना के विरोध में सरकार को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, जहां कम से कम 12 ट्रेनों को उत्तेजित युवाओं द्वारा जला दिया गया था और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को भी नष्ट कर दिया गया। कुछ राजनीतिक दल भी आंदोलन के माध्यम से इस योजना का विरोध कर रहे हैं और यहां तक कि उनके द्वारा शासित राज्यों की विधानसभाओं में प्रस्ताव भी पारित किया जाना प्रारंभ भी हुआ है। चूंकि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों की संख्या बहुत कम है, ऐसे प्रस्ताव बहुत अधिक नहीं होंगे। इसके अलावा उड़ीसा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल ने इस मुद्दे पर चुप रहने का विकल्प चुना है। ऐसा लगता है कि अब अग्निपथ योजना का विरोध ठंडा हो रहा है। इस योजना के प्रति युवाओं में खासा आकर्षण देखने में आ रहा है। इस योजना की मुख्य बातों के अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरतों, वित्तीय निहितार्थ, युवाओं की रोजगार योग्यता, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में भविष्य में नौकरी के अवसर आदि के संदर्भ में इस योजना के बारे में 360 डिग्री दृष्टिकोण लेने का समय है सेना में रोजगार का इतिहास

हालांकि सेना में कार्य को देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रकार माना जाता है, फिर भी यदि संख्या के रूप में देखें तो भारतीय सेना की कुल संख्या 14 लाख है, और इसके अलावा 1.25 लाख पद खाली हैं। हालांकि सरकारों की उदासीनता सेना में बड़ी रिक्तियों को न भरने के लिए जिम्मेदार हो सकती है, लेकिन इस मुद्दे से अवगत लोगों द्वारा एक और बात रखी जाती है कि सैन्यकर्मियों के लिए कठोर शर्तों के कारण भी इन रिक्तियों को नहीं भरा जा सका। पूर्व में सेना के अधिकारियों के पदों को भरने के लिए कई शर्तों में ढील भी दी गई थी और भर्ती के लिए अभियान भी चलाए गए, इसके बावजूद 9 हजार अधिकारियों के पद अभी भी खाली हैं। वर्ष 2022-23 के बजट अनुमानों के अनुसार भारत का रक्षा बजट 5.25 लाख करोड़ रुपए का है। इस व्यय में वेतन और पेंशन, स्थापना और प्रशासन, रक्षा उपकरणों की खरीद आदि सभी शामिल हैं। हाल ही में, सभी अच्छे इरादों के साथ, सरकार ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 47700 करोड़ रुपए के अतिरिक्त व्यय के साथ सभी रैंक में सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों की पेंशन बढ़ाने का फैसला किया गया था। यदि सभी रिक्तियों को भरा जाता है (जिसकी बहुत ही कम संभावना है), तो उस पर खर्च सरकार की बजटीय सीमा से परे है। हमें यह देखना होगा कि अन्य विभागों में भी, जबकि विभिन्न स्तरों पर (आमतौर पर वर्ग 3 और वर्ग 4 के स्तर पर) रिक्तियां संविदा (कॉन्ट्रेक्ट) कर्मचारियों द्वारा भरी जा रही हैं। इन कर्मचारियों के अधिकार तो न्यूनतम तो होते ही हैं, यह रोजगार पूरी तरह से तदर्थ यानी एडहॉक रहता है। इससे सरकारी विभागों में काम की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। हाल ही में सरकार ने अनुबंधित कर्मचारियों की तुलना में कुछ बेहतर कार्य स्थितियों के साथ निजी क्षेत्र में निश्चित अवधि के रोजगार के प्रावधान को शुरू करने के अपने इरादे की घोषणा की है।

भूखमरी का बढ़ता दायरा एवं संवेदनहीन शासन-व्यवस्थाएं

दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता।

ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दशार्ता है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र की कई एजंसियों की ओर से संयुक्त रूप से प्रकाशित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है।

संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में भले ही भुखमरी के कारणों में कोरोना महामारी, युद्ध, संघर्ष, हिंसा, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा आदि की बात की गयी हो, लेकिन इसके लिये नवसाम्राज्यवाद, नवउदारवाद, मुक्त अर्थव्यवस्था और बाजार का ढांचा जैसे बड़े कारणों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, अमीरी-गरीबी के बीच बढ़ता फासला आदि की चर्चा नहीं होती। दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं की एक बड़ी विसंगति यह रही है कि इसमें एक तरफ गरीब है तो दूसरी तरफ अति-अमीर है। इन दोनों के बीच बड़ी खाई है। इस बढ़ती खाई पर ज्यादा शोरशराबा नहीं होता तो इसकी एक वजह यह भी है कि मान लिया गया है कि उच्च वर्गों की समृद्धि की रिसन या ऊंची विकास दर के जरिए गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य अपने आप पा लिया जाएगा। यह उम्मीद पूरी तरह भ्रामक है और पूरी होती नहीं दिखती। उलटे विश्व खाद्य कार्यक्रम की रिपोर्ट बताती है कि सरकारों द्वारा निर्धारित अनाज की ऊंची कीमतों के चलते दुनिया में साढ़े सात करोड़ वैसे लोग भुखमरी की चपेट में आ गए हैं जो पहले इससे ऊपर थे। भूखे या अधपेट रह जाने वाली जनसंख्या में हुए इस इजाफे में तीन करोड़ लोग केवल भारत के हैं। इसमें पीने के पानी, कम से कम माध्यमिक स्तर तक शिक्षा और बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के अभाव को जोड़ लें तो हम देख सकते हैं कि भारत आजादी के सात दशक बाद भी असल में वंचितों की दुनिया है।

विकास, विज्ञान एवं उपलब्धियों पर सवार आज की दुनिया का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी गरीबी, अभाव, भूखमरी में घुटा-घुटा जीवन जीता है, जो परिस्थितियों के साथ संघर्ष नहीं, समझौता करवाता है। हर वक्त अपने आपको असुरक्षित-सा महसूस करता है। जिसमें आत्मविश्वास का अभाव अंधेरे में जीना सिखा देता है। जिसके लिए न्याय और अधिकार अर्थशून्य बन जाता है। कोरोना महामारी का सामना करने के क्रम में जो उपाय अपनाए गए, उनसे विषाणु के प्रसार की रोकथाम में कितनी मदद मिली, इसका आकलन बाकी है, लेकिन इसके व्यावहारिक असर के रूप में अगर लोगों के सामने पेट भरने तक का संकट पैदा हो गया तो इस पर फिर से सोचने की जरूरत है। बड़ा प्रश्न है कि दुनिया में आधुनिक तकनीक एवं विज्ञान के सहारे जब भूखमरी के आंकड़े उजागर हो सकते हैं, तो ऐसी व्यवस्थाएं क्यों नहीं विकसित होती जो भूखमरी को रोक सके। जरूरत इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मसले पर गहराई से नजर रखने वाली संस्थाओं, विशेषज्ञों, तकनीकों सहित बड़ी तादाद में उच्च स्तर की व्यवस्थाएं मौजूद हैं, तो इसके दूरगामी हल के लिए ठोस नीतियां क्यों तैयार नहीं हो पातीं! क्यों नहीं भूखमरी पर नियंत्रण पाया जाता? उल्टे यह समस्या लगातार और गंभीर होती गई है। दरअसल, संतुलित एवं संवेदनशील व्यवस्थाएं-नीतियां बनायी जाये और धरती पर मौजूद संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल को लेकर गंभीर प्रयास किए जाएं तो खाद्य असुरक्षा और भुखमरी के हालात से निपटने के रास्ते निकल सकते हैं। लेकिन युद्ध और अन्य बेमानी मामलों पर सारा धन खर्च करने और मौजूद संसाधनों को भी नष्ट किए जाने के कारण भुखमरी को लेकर विश्व समुदाय की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जाती, तो इसके पीछे किसका हित है? अभाव से जूझती आबादी को पोषणयुक्त संतुलित भोजन मुहैया कराने को लेकर चिंता जताई जाती है, लेकिन हकीकत यह है कि बहुत सारे लोगों को जीने के लिए न्यूनतम भोजन भी नहीं मिल पा रहा। हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं।

विदेशियों के बहकावे में न आए भारतीय समाज

भारत के आध्यात्मिक संतों ने अपनी वाणी से, अपने शब्दों से जो संदेश दिया, उसमें संकुचन नहीं था। और इसीलिए वे जगद्गुरू कहलाए गए। उस समय का इतिहास उठाकर देखा जाए तो भारत का एक भी जगद्गुरू ऐसा नहीं था, जिसने मेरा और तेरा का भाव दिया हो, बल्कि हमारे जगद्गुरू ने मैं ही तू है, का संदेश दिया। भारत का दर्शन सर्वधर्म समभाव की बात कहता है। लेकिन आज देश को क्या हो गया है? ऐसा लगता है कि भारतीय संस्कृति उन देशों को खटकने लगी है, जो भारत की प्रगति को रोकना चाहते हैं। अभी देश में जो कुछ चल रहा है, उसे भारतीय दर्शन के हिसाब से उचित नहीं कहा जा सकता। आज भारतीय आराध्यों और हिन्दुओं की भावनाओं पर कुठाराघात करने का षड्यंत्र चलता दिखाई दे रहा है। यह सब विदेशियों के संकेत पर ही हो रहा है। भारत के व्यक्तियों को समझना चाहिए कि वे विदेशियों के बहकावे में न आकर अपने देश को सुरक्षित रखें।

सुरेश हिंदुस्थानी
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

भारत सबको समभाव की दृष्टि से देखने का संदेश प्रसारित करता रहा है। इसका मूल कारण यह है कि भारत के आध्यात्मिक संतों ने अपनी वाणी से, अपने शब्दों से जो संदेश दिया, उसमें संकुचन नहीं था। और इसीलिए वे जगद्गुरू कहलाए गए। उस समय का इतिहास उठाकर देखा जाए तो भारत का एक भी जगद्गुरू ऐसा नहीं था, जिसने मेरा और तेरा का भाव दिया हो, बल्कि हमारे जगद्गुरू ने मैं ही तू है, का संदेश दिया। भारत का दर्शन सर्वधर्म समभाव की बात कहता है। लेकिन आज देश को क्या हो गया है? ऐसा लगता है कि भारतीय संस्कृति उन देशों को खटकने लगी है, जो भारत की प्रगति को रोकना चाहते हैं। अभी देश में जो कुछ चल रहा है, उसे भारतीय दर्शन के हिसाब से उचित नहीं कहा जा सकता। आज भारतीय आराध्यों और हिन्दुओं की भावनाओं पर कुठाराघात करने का षड्यंत्र चलता दिखाई दे रहा है। यह सब विदेशियों के संकेत पर ही हो रहा है। भारत के व्यक्तियों को समझना चाहिए कि वे विदेशियों के बहकावे में न आकर अपने देश को सुरक्षित रखें। विभिन्न संस्कृतियों को समेटे, सर्वधर्म सद्भाव एवं सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था के नाम से जाने जाने वाले देश भारत के हिंदू बाहुल्य होते हुए भी उनके आराध्य देवी देवताओं का जानबूझकर मजाक उड़ाया जा रहा है। इसके पीछे वामपंथी मानसिकता और कांग्रेस की नापाक शक्तियों का हाथ है जो सिर्फ एक वर्ग विशेष के तुष्टीकरण के लिए इस तरह के कार्यों को समर्थन दे रहे हैं। जो वास्तव में मुसलमान है, वह अपने धर्म के अनुसार ही जीवन यापन करता रहा है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनेताओं ने अपनी स्वार्थी राजनीति की खातिर उनको भ्रमित करने का काम किया है। कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन के बारे में कहा जाता है कि उनका रिमोट कांग्रेस मुखिया सोनिया गांधी के हाथ में था, इसलिए उन्होंने एक बार सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। लेकिन देश के मुसलमानों को समझना चाहिए कि क्या यह बयान सच था, या राजनीतिक था। कांग्रेस की ओर से दिया गया यह बयान मुसलमानों का वोट प्राप्त करने का एक ऐसा तीर था, जो निशाने पर लग गया। आज कई मुसलमानों के मन में यह भाव पैदा हो गया है कि यह देश केवल उनका ही है। ऐसा करने के पीछे कांग्रेस ही पूरी तरह से दोषी है। इसी कारण आज देश में विवाद बढ़ता ही जा रहा है। जिसमें हीन्दू भावनाओं का खुलेआम अपमान किया जा रहा है। अब लीना मणिमेकलई की विवादित डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली के पोस्टर को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने देवी काली को लेकर एक ऐसा विवादित बयान दे दिया, जिसे लेकर उनके खिलाफ कई जगह प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही फिल्म निमार्ता लीना के खिलाफ भी लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। जिस देश में धर्मनिरपेक्षता के कारण सभी धर्मों का आदर किया जाता है, वहां एक धर्म के प्रति इस तरह का अनादर दूसरे देश में नहीं मिलेगा। देवी देवताओं का अनादर हो या उदयपुर कांड, इस पर वाम दल और कांग्रेसियों के मुंह सिले हुए हैं।

वह चुपचाप तमाशा देखने की स्थिति में हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस ने इसे महुआ का निजी बयान बताया है। मां काली के पोस्टर को लेकर ममता बनर्जी की पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा के विवादित बयान ने देशभर में विरोध की आग पैदा कर दी है, जिसे लेकर भाजपा ने कोलकाता में विरोध-प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं भाजपा की ओर से महुआ के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पुलिस अगर 10 दिनों के भीतर महुआ पर कार्रवाई नहीं करती तो 11वें दिन हमें न्यायालय जाना पड़ेगा। दूसरी ओर महुआ के बयान से तृणमूल कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से ट्वीट में लिखा गया है कि महुआ का बयान निजी है। इससे तृणमूल कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। इस बयान के बाद महुआ मोइत्रा ने भी तृणमूल कांग्रेस का ट्विटर अकाउंट अनफॉलो कर दिया है। जबकि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भी महुआ के बयान पर कहा है कि हमें सबकी भावनाओं को समझना होगा। हाल ही में एक इवेंट के दौरान महुआ मोइत्रा ने पोस्टर का समर्थन करते हुए कहा कि काली के कई रूप हैं। मुझे इस पोस्टर को लेकर कोई दिक्कत नहीं है। कई जगह देवताओं को तो शराब तक चढ़ाई जाती है। मेरे नजर में देवी काली एक मांस खाने वाली और शराब पीने वाली देवी के रूप में है। फिल्ममेकर लीना मणिमेकलई की इस डॉक्युमेंट्री फिल्म के पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। साथ ही काली बनी महिला के हाथ में एलजीबीटीक्यू का झंडा भी नजर आ रहा है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद न सिर्फ इसकी कड़ी निंदा की जा रही है, बल्कि इसे प्रतिबंध करने की मांग भी उठ रही है। इसके अलावा फिल्म की निर्देशक लीना मणिमेकलई पर कई जगह प्राथमिकी भी दर्ज हो चुकी है। वैसे काली के पहले भी हिंदू देवी-देवताओं के अपमान की कई फिल्में-सीरीज सामने आती रही हैं। ओटीटी पर रिलीज हुई अनुराग बसु की फिल्म लूडो के एक सीन पर लोगों ने धार्मिक भावनाओं पर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया था। फिल्म के एक दृश्य में नाटक करने वाले तीन लोग ब्रह्मा, विष्णु, महेश की वेशभूषा में सड़क पर नाचते-कूदते दिखाए गए थे। यही नहीं एक दृश्य में भगवान शंकर और महाकाली गाड़ी को धक्का लगाते दिखाए गए थे।

सैफ अली खान स्टारर वेब सीरीज तांडव में भी हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया गया था। इस सीरीज में दिखाए गए दृश्य पर जमकर बवाल हुआ था। सीरीज के एक दृश्य में कुछ लोग कॉलेज प्ले में भगवान शिव का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। लेकिन इस प्ले के दौरान भगवान का किरदार निभाने वाले कलाकारों की वेशभूषा और उनकी बातचीत पर लोगों से कड़ी आपत्ति जताई थी। साथ ही हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने के लिए इसे प्रतिबंधित करने की भी मांग की थी। वर्ष 2014 में आई आमिर खान और अनुष्का शर्मा स्टारर फिल्म पीके पर भी उस समय जमकर विवाद खड़ा हुआ था। इस फिल्म पर भी हिंदू-देवी देवताओं का मजाक उड़ाने का आरोप लगा था। फिल्म के एक दृश्य में भगवान शंकर का रूप लिए एक व्यक्ति को डर के मारे टॉयलेट में इधर-उधर भागते हुए दिखाया गया था। वेब सीरीज ए सूटेबल ब्वॉय भी विवादों में फंसी थी। दरअसल, सीरीज के एक सीन में मंदिर प्रांगण में अश्लील दृश्य फिल्माया गया था, जिसके बाद इस दृश्य पर लव जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। इस सीरीज का हिंदू संगठनों ने जमकर विरोध किया था। कुल मिलाकर हिंदू देवी देवताओं का एक वर्ग विशेष के लोगों और फिल्म के क्षेत्र में अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए विवादित दृश्य फिल्माये जाते रहे हैं ताकि हिंदुओं की भावनाएं भड़काने का काम किया जा सके। इसके विपरीत मुस्लिम और ईसाई धर्म की आशाओं पर कभी इस तरह की छूट नहीं की जाती। वामपंथ और कांग्रेस द्वारा तो देवी-देवताओं के अपमान पर कभी कोई टिप्पणी भी नहीं की जाती। इससे स्पष्ट है कि यह दल किस तरह तुष्टीकरण नीति को बढ़ावा देकर हिंदुओं का अपमान करने को तैयार हैं।

गुरुपूर्णिमा विशेष : ओम गुरु परमात्मा नमः

डॉ श्रीगोपाल नारसन

जब मनुष्य का जन्म होता है तब वह अबोध होता है। उसे प्रथम ज्ञान का बोध माता कराती है तो व्यवहारिक ज्ञान पिता देता है जबकि शैक्षणिक, अध्यात्म व नैतिक ज्ञान गुरु से मिलता है। इसीलिए इस लौकिक जगत में मानव शरीर धारण किए हुए किसी सद्पुरुष को गुरु रूप में मानने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। भक्ति मार्ग में किसी सिद्ध पुरूष ऋषि, संत, महात्मा, ज्ञानी को गुरु बनाने का चलन है। जबकि ज्ञान मार्ग या फिर रूहानियत की दृष्टि से देखे तो एक मात्र परमात्मा ही हमारा गुरु है, वही परमपिता है और वही शिक्षक और पालनहार भी है।

ह्यगुरूङ्क शब्द का शाब्दिक अर्थ है ह्यभारी।ङ्क यानि जो ज्ञान, संस्कार, ध्यान, धारणा व पुरुषार्थ में हमसे भारी अर्थात श्रेष्ठ हो, वही गुरु बनने लायक है। ऐसे गुरु अपनी तपस्या से स्वयं को सिद्ध कर कर देते है तथा वे अपनी रूहानियत व चेहरे पर तेज की दृष्टि से आध्यात्मिक क्षेत्र में सिद्ध पुरूष रूप में प्रतिष्ठित होते है। जो ज्ञान से भारी है, वही गुरू है और गुरु ज्ञान स्वयं में एक ऐसा अथाह सागर है जिसकी थाह ले पाना भी आसान नही है। गुरू शब्द जिसके सामने लग जाता है उसे अन्यो से श्रेष्ठतम और विशिष्ठतम बना देता है। यथा गुरूत्वाकर्षण, गुरूज्ञान आदि। चूंकि गुरु भी श्रेष्ठतम महापुरूष होते है। इसी कारण गुरु के नाम से गुरु धाम भी प्रतिष्ठा सम्पन्न हो जाता है।

गुरू को पौराणिक साहित्य में इतनी महत्ता दी गई कि उसे ही विष्णु, उसे ही ब्रहमा और उसे ही महेश्वर कहा गया है। गुरु देवता तूल्य होता है। गुरु की इस तुलना का अर्थ मात्र गुरू का महिमा मण्डन करना नही है। कई मायनो में गुरु भी ब्रहमा, विष्णु व महेश के समतूल्य होते है क्योकि गुरु ही वह शक्ति है जो अपने शिष्यो और अनुयायियों को ब्रहमा, विष्णु और महेश से मिलाने के लिए, उन्हे आत्मसात करने का मार्ग बताते रहे। तभी तो प्रभु शरणम से पहले गुरू शरणम का प्रचलन है ।

अपने जमाने के युगप्रर्वक संत कबीर दास ने गुरू के सच्चे रूप और कार्य का वर्णन अपने एक दोहे में किया है। गुरू गोविन्द दोउ खडे काके लागू पाये, बलिहारी गुरू आपनो गोविन्द दियो बताए। यानि गुरू और गोविन्द दोनो खडे हो और पहले पैर किसके छूयें को लेकर संशय हो तो पहले गुरू के पैर छूने चाहिए क्योकि गुरू ही वह माध्यम है जो गोविन्द से मिलने का मार्ग बताता है। कई बार गुरू और अध्यापक को एक दूसरे का पर्याय मान लिया जाता है। परन्तु यह ठीक नही है। गुरू और अध्यापक एक नही हो सकते। अध्यापक अधिकाशत भौतिक विधाएं सिखाता है। लेकिन गुरू मनुष्य रूपी शिष्य को पूर्ण रूपेण आध्यात्मिक विकास व समग्र कल्याण के लिए तैयार करता है। उसी प्रकार गुरु अपने भक्तों को परमात्मामय बनने का रास्ता दिखाकर अपने भक्तों पर उपकार करते रहे है। गुरु की प्रेरणा से ही देश दुनिया को परमात्मा का सद सन्देश मिलता है और इस पुनीत कार्य मे गुरु ही सफल सिद्ध हो रहे है। गुरु की सोच है कि, मनुष्य जीवन का उददेश्य है जीवन मरण के चक्र से निकलना और अपने कर्मो को भोगकर मोक्ष प्राप्त करना होता है। मोक्ष प्राप्ति की इस प्रक्रिया में गुरू की भूमिका बहुत बडी है। गुरू अच्छे बुरे का ज्ञान कराता है। साथ ही अनेक भौतिक विधाओं का ज्ञान देता है। गुरू ही वह व्यक्ति है जो सत्य और असत्य के बीच का अन्तर समझाकर अपने शिष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जब तक मनुष्य अपने सभी कर्तत्यों को पूर्ण कर प्रभु प्राप्ति के पथपर अग्रसर नही होता, तब तक गुरू उसे निरंतर निर्देश देकर उसे अपने उददेश्य की सतत याद दिलाता रहता है। ताकि शिष्य गुरू की इच्छा के अनुरूप जीवन के सन्मार्ग पर चलकर गुरू को अमरत्व प्रदान कर सके।

इसी तरह वैदिक दर्शन में गुरू को एक चेतन

संक्षिप्त खबरें

आरोपी को किया कोर्ट में पेश

मण्डावली। मंगलवार को धीर सिंह पुत्र सुखे सिंह निवासी रामदासवाली थाना मंडावली जनपद बिजनौर को एनसीआर नबंर 62/2 धारा 323, 504 में वांछित अभियुक्त धीर सिंह उपरोक्त को धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जनता दरबार लगाकर सुनीं जनसमस्यायें

नहटौर। विधायक ओमकुमार ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिये तत्काल आदेशित किया। इस अवसर पर शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने अपनी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र विधायक को दिया। विधायक ने तत्काल कार्यवाही के लिये आदेशित किया। कई अन्य लोगों ने भी अपनी समस्यायें रखीं।

जिले के कई हिस्सों मे हुई रिमझिम वर्षा, बिजनौर शहर फिर भी तरसा

बिजनौर। इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में रिकार्डतोड गर्मी की मार सहते आए लोगों द्वारा लाखों दुआयें मांगने के बावजूद इन्द्रदेव ने पसीजने का नाम नहीं लिया और ज्येष्ठ माह के बाद आषाढ माह भी समाप्ति की ओर बढ चला है लेकिन मानव के साथ साथ पशु पक्षी भी वर्षो के लिये तरसते रहे। इस दौरान कुछ दिन पूर्व जिले के विभिन्न हिस्सों में अच्छी खासी वर्षो हुई जिससे गर्मी से बेहोश लोगों को खासी राहत मिली लेकिन जिला मुख्यालय फिर भी सूखे जैसी स्थिति रही।

बाइक सवार युवकों ने महिला से चैन छपटने का प्रयास किया

बढ़ापुर। बाइक सवार युवकों ने एक महिला से चैन छपटने का प्रयास किया। महिला की सतर्कता के चलते चोर सफल नहीं हो पाए। घटना से कालोनी में हड़कम्प मच गया। बीती शाम नहरवाई कालोनी निवासी महिला घर से सामान लेने निकली थी। बताया जाता है कि घर से कुछ ही दूरी पर बाइक सवार दो युवकों ने उक्त महिला की चैन छीनने का प्रयास किया। गनीमत रही कि चैन महिला के दुपट्टे में फंस गई और युवक अपने प्रयास में असफल हो गए। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार युवकों का पीछा किया लेकिन वे भाग निकलने में कामयाब रहे।

तारापुर कृषि विज्ञान केन्द्र का लोकार्पण केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने किया वर्चुअल शिलान्यास

गजरौला, प्रात : किरण

क्षेत्र के गांव तारापुर में बने कृषि विज्ञान केंद्र का लोकार्पण तथा मुरादाबाद केन्द्र का शिलान्यास केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वर्चुअल कार्यक्रम में संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने कहा की प्रदेश आत्मनिर्भरता तरक्की की तरफ बढ रहा है। जिससे किसान खुशहाली का जीवन व्यतीत करेंगे। किसान अपनी फसलें उगाकर बेहतर उच्च मूल्य पर अपनी फसलों को बेचेंगे। और बेहतर मुनाफा कमाएंगे। साथ ही प्रशिक्षण तकनीक से आपनी खेती का कार्य करेंगे। बता दें कि मंगलवार को तारापुर स्थानीय केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे प्रदेश के कृषि, शिक्षा व अनुसंधान विभाग के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसान की तकदीर बदलने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर अपना कार्य कर रही है। जैसे प्रदेश का किसान खुशहाल से अपना जीवन यापन कर रहा है ।

साथ ही उन्होंने कहा की किसानों के लिए फ्लेक्स योजना चल रही है। जिसके माध्यम से किसानों के हर माह खाते में पैसे पहुंच रहे हैं जिससे अड़तालिस हजार तीन सौ ग्यारह करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है।

प्रयास है की नए सत्र से पहले ही पुरा बकाया गन्ना मूल्य किसानों के खाते में पहुंच जाय। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा की किसान खुश हैं। प्रदेश बदल रहा है, सरकार किसानों की खुशी के लिए कदम आगे बढ़ा रही है।

इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे भाकियू भानू के प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जोरदार स्वागत किया और किसानो की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

जिसमे प्रदेश भर में तमाम अपात्र लाभार्थि राशन कार्ड का लाभ ले रहे हैं इनकी जांच करा कर पात्र लोग राशन कार्ड बनाया जाए स प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित प्रदेश के एक करोड़ उनतालिश लाख किसानों को पीएम सम्मान निधि योजना की किस्तों की धनराशि डलवाई जाए स प्रदेश में किसानों की फसलों को छुट्टा जंगली जानवर बर्बाद कर रहे हैं स जिन्हे तत्काल पकडवाकर गौशाला भिजवाया जाए।

प्रदेश की सभी बैंकों में किसानों के किसान क्रेडिट कार्डो को एक वर्ष बाद रिन्यूअल कराने में केवल ब्याज की धनराशि जमा करके ही रिन्यूअल कराने का प्रावधान किया जाए। प्रदेश में किसानों को दी जाने वाली हर योजना के लिए लखनऊ स्तर के शीर्ष पदाधिकारियों ने एक प्राइवेट वेबसाइट बना रखी है। विधायक राजीव तरारा, महेंद्र सिंह खड़गवंशी, मेरठ के कुलपति डॉ. आरके मित्तल, मंडल आयुक्त अनंजय कुमार, डीएम बीके त्रिपाठी, एसपी आदित्य लांग्हे, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, सीओ अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।

शादी के बाद शगुन किट अपनाएँ, परिवार को खुशहाल बनाएं:डॉ. दिनेश

अमरोहा, प्रात : किरण

- इस किट में कई जरूरी सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन के अस्थायी साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को भी शामिल किया गया है।

शादी के मौके पर मिलने वाले तमाम तोहफों में से उसी दरम्यान मिलने वाला एक खास तोहफा आपके पूरे जीवन को खुशहाल बना सकता है। बस जरूरत है उसकी खासियत को समझते हुए सही मायने में जीवन में अपनाने की । वह है क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता के माध्यम से शादी के तुरंत बाद शगुन के रूप में भेंट की जाने वाली नई पहल किट। इस किट में कई जरूरी सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन के अस्थायी साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को भी शामिल किया गया है। परिवार नियोजन के इन अस्थायी साधनों को अपनाकर पति-पत्नी को एक-दूसरे को समझने और आर्थिक रूप से मजबूती लाने का पर्याप्त समय मिल सकता है। इस तरह यह किट महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही परिवार के हर सदस्य की खुशहाली का जरिया भी बन सकता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा देती हैं। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहाल, सुरक्षित और सुंदर बना सकें। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें।

महिलाओं व छात्राओं को पुलिस ने कियाा जागरूक

बढापुर, प्रातः किरण। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने में प्रचलित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओ और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल व कॉलेजों के आस पास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

हल्दौर प्रातः किरण। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने में प्रचलित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बादलकाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल व कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान मौत, हंगामा

सीएचसी में चार डिलीवरी, चारों नवजात की मौत से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप

हसनपुर। डिलीवरी के उपरांत चार नवजातों की मौत पर स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया। मरने वाले तीन नवजात के परिजनों ने प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया है। एक मामले में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बच्चा पेट में पहले से ही मृत पाए जाने का दावा किया गया है। उसकी अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट भी है। सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसव के बाद 11 घंटे के भीतर चार नवजात की मौत हो गई। एका-एक चार नवजातों की मौत से स्वास्थ्य अफसरों में खलबली मच गई। नवजात की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। क्षेत्र के गांव फतेहपुर खादर निवासी देवेंद्र ने 22 वर्षीय पत्नी पूनम को प्रसव पीड़ा के दौरान सोमवार की सुबह 10 बजे अस्पताल में भर्ती कराया था। शाम 5 बजे प्रसव के दौरान उसने बेटी को जन्म दिया। लेकिन जन्म के पांच मिनट बाद ही उसकी मौत हो गई। उधर गांव अगरौला कला निवासी सर्वेश ने 32 वर्षीय अपनी पत्नी बीना को दोपहर 2 बजे प्रसव पीड़ा के दौरान भर्ती कराया था। इसके बाद शाम 7रू30 बजे प्रसव के दौरान बीना बेटे को जन्म दिया। इसके बाद गंभीर हालत में बच्चे को रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। गांव सुतारी निवासी ओमवीर ने 30 वर्षीय पत्नी सविता को प्रसव पीड़ा के दौरान सोमवार की रात 9 बजे अस्पताल में भर्ती कराया था। जबकि सुबह 6 बजे उसने बेटे को जन्म दिया। लेकिन डिलीवरी के कुछ मिनट बाद उसकी भी मौत हो गई।

हसनपुर/रहरा, प्रात : किरण

निजी चिकित्सक के यहां महिला की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने गलत ब्लड चढ़ाने से मौत होने की बात कहते हुए अस्पताल पर जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। जिला संभल के थाना केला देवी के गांव सिहावली निवासी नईम ने अपनी पत्नी अरमाना की डिलीवरी के लिए रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।परिजनों का आरोप है कि महिला चिकित्सक ने उसे सोमवार देर रात ब्लड कम होने की बात कही और अरमाना को ब्लड लगा दिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। कुछ देर बाद अरमाना की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। महिला चिकित्सक पर गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतका के परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन समझाने के बाद भी परिजन शांत नहीं हुए हैं। मौके पर पहुंचे संभ्रांत लोगों ने मृतका के परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया। जिसके बाद परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही शव घर ले गए। थाना अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया है।

ट्रक ने मारी साइकिल सवार को टक्कर, मौत

बिजनौर। थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत चक्कर चैराहे के पास ह्लट्रक सं0 भ्त46थ्-3427 व साईकिल की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें साईकिल सवार विशाल (उम्र करीब 18 वर्ष) पुत्र रोहताश निवासी नशीरी थाना कोतवाली शहर की मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा उपरान्त पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। परिजनो को सूचित किया गया है। ट्रक ड्राईवर को मय ट्रक हिरासत में लिया गया है। मौके पर यातायात व कानून व्यवस्था की कोई समस्या नही है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत, बेटा व मां गम्भीर

गजरौला। ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय करंट लगने से एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। जिसमें पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि मां और एक अन्य बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय करंट लगने से एक ही परिवार में दंपत्ति और उनके दो बेटे झुलस गए। चीख पुकार सुनकर इकट्ठा हुए मोहल्ले के लोगों ने बिजली की आपूर्ति को जब तक बंद किया तब तक चारों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। घायलों के उपचार के लिए जाते समय ई-रिक्शा चालक और उसके बेटे ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि मां और बेटे की हालत नाजुक बनी है। नगर के मौहल्ला चौहानपुरी निवासी मजदूर राकेश कुमार का परिवार रहता है। राकेश कुमार ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। सोमवार की रात घर में ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगाकर परिवार के सभी सदस्य सो गए। मंगलवार को सुबह होने पर ई-रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय राकेश कुमार अचानक बिजली की चपेट में आ गए। पिता को बिजली की चपेट में देखकर कपिल तथा सचिन उर्फ निगम दोनों बेटे बचाव के लिए दौड़े पर परन्तु उनकी मां किरन को भी करंट ने अपनी चपेट में ले लिया। चीख पुकार मचने पर इकठ्ठा मोहल्ले के लोगों द्वारा घर की बिजली काटी गई। जिसके बाद चारों को अलग किया। आरोप है कि औद्योगिक नगर मे निजी अस्पतालों में प्राथमिक उपचार देने से स्पष्ट इंकार के बाद मुरादाबाद ले जाते समय पिता राकेश और पुत्र कपिल दोनों की रास्ते में मौत हो गई। जबकि दूसरे बेटा सचिन उर्फ निगम तथा किरन की हालत गंभीर है। थाने के कार्यकारी प्रभारी एस एस आई प्रेमपाल सिंह ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि वह किसी अन्य कार्य में व्यस्त होने की वजह से हादसे के शिकार हुए लोगों को समय से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करा सके।

बाइक सवार कंटेनर की चपेट में आकर घायल हुआ

धामपुर, प्रात : किरण

राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित भूतपुरी के समीप एक बाइक सवार कंटेनर चपेट में आकर घायल हो गया पुलिस की मदद से घायल को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जानकारी अनुसार नसीम पुत्र हसीम स्योहारा अपनी भाई की पत्नी व बच्चे के साथ बाइक से घोसियावाला जा रहा था जब उसकी बाइक भूतपुरी पुल के समीप पहुंची तो कंटेनर की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज ने घायल को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया घायल को गंभीर अवस्था देखते हुए हेयर सेंटर रेफर कर दिया गया घर पुलिस ने कंटेनर सहित चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

कार्यकताओं के बल पर भाजपा दुनिया की सबसे बडी पार्टी बनी: नायक

चांदपुर, प्रात : किरण

केन्द्रीय राज्यमंत्री पर्यटन एवं जलमार्ग श्रीमद नायक ने कहा कि वर्ष 1984 में भाजपा के मात्र दो सांसद थे जबकि आज पार्टी के 330 सांसद हैं। अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकार है। कार्यकताओं के परिश्रम से ही पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है। श्री नायक दोपहर यहां पंचवटी में लोकसभा प्रवास योजना के तहत आयोजित कार्कक्रम को मुख्य अतिथि के रूप मे संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश की आजादी के बाद जिनके हाथों में सत्ता रही उन्होंने देष के लिये क्या किया यह सब जनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को उत्थान के लिये कार्य किया तथा गरीबों व अन्य लोगों के उत्थान के लिये अनेक योजनायें भी शुरू कीं कार्यक्रम में क्षेत्रीयच अध्यक्ष मोहित बेनिवाल लोकसभा प्रभारी अरूण वषिष्ठ हरिओम शर्मा आदि मौजूद रहे।

नहीं पकड़े गए खुखांर कुत्ते

हसनपुर, प्रातः किरण। जंगल में घास लेने गई महिला को नोच नोच कर मार डालने वाले खूंखार कुत्ते नहीं पकड़े गए हैं। जबकि अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबंध में आश्वासन दिया था। कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी अतवीर सिंह की पत्नी राजवती गांव की विमला, ममता, सोनम व प्रवेश के संग 29 जून की दोपहर जंगल से घास लेने गई थी। वह गजरौला मार्ग के नजदीक आम के बाग में घास काटने लगी। इस दौरान 16-17 कुत्तों के झुंड ने राजवती पर हमला बोल दिया। बाकी महिलाएं शोर मचाती हुई भाग निकलीं। जब तक आसपास के खेतों पर काम कर रहे लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे तब तक राजवती की मौत हो चुकी थी। गांव के तमाम लोग एकत्र होकर मौके पर पहुंचे और उसके बाद गजरौला मार्ग जाम कर दिया था। विधायक, एसडीएम, सीओ व रेंजर ने कुत्ते पकड़ने का आश्वासन दिया था। 3 दिन पूर्व ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा था।

बच्चों को यूनिफार्म का वितरण किया

नांगलसोती। क्षेत्र के ग्राम प्रीतमगढ उर्फ मिजार्पुर में स्थित जूनियर हाईस्कूल संसार ज्ञान पाठशाला में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिह देशवाल द्वारा बच्चों को स्कूल यूनिफार्म का वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधक प्रमोद पंवार ने बच्चों को निशुल्क स्कूल यूनिफार्म बांटने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख ने शिक्षक बनकर घंटों तक बच्चों को पढाया ब्लाक प्रमुख ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। इस अवसर पर आनंद प्रकाश, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह, चैधरी ईषम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा, प्रदीप कुमार, बलवीर सिंह, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

कुंवर सत्यवीरा कॉलेज के प्लेसमेंट ने बनाया जिले में प्रथम स्थान

बिजनौर, प्रात : किरण

वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में एक प्लेसमेंट परिचर्चप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज सचिव कुंवर उदयवीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) ने प्रतिभाग किया, तथा संस्थान निदेशक प्रो॰ (डॉ॰) स्वतन्त्र पोरवाल से संपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

परिचर्चा में संस्थान निदेशक प्रो॰ (डॉ॰) स्वतन्त्र पोरवाल ने बताया कि इस वर्ष भी हमारे छात्र छात्राओं का देश की जानी मानी कंपनियों मे बेहतर प्लेसमेंट हुआ है, जो इस प्रकार है, जैसे विप्रो-2, गुनातीता टेक्नोलॉजी -04, केपी रिलायबल टेक्नीक इंडिया -12, कोलेबेरा-07 आईओसिस सॉफ्टवेयर-04, एमपीएस एसोसिएट -05, तिरुपति विहिकल्स -03, नेटप्रोफेट्स साइबरवर्क्स-03 आदि कंपनियों में कॉलेज के अनेक छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है जो कि कॉलेज के उत्क्रष्ठ प्लेसमेंट को दशार्ता है। विप्रो और सिस्को मे चयन होने पर दोनों छात्राओ ने बड़ा भावुक होकर कहा कि हम वीरा कॉलेज को जीवन मे कभी नहीं भूल सकते है, जिससे डिग्री लेकर हमे 18 लाख का पैकेज मिला है, जिसके लिए हम संस्था और अपने विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल जी के हमेशा आभारी रहेंगे जिनके अथकप्रयासो और मार्गदर्शन से हमे यह सफलता प्राप्त हुई है

प्लेसमेंट होने वाले अनेक छात्र छात्राओ ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद भी कॉलेज के प्रयासो द्वारा अनेक प्लेसमेंट आयोजित कराये गए यह हम सब के लिए बड़े ही हर्ष और लाभ की बात है, इसके लिए हम कॉलेज के बहुत बहुत आभारी है कॉलेज सचिव कुंवर उदयवीरा ने कहा कि गत वर्षो में देश की नामचीन कंपनियों में छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट होना बहुत ही प्रशंसनीय है, इस प्लेसमेंट के ग्राफ को इस वर्ष और आगे बढ़ाना होगा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य कु॰ रुचि वीरा (पूर्व विधायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) ने कहा कि सभी छात्र छात्राओ को अपने भविष्य के प्रति हमेशा जागरूक होना चाहिए तथा एक टारगेट बनाकर अच्छी नोकरी पाने हेतु हमेशा तत्पर रहना चाहिए ग्रुप निदेशक उमेश कुमार गुप्ता जी ने कहा कि छात्र छात्राओं का नामचीन कंपनियो मे चयन होना कॉलेज विकास का परिचायक है, अच्छे प्लेसमेंट कराने हेतु निदेशक और उनकी प्लेसमेंट टीम बधाई के पात्र है , छात्र छात्रा स्वस्थ रहकर अपने पढ़ाई के उद्देश्य को पूरा करें। अंत में संस्थान निदेशक प्रो॰ (डॉ॰) स्वतन्त्र पोरवाल ने कहा कि हमारी संस्था भविष्य में भी एक से एक बड़ी कंपनी में प्लेसमेंट कराने हेतु कटिबद्ध है तथा नए प्रवेश हेतु भी छात्र-छात्राएं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व समस्त जानकारी हमारी वेबसाइट पर वह फोन नंबर 8191004009, 8191002009 पर प्राप्त कर सकते हैं।

इस समीक्षा में कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, डा॰ शुएब अली खान, ई॰ अंशिका पाठक, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भंडारी, राजीव कुमार, आदि ने प्रतिभाग कियावप्रो और सिस्को मे चयन होने पर दोनों छात्राओ ने बड़ा भावुक होकर कहा कि हम वीरा कॉलेज को जीवन मे कभी नहीं भूल सकते है, जिससे डिग्री लेकर हमे 18 लाख का पैकेज मिला है, जिसके लिए हम संस्था और अपने विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल जी के हमेशा आभारी रहेंगे जिनके अथकप्रयासो और मार्गदर्शन से हमे यह सफलता प्राप्त हुई है प्लेसमेंट होने वाले अनेक छात्र छात्राओ ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद भी कॉलेज के प्रयासो द्वारा अनेक प्लेसमेंट आयोजित कराये गए यह हम सब के लिए बड़े ही हर्ष और लाभ की बात है, इसके लिए हम कॉलेज के बहुत बहुत आभारी है।

कॉलेज सचिव कुंवर उदयवीरा ने कहा कि गत वर्षो में देश की नामचीन कंपनियों में छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट होना बहुत ही प्रशंसनीय है, इस प्लेसमेंट के ग्राफ को इस वर्ष और आगे बढ़ाना होगा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य कु॰ रुचि वीरा (पूर्व विधायक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) ने कहा कि सभी छात्र छात्राओ को अपने भविष्य के प्रति हमेशा जागरूक होना चाहिए तथा एक टारगेट बनाकर अच्छी नोकरी पाने हेतु हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस समीक्षा में कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष, डा॰ शुएब अली खान, ई॰ अंशिका पाठक, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भंडारी, राजीव कुमार, आदि ने प्रतिभाग किया।

छात्राओं का प्लेसमेंट होना बहुत ही प्रशंसनीय

- प्रो॰ (डॉ॰) स्वतन्त्र पोरवाल ने कहा कि हमारी संस्था भविष्य में भी एक से एक बड़ी कंपनी में प्लेसमेंट कराने हेतु कटिबद्ध है
- कोरोना महामारी के बाद भी कॉलेज के प्रयासो द्वारा अनेक प्लेसमेंट आयोजित कराये गए यह हम सब के लिए बड़े ही हर्ष और लाभ की बात है, इसके लिए हम कॉलेज के बहुत बहुत आभारी है

सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया

किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया

अफजलगढ़, प्रात : किरण

सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड अफजलगढ़ की ओर से वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए समान्य निकाय बैठक को सम्बोधित करते हुए सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सचिव साहब सिंह ने बताया कि समिति के वर्ष 2021-2022 के आय व्यय बजट का अनुमोदन एवं वर्ष 2022-23 के प्रस्तावित बजट,समिति के स्थिति पत्रक बैलेन्स शीट 2019-20 एवं 2020-21 का अवलोकन एवं अनुमोदन,गत वर्षो के सहकारी लेखा परीक्षा प्रमाण पत्रों एवं लेखा परीक्षा विवरण,समिति की उप विधि संख्या 43/13, 14, 47/1 एवं 53/20 में संशोधन कराने, समिति के पुराने बकायादारों से एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत मूलधन के बराबर ब्याज जमा करने पर मूलधन से अधिक ब्याज को बट्टे खाते में डालने,जिन समिति सदस्यों का शेयर पूर्ण जमा नहीं है उनके गन्ना मूल्य से शेयर धनराशि की कटौती करने पर, समिति कार्यालय हेतु भूमि क्रय करने एवं नीजि भवन की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उन्होंने समिति गोदामों में उपलब्ध ईफको नैनो यूरिया का उपयोग करने पर सुझाव दिया गया।

फसल बीमा पाठशाला में कृषको की समस्याओं का निराकरण किया

नगीना, प्रातः किरण। फसल बीमा पाठशाला में कृषको की समस्याओं का निराकरण किया गया। एडीओ कृषि रक्षा ने बताया की कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग किसान भागीदारी,प्राथमिकता हमारी, के उद्देश्य से पाठशालाओ का आयोजन कर रहा है। ग्राम प्रधान के आवास पर फसलबीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों को बताया की पाठशाला का मुख्य उद्देश्य पीएम किसान सम्माननिधि योजना के पात्र किसानों की जन सेवा केंद्रों के माध्यम से ईकेवाईसी कराना, किसान कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा जिन किसानों ने पंजीकरण करा लिया है उनका सत्यापन आदि कराना है। कृषि विभाग किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पाठशालाओ के माध्यम से प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कृषक भाई निसंकोच इन पाठशालाओ में अपनी समस्याओं व शंकाओं का समाधान करा सकते है। बुधवार को भी ब्लॉक की कई अन्य पंचायतो में भी फसलबीमा पाठशालाओ का आयोजन कराया गया।

संक्षिप्त खबरें

असम के धेमाजी जिले में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

लखीमपुर, एजेंसी। असम के धेमाजी जिले में मंगलवार को एक वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से वाहन में सवार दो यात्रियों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा जिससे वह क्षतिग्रस्त पुल की रेलिंग से जा टकराया एवं मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार यह वाहन अरूणाचल प्रदेश के पासीघाट से धेमाजी के सीलापथार जा रहा था और उसमें आठ लोग सवार थे। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और वे घायलों को सीलापथार के एक अस्पताल ले गये। छह घायलों में चार की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान नहीं हो पायी है। उनके शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाये गये हैं।

पति से झगड़ कर तीन बच्चे लेकर कुएं में कूदी महिला, मां बची, बच्चे मरे

ललितपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में पति से झगड़ कर पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ मंगलवार को कुएं में कूद गई, जिससे तीनों बच्चों की मौत हो गई और महिला की जान बच गई। पुलिस के अनुसार थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम मुहारा के मोहल्ला चौनवारा निवासी राजकुमारी (31 वर्ष) का पति चन्द्रभान से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। महिला ने अपनी बेटियों ज्योति (7 वर्ष), राखी (5 वर्ष) और बेटे सूर्यांश (2 वर्ष) को लेकर पास के कुएं में कूद गई। बच्चों को डूबता देख महिला ने शोर मचाया, जिसको सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन लोगों ने महिला को बाहर निकाला। जब महिला से बच्चों के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि तीनों बच्चे डूब गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों बच्चों को बाहर निकाला व महिला सहित तीनों बच्चों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया, वहीं महिला का उपचार चल रहा है। पुलिस ने तीनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस अधीक्षक निखिल पाठक ने बताया कि कुएं में डूबने से तीन बच्चों की मौत हुई है व मां को ग्रामीणों ने बचा लिया है। उन्होंने बताया कि पति से विवाद होने के बाद पत्नी बच्चों के साथ कुंए में कूद गई थी। पुलिस पति से पूछताछ कर रही है।

गैंगेस्टर एक्ट में चार आरोपियों की 1.45 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

सोनभद्र, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में राबर्ट्सगंज पुलिस ने मंगलवार को गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध चार आरोपियों की एक करोड़ 45 लाख 53 हजार रुपये कीमत की चल- अचल संपत्ति को जब्त किया है। चारों के खिलाफ रायपुर थाने में गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की राबर्ट्सगंज पुलिस ने मंगलवार को आरोपित संदीप सिंह पुत्र स्व. नरसिंह निवासी प्रभापुरम कॉलोनी, थाना रॉबर्ट्सगंज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी चल संपत्ति के रूप में एक ट्रक जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख 70 हजार रुपये को जब्त किया है। इसके अलावा कुनाल सिंह पुत्र प्रमोद सिंह निवासी कुशी, थाना रॉबर्ट्सगंज के एक ट्रक, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 23,80,000 रुपये, एक लाख रुपये अनुमानित कीमत की रॉयल इनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल, साढ़े पांच लाख रुपये अनुमानित कीमत की मारुती स्वीफ्ट कार, 58 हजार रुपये अनुमानित कीमत की टीवीएस मोटरसाइकिल जब्त की है।

सीएम से की गई शिक्षा माफियाओं के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की मांग

लखनऊ, प्रात : किरण

मुख्यमंत्री के आदेश के अनुपालन में अर्णिमा रिसाल सिंह एवं उनके गिरोह तथा डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, लखनऊ मण्डल विनय कुमार श्रीवास्तव के विरूद्व कठोर कार्यवाही के अन्तर्गत माफियाओं के विरूद्व गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किये जाने की उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी एवं जिला मंत्री महेश चन्द्र ने मा0 मुख्यमंत्री से मांग की है।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जांच आख्या के परीक्षणोपरान्त दोषियों के विरूद्व कठोर दण्डात्मक कार्यवाही कराकर तथा हुई अनियमिता को ठीक कराकर विलम्बतम एक पक्ष में पत्रावली पर अवगत कराए जाने की अपेक्षा की गई है।

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी एवं जिला मंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि श्रीमती अर्णिमा रिसाल सिंह एवं उनके गिरोह द्वारा डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एण्ड चिट्स की मिली भगत से कूट रचित दस्तावेजो के आधार पर लखनऊ क्रिष्चियन कालेज तथा सेंटीनियल इण्टर कालेज आदि की हजारों करोड रुपए की सम्पत्ति भूमि एवं भवन पर कब्जा करने सम्बन्धी शिकायत पर मा0 मुख्यमंत्री द्वारा मण्डलायुक्त को जांच किए जाने के आदेश दिए गए थे।

शिक्षक नेताओं ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देष पर मण्डलायुक्त, लखनऊ द्वारा दि0 14 अक्टूबर, 2021 को संयुक्त शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में उप-शिक्षा निदेशक विभा मिश्रा एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक आंग्ल भाषा रीता सिंह की गठित तीन सदस्यीय जॉच समिति ने दिनांक 08.03.2022 की जॉच आख्या मण्डलायुक्त को प्रेषित की थी। जन सूचना के अन्तर्गत प्राप्त जांच रिपोर्ट में डिप्टी रजिस्ट्रार और अर्णिमा रिसाल सिंह तथा उनके गिरोह के लोगों को दोषी पाया गया है। रिपार्ट पर कार्यवाही की मांग को लेकर जिला संगठन द्वारा दिनांक 21 अप्रैल, 2022 को शहीद स्मारक स्थल से मण्डलायुक्त कार्यालय तक शान्ति मार्च निकाला गया था तथा दिनांक 12 मई, 2022 को परिवर्तन चौक, हजरतगंज स्थित सुभाष पार्क में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम कर पीड़ा व्यक्त की गई थी। मण्डलायुक्त द्वारा दिनांक 13 जून, 2022 को जांच आख्या को मा0 मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया था। जांच आख्या के परीक्षणोपरान्त मा0 मुख्यमंत्री के आदेश पर एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री ने दिनांक 27 जून को अपर मुख्य सचिव, वित को पत्र जारी कर एक पक्ष में दोषी व्यक्तियों के विरूद्व कठोरतम कार्यवाही तथा अनियमितता ठीक कराने की अपेक्षा की है।

शिक्षक नेताओं ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में माफियाओं पर बुल्डोजर चलाए जा रहे हैं किन्तु आश्चर्य कि प्रदेश की राजधानी में शिक्षा माफिया बेखौफ घूम रहे है और मा0 मुख्यमंत्री के निर्देश पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है जिससे राजधानी लखनऊ के शिक्षक आक्रोशित हैं और कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। जिला संगठन ने निर्णय लिया है कि मा0 मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार तत्काल कार्यवाही नही होती है तो जिला संगठन आन्दोलनात्मक कदम उठाने के लिए वाध्य होगा।

सीएम ने स्वास्थ्य विभाग में तबादलों में हुई गड़बड़ी पर तीन सदस्य टीम का किया गठन

लखनऊ, प्रात : किरण

स्वास्थ्य विभाग में तबादलों की गड़बड़ी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्शन लेते हुए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्य टीम का गठन किया है।

उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादलों में काफी अनियमितताओं के चलते यह मामला विपक्ष द्वारा उठाए जाने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने हस्तक्षेप करते हुए मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र की अध्यक्षता में तीन सदस्य टीम का गठन किया है जिसमें अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी एवं अपर मुख्य सचिव गन्ना संजय भुस रेड्डी को भी शामिल किया गया है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों एवम् कर्मचारियों के तबादलों के मामले में गड़बड़ी को लेकर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपर मुख्य सचिव को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था।

प्रांतीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा एसोसिएशन ने तबादलों पर आपत्तियां जताते हुए संशोधन की मांग की थी। स्वयं डॉक्टरों ने भी स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादलों पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया था कि तबादला नीति को दरकिनार करते हुए तबादलें किए गए। तबादलों के दौरान 25 जिलों में नए सीएमओ को तैनात किया गया जिनमें से कई के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। दूसरी और सीएम ने पीडब्ल्यूडी में हुए तबादलों की सूची भी मांगी है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वास्थ्य विभाग में तबादलों में हुई गड़बड़ी पर एक्शन के मूड में हैं।

राशन डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन का लगाए गंभीर आरोप

सम्भल, प्रात : किरण

उत्तर प्रदेश सरकार लगातार जीरो टोलेस पर काम कर रही है लेकिन आपूर्ति विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण राशन डीलरो अपनी दबंगई दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसा ही एक मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत खानपुर खुम्मार में ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर गंभीर आरोप लगाए हैं आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया है हमारे यहां का राशन डीलर सुरेश कुमार कार्ड धारकों के साथ अभद्र व्यवहार करता है और राशन पूरा नहीं देता है जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी पात्र कार्ड धारकों को 5 किलो प्रति यूनिट के हिसाब से वितरण करा रही है। लेकिन हमारे गांव का डीलर नियमानुसार राशन नहीं देता है जबकि सरकार द्वारा सभी पात्र कार्ड धारकों को चना. नमक. रिफाइंड. गेहूं. चावल. निशुल्क वितरण किया जा रह है लेकिन कुछ दबंग राशन डीलर अपनी दबंगई दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं ग्रामीण में राशन डीलर पर आरोप लगाते हुए यह भी कहा है कि राशन डीलर द्वारा हमसे कार्ड बनवाने के नाम पर पैसे ले लिए हैं लेकिन नहीं तो हमारा आज तक कार्ड बना है और नहीं हमें कोई भी पैसा वापस किया गया जब हम राशन डीलर अपने कार्ड के बारे में पूछते हैं तो यह कह कर टाल देता है कि अभी साइड बंद है जब पैसे मांगते हैं तो हमसर लड़ने पर उतारू हो जाता है। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान यासीन से बात की गई तो प्रधान द्वारा बताया गया है कि ग्रामीणों के सभी आरोप सही हैं राशन डीलर द्वारा मानक के अनुसार राशन नहीं दिया जाता है एक नाम पर 4 किलो राशन वितरण करता है और अंतोदय कार्ड धारकों को चीनी भी नहीं दी है और डीलर ने कुछ राशन कार्ड धारकों से राशन कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध वसूली की है ऐसा मुझे ग्रामीणों ने आकर बताया है।

विरोध प्रदर्शन करने वालों में यासमीन .शहीदन .हमसरी. मोहम्मद आलम .हेतराम .धर्मबीर . सोनू. वीरसिंह. मंजू सैनी. जीवाराम. असगर. रईसन. राजेंद्र. अरविंद. मोमिन. हबीब. नेपाल. इरशाद. महावीर. सतबीर. आदि रहे।

श्री गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने किया वृक्षारोपण

- सीएम योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश इस लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- प्राचार्या के साथ कॉलेज के शिक्षण स्टाफ से डॉ.कीर्ति पटेल, डॉ.पूजा सिंह, डॉ रंजीत कौर एवं डॉ. दिव्या प्रजापति ने वृक्षारोपण किया।

लखनऊ,प्रात : किरण

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेगा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त तक प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश इस लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। वृक्षारोपण के इस मेगा अभियान में मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों के साथ साथ ग्राम पंचायतें, शिक्षण संस्थाएं एवं समाज सेवी संस्थाएं अपना पूर्ण योगदान दे रही हैं। इसी क्रम में चारबाग स्थित श्री गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज के स्टाफ एवम् एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) की छात्राओं ने कॉलेज प्राचार्या श्रीमती सुरभि गर्ग के निर्देशन में गुरुद्वारा नाका हिंडोला के सामने मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर वृक्षारोपण किया। प्राचार्या के साथ कॉलेज के शिक्षण स्टाफ से डॉ.कीर्ति पटेल, डॉ.पूजा सिंह, डॉ रंजीत कौर एवं डॉ. दिव्या प्रजापति ने वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुरभि गर्ग ने वृक्षारोपण करने पहुंची एनएसएस की छात्राओं से वृक्षारोपण के साथ साथ इन पौधों के संरक्षण एवं समय समय पर इन पौधों को पानी से पोषित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना मात्र हमारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि इनकी देखभाल करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। श्रीमती गर्ग ने बताया कि मेगा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत श्री गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज अभी तक 150 से अधिक पौधे लगा चुका है।

पहली बरसात ने खोली नाला निर्माण की पोल भरभरा कर गिरी नाले की दीवार ग्रामीणों ने लगाया घटिया सामग्री लगाने का आरोप

- जिला पंचायत द्वारा असमोली विकासखंड की सफात नगर ग्राम पंचायत में गांव के पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है

संभल, प्रात : किरण

जिला पचायत द्वारा गांव की पानी की निकासी के लिए बनाया जा रहा नाला पहली बरसात का शिकार हो गया नाले के निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है जबकि नाला निर्माण की तकनीक की देखरेख कर रहे अवर अभियंत ने नाले की दीवार ढह जाने पर बेतुका बयान देते हुए कहा है कि कोई बात नहीं है यदि दीवार गिरी है तो दोबारा बनवा दी जाएगी उधर नाला निर्माण करा रहे ठेकेदार ने दीवार ढहने का आरोप ग्रामीणों पर मढ दिया है गौरतलब है कि जिला पंचायत द्वारा असमोली विकासखंड की सफात नगर ग्राम पंचायत में गांव के पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है नाला लगभग 550 मीटर लंबा तथा 27 लाख रुपए की लागत से बनाए जाना बताया गया है ग्रामीणों ने बताया है कि ठेकेदार ने नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के साथ-साथ ही सामग्री को मानक के अनुसार नहीं लगाया जिससे पहले ही बरसात में नाले की दीवार ढह गई उधर नाला निर्माण की तकनीकी देखरेख कर रहे जिला पंचायत के अवर अभियंता नाजिम ने यह कहकर बात समाप्त कर दी की दीवार ढह गई तो कोई बात नहीं दोबारा बनवा दी जाएगी ठेकेदार विक्रांत ने दीवार ढहने का आरोप ग्रामीणों पर यह कहकर लगाया कि ग्रामीणों द्वारा पानी छोड़ने से दीवार ढह गई है उसी के साथ जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अफजाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नाले का निर्माण मेरी गैरमौजूदगी में कराया गया है लेकिन ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि नाले में घटिया सामग्री लगाई गई है इसी कारण नाला ढह गया है नाला ढह जाने की सूचना मैंने जेई नाजिम को फोन पर पहले ही दे दी गई है।

सभी के लिए शिक्षा पर ध्यान देकर जनसंख्या वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण संभव : शफीकुर्रहमान बर्क

संभल, एजेंसी

संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने बच्चे पैदा करने का ताल्लुक अल्लाह से बताते हुए सरकार को यह सलाह दी है कि कानून लाने के बजाय सभी के लिए शिक्षा पर ध्यान देकर जनसंख्या वृद्धि से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। कथित तौर पर एक खास नजरिये से जनसंख्या में वृद्धि को देखने के लिए राज्य सरकार पर हमला करते हुए सपा सांसद बर्क ने कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य 2024 में होने वाले (लोकसभा) चुनावों में वोट हासिल करना है। बर्क ने सोमवार रात यहां संवाददाताओं से कहा, जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए कानून को एक हथियार के रूप में सोचने की जगह, सरकार को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और सभी के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए, चाहे वे गरीब, बड़े या छोटे हों अगर उन्हें पूरी शिक्षा मिलती है तो जनसंख्या का मुद्दा हल हो जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार कानून लाने के बजाय तालीम पर जोर दे।

हर चीज को एक खास नजरिए से देखने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए बर्क ने आरोप लगाया कि उसका एकमात्र उद्देश्य 2024 के चुनावों में वोट हासिल करना है जिसके लिए वह किसी भी कीमत पर लोगों का नजरिया बदलना चाहती है। बर्क ने कहा, यह (जनसंख्या) मुद्दा एक मानवीय मुद्दा है जो सभी को चिंतित करता है। हर चीज को एक खास नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर सोमवार को लखनऊ मेंह्यजनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा था, जब हम परिवार नियोजन/जनसंख्या स्थिरीकरण की बात करते हैं तो हमें ध्यान में रखना होगा कि जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़े, लेकिन जनसांख्यिकी असंतुलन की स्थिति भी न पैदा होने पाए। योगी ने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए कि जनसंख्या वृद्धि की गति या किसी समुदाय का प्रतिशत अधिक हो और हम मूल निवासियों की आबादी को स्थिर करने के लिए जागरूकता या प्रवर्तन के माध्यम से कार्य कर रहे हों।

बुलंदशहर में माफिया आरिफ पहलवान की संपत्ति कुर्क

बुलंदशहर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के आदेश के अनुपालन में खुर्जा के पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को चिन्हित माफिया आरिफ पहलवान की दो करोड़ रुपये से अधिक कीमत की संपत्ति को कुर्क कर लिया। बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया की ग्राम इस्लामाबाद थाना खुर्जा देहात निवासी आरिफ पहलवान जनपद का चिन्हित माफिया है। उसके विरुद्ध गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के अलावा लूट, हत्या, गौहत्या के 48 मुकदमे जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वर्तमान में वह रासुका के तहत निरुद्ध है। कुमार ने बताया कि आरिफ पहलवान ने समाज विरोधी क्रियाकलापों से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित कर अचल संपत्ति अर्जित की है। राज्य सरकार के माफिया विरोधी अभियान के तहत माफियाओं की अवैध संपत्ति जब्त करने का अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है।

हर घर लहराएगा तिरंगा, गूंजेगा झण्डा ऊंचा रहे हमारा

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आगामी 11 से 17 अगस्त की अवधि को स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत हर घर तिरंगा का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें हर प्रदेशवासी को सहभाग करना चाहिए। अमीर-गरीब का भेद मिटाकर सभी लोग समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान कम से कम 02 करोड़ 68 लाख घरों और सभी 50 लाख सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों और वाणिज्यिक-औद्योगिक इकाइयों अन्य प्रतिष्ठानों कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया जाए। सभी अमृत सरोवरों पर झण्डा फहराया जाए।मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज यहां उनके सरकारी आवास पर आजादी के अमृत महोत्सव के सम्बन्ध में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत संस्कृति विभाग द्वारा तैयार सामुदायिक रेडियो जयघोष के थीम सांग को लॉन्च किया। साथ ही, उन्होंने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह 11 से 17 अगस्त, 2022 तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। प्रत्येक नागरिक को इससे जुड़ना चाहिए। लोग अपने फहराए तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सकते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रचार-प्रसार के लिए एन0सी0सी0/एन0एस0एस0 व अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाए। स्कूलों में स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिता कराई जाए। स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकालकर आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झण्डा गीत झण्डा ऊँचा रहे हमारा के रचयिता श्यामलाल गुप्त पार्षद कानपुर के ही निवासी थे। इस गीत की प्रतियां आमजन को उपलब्ध कराई जाएं। राष्ट्रभक्ति के गीतों को संकलित लोगों को उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम तैयार किए जाएं। पहले दिन स्कूलों में झण्डा गीत का गायन हो। तिरंगा के सफर पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन हो। पेण्टिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित हों। इसी प्रकार, दूसरे दिन हर गांव में पौधारोपण हो। नुक्कड़ नाटक कराए जाएं। ग्राम सचिवालयों का शहीदों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर नामकरण किया जाना चाहिए। परिषदीय विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रभात फेरी आयोजित हो। राष्ट्रभक्ति के गीत/कविताओं की प्रतियोगिता कराई जाए। उनके बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम होने चाहिए। स्वतंत्रता दिवस के दिन हर बच्चे के हाथ में राष्ट्रध्वज होना चाहिए। हर बच्चे को मिष्ठान्न जरूर मिले। सप्ताह के हर दिन के लिए अलग-अलग कार्यक्रम तय करें।

देश की प्रगति में बाधक है नेताओ का बड़बोलापन : शाह आलम रौनक

संभल, प्रात : किरण

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी को अपनी बात कहने और अपने विचार प्रकट करने की आजादी है। प्राचीन काल से ही हमारा देश आपसी प्रेम भाईचारे के लिए विश्व मे अपनी अलग ही पहचान रखता है लेकिन वर्तमान समय मे हमारे नेतागण इस आजादी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे अपना प्रभाव कायम रखने के लिए जनता के बीच वैमनस्य पैदा करने का प्रयास करते हैं। नफरत पैदा करने वालों शब्दों का प्रयोग कर देश को तो बांट रहे हैं जिससे विश्व पटल पर भारत की छवि के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

भारत दुनिया की नजरों में फिल्म के हीरो की तरह है। भारत में विभिन्न धर्मों और संस्कृति के लोग मिलजुल कर रहते हैं। इससे भारत को विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन आज देश में कुछ ऐसे लोग हैं, जो अपने फायदे के लिए नफरत भरे बयान देकर देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस प्रकार नफरत भरे बयानों से समाज में तनाव पैदा होता है। आपसी वैमनस्य को बढ़ावा मिलता है। यकीनन इस तरह के बयानों से पूरी दुनिया में देश की छवि खराब होती है यही कारण है कि दिन ब दिन नफरत भरी बयानबाजी देश की छवि को बिगाड़ रही है।

वास्तव में नफरत भरी बयानबाजी, भ्रामक प्रचार-प्रसार और घृणित राजनीति आज कई बड़े राजनीतिक दलों का एजेंडा बन गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से खूब दुष्प्रचार हो रहा है। ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में सूचनाएं और समाचार तुरंत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच जाते हैं। सार्वजनिक मंच से बोलने वाले इतने विवेकहीन नहीं होते कि उन्हें पता नहीं होता कि उनके भाषण पर क्या प्रतिक्रिया होगी। इनमें कुछ नेता भी होते हैं जो अपने राजनीतिक लाभ के लिए भड़काऊ भाषण देते हैं। ऐसे लोग माहौल को संवेदनशील बना देते हैं जिससे देश मे निहित भाईचारे को अधिक चोट पहंचती है और लोग इससे प्रेरित होकर एक दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं। परिणामस्वरूप देश मे धरने प्रदर्शन,आगजनी,तोड़फोड़ आदि घटनाओं से देश का विकास थम सा जाता है।

किसी भी देश के विकास उसके अंदर निहित एकता, अखंडता,प्रेम और भाईचारे पर निर्भर करता है जिससे सभी धर्मों के लोग मिलकर देश की प्रगति में योगदान दें लेकिन आज नेताओं के नफरत भरे भाषणों का बहुत बुरा असर हो रहा है। ऐसे बयान एक विशेष लक्ष्य निर्धारित करके जारी किए गए जाते हैं जिसमे तीखी प्रतिक्रिया होती है। वे भय और अंदेशे से भी ग्रस्त होते हैं। इसके चलते उन्हें भड़काने या फिर अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने वालों का काम आसान होता है। ऐसे बयानों से वैमनस्य, विग्रह और विवाद के अलावा और कुछ हासिल नहीं होता। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव देश की छवि पर पड़ता है। इससे बचने के लिए हमें एक दूसरे के खिलाफ कटुता, अप्रिय टिप्पणी और व्यक्तिगत आक्षेप लगाने से बचना चाहिए। नफरत के इस खेल में आज हालत यह है कि पद की गरिमा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरे बयानों से भारत कमजोर होता है। इससे देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा मिलता है। आज जिस प्रकार राजनेता और राजनीतिक दल अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए भड़काऊ बयान देते हैं ,यह बहुत ही निंदनीय है। इससे लगातार देश मे एक प्रकार की नफरत बढ़ रही है जो देश और देश के विकास को पीछे ले जा रही है। अंत मे एक प्रश्न रह जाता है कि आखिर नफरत की यह कब बुझेगी?

बिना मान्यता के धड़ल्ले से चल रहे निजी स्कूल शिक्षा विभाग और प्रशासन ने नोटिस तक ही सीमित की कार्यवाही

- बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों के कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं

संभल, प्रात : किरण

बिना मान्यता के धड़ल्ले से चलते निजी स्कूलों पर स्थानीय प्रशासन ने कोई अंकुश नहीं लगा पा रहा है बिना मानक के बने भवनों में ठूंस ठूस कर बच्चों को भरे जाने का मामला सामने आने पर स्कूल संचालक स्कूल को कोचिंग सेंटर बताने लगा है। मंगलवार को प्रातः किरण अखबार की टीम ने पबांसा विकासखंड के नसीरपुर गांव में एक मेंथा फैक्ट्री के पास बने एक बड़े हॉल में एक निजी स्कूल संचालित पाया गया जब पूछताछ के साथ स्कूल की फोटोग्राफी की गई तो स्कूल संचालक नाजिम उसके साथ शिक्षण कार्य में लगे दो लड़कियों ने स्कूल को कोचिंग सेंटर बताना शुरू कर दिया हालांकि स्कूल संचालक कोचिंग सेंटर के लिए बने मानको को भी नहीं दिखा सका उधर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी मुंशी राम पटेल ने बताया है कि बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों के कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं बिना मान्यता के किसी भी स्कूल को संचालित करने पर स्कूल संचालक के खिलाफ विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की बात भी एबीएसए ने कही गौरतलब हो कि बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों की क्षेत्र में बाढ़ सी आई हुई है लेकिन प्रशासन और शिक्षा विभाग ने उन्हें नोटिस देकर ही अपने कर्तव्य की क्षतिपूर्ति कर ली है है।

बुलंदशहर में छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बुलंदशहर, एजेंसी। बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर एक युवक द्वारा मंगलवार को बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दिलीप सिंह ने बताया कि छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म की बात सामने आई है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दे दिए गए हैं और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बच्ची के पिता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला युवक रवि टीवी दिखाने के बहाने बच्ची को अपने घर पर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार खुर्जा नगर थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली छह साल की बच्ची मंगलवार को अपने घर के बाहर खेल रही थी।

संक्षिप्त खबरें

कोविड का एक मरीज भर्ती, 3 को छुट्टी

पटना सिटी। एनएमसीएच में कोरोना पॉजिटिव दो भर्ती मरीज का उपचार अस्पताल में चल रहा है। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को मालसलामी के नूरपुर निवासी 76 साल की कोरोना संक्रमित महिला को इलाज को भर्ती किया गया है। पहले से भर्ती तीन मरीज को अस्पताल से घर भेजा गया है। इसमें पटना के बहादुरपुर बेलदारी के 57 साल के मनु चौहान, वैशाली के भगवानपुर के रसहा पूर्वी के 44 साल का रणजीत कुमार और लखीसराय के हमसा हमसी के 24 साल का विकाश कुमार है। यहां अभी कोविड के दो मरीजों का भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

छापेमारी में 5300 का जुमार्ना, 13 किलो प्लास्टिक जब्त

पटना सिटी। पटना नगर निगम सिटी अंचल की ओर से पॉलीथिन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें 13 किलो प्लास्टिक जब्त किया गया। साथ ही 5300 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी उत्तम कुमार ने बताया कि मारूफगंज से सिमली मालसलामी के बीच अभियान चलाया गया था। इसी प्रकार अजीमाबाद अंचल में भी छापेमारी अभियान चलाया गया है।

गुरु पूर्णिमा आज, लौटेगी रथयात्रा

पटना सिटी। आषाढ़ माह की गुरु पूर्णिमा पर लोगों की जबरदस्त तैयारी है। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन ही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का मूल स्थान पर वापसी भी मंदिर में होगी। पूर्णिमा को ले अनेक स्थान पर तैयारी चल रही है। गुरुवार से सावन मास की शुरुआत हो रही है। इस दौरान प्रवास में रहे भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की गयी। गोपीनाथ जी की गली स्थित 127 वर्ष प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में पुजारी आचार्य पंडित रामानंद पांडेय की देखरेख में पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान हुआ। दीवान मुहल्ला नौजर घाट स्थित 211 वर्ष प्राचीन जगन्नाथ बाड़ी स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुजारी आचार्य विष्णुकांत झा देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान हो रहा है। गुरुवार से आरंभ हो रहे सावन को लेकर शिवालयों में भी तैयारी की जा रही है। रंग-रोगन और सजावट का काम चल रहा है। गंगा स्नान को भी लोग विभिन्न घाट पर जुटेंगे। गंगा आरती भी की जाएगी।

हत्याकांड व शराब में गिरफ्तार

पटना सिटी। खाजेकलां थाना की पुलिस ने हत्या के मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त आकाश कुमार उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि पादरी की हवेली के बंद गली मुहल्ला के पास बीते 13 अप्रैल की रात पान दुकानदार दिलीप सहनी के पुत्र अमन की हत्या हुई थी। इस मामले में गिरफ्तारी की गई है। दूसरी ओर बहादुरपुर थाना की पुलिस ने बहादुरपुर मुसहरी में छापेमारी कर 150 लीटर देसी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष योगेश चंद्र ने बताया कि छापेमारी के दौरान धंधेबाज नीरज कुमार पकड़ा गया। सुल्तानगंज थाना पुलिस ने गुलबी घाट के चौरसिया लॉज के पास नशे में हंगामा कर रहे उदय कुमार को गिरफ्तार किया है।

एनएमसीएच में चार डॉक्टर व एक स्टाफ समेत आठ संक्रमित

पटना सिटी। एनएमसीएच में कोविड की जांच में चार डॉक्टर व एक स्टाफ कोरोना संक्रमित मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के हेड व एनएमसी के प्राचार्य डॉ हीरालाल महतो ने बताया कि मंगलवार को अस्पताल में लिए गए 70 नमूना की जांच में सात कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसमें डॉक्टर व स्टाफ भी शामिल हैं। इसी प्रकार वैशाली जिला से आए 461 नमूना की जांच में एक पॉजिटिव केस मिला है। प्राचार्य ने बताया कि पटना और वैशाली से आये 531 सैंपल की जांच की गयी थी।

84 दंगा पीड़ितों की लड़ाई लड़ने वाले कुलदीप सिंह भोगल का तख्तश्री में हुआ सम्मान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बीते 38 वर्षों से 1984 के दंगा पीड़ितों की लड़ाई लड़ते आ रहे कुलदीप सिंह भोगल का तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी द्वारा सम्मान किया गया। तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन, अध्यक्ष अवतार सिंह हित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह खनूजा, सदस्य गुरुबिंदर सिंह एवं मीडीया प्रभारी सुदीप सिंह के द्वारा जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल को सिरोपा, कृपाण एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल उनके पुराने साथी भी हैं और उन्होंने 1984 के दंगा के दर्द को झेला भी है। इस कत्लेआम और लूटपाट के दौरान उनके पारिवार का काफी नुकसान भी हुआ, मगर उन्होंने तब से लेकर आज तक पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ी और कातिलों को सजा दिलाने के लिए दिल्ली सहित कानपुर और बोकारो में अपने दम पर बिना किसी संस्था के सहयोग से इस लड़ाई को लड़ा। उसी का परिणाम है कि आज कानपुर और बोकारो में भी 38 वर्ष बाद कातिलों को सजा होने लगी हैं। श्री हित ने कहा पर एक बात का अफसोस है कि आज अनेक ऐसे लोग, जिनका इस संघर्ष से दूर-दूर तक कोई वास्ता ही नहीं रहा, वह भी इसका श्रेय लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि कुलदीप सिंह भोगल ने तख्तश्री कमेटी से बोकारो में कातिलों को सजाए दिलाने के लिए सहयोग की मांग की है, जिसे मंजूर करते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया कि तख्त साहिब की कमेटी कुलदीप सिंह भोगल की हरसंभव मदद करेगी, ताकि कत्लेआम के दोषियों को सजा करवायी जा सके।

तख्तश्री परिसर में सिख मार्शल आर्ट का कैंप लगा

पटना के बाद बिहार व झारझंड के जिलोंनमे में लगाए जाएंगे

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख मार्शल आर्ट (गतका सिखलाई) के लिए कैंप लगाया गया। इसका उद्घाटन तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन, अध्यक्ष अवतार सिंह हित एवं कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर जत्थेदार ज्ञानी मस्कीन ने स्वयं गतका खेलकर कैंप की शुरुआत की। एक सप्ताह तक कैंप चलेगा और बाद में अन्य स्थानों पर भी आयोजित होगा। एक जुलाई से तख्त साहिब के हजूरी कथावाचक भाई सतनाम सिंह के द्वारा तख्त साहिब में बच्चों को पंजाबी, गुरमत सिखलाई, कीर्तन एवं दस्तार सिखलाई का कैंप लगाया गया था, जिसका 15 जुलाई को समापन होगा। इसके साथ ही अब सिख मार्शल आर्ट गतका सिखलाई की शिक्षा देने के लिए भी क्लास अमर शहीद धन धन बाबा दीप सिंह इन्टरनेशनल गतका अखाडा, रोपड़ के सहयोग से लगाई जाएगी, जिसमें रणजोत सिंह के द्वारा बच्चों को गतका खेलना सिखाया जाएगा। बच्चों सहित अन्य गुरसिख पुरुष एवं महिलाएं आकर गतका सिखलाई कैंप का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप बिहार और झारखण्ड के अन्य स्थानों पर भी लगाए जाएंगे, जिससे बच्चों खासकर महिलाओं को अपनी स्व-रक्षा हूनर मिल सके। गतका सिखों का विरासती खेल भी है। इसकी शिक्षा हर सिख को लेनी चाहिए। शिविर समापन के बाद प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाएगा।

शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने को लेकर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई

बिहटा, प्रात किरण

● इस मौके पर सदिसोपुर पंचायत की मुखिया दीक्षा प्रियदर्शी ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को रवाना किया।

मंगलवार को प्रखण्ड के सदिसोपुर पंचायत में मध्य विद्यालय के दर्जनों स्कूली बच्चों के नेतृत्व में नामांकन हेतु प्रवेशोत्सव दिवस के अवसर पर शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने को लेकर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई।इस मौके पर सदिसोपुर पंचायत की मुखिया दीक्षा प्रियदर्शी ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को रवाना किया।वही प्रभातफेरी में शामिल दर्जनों बच्चों ने शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हाथों में तख्तियां लेकर बच्पन से ही मेरा सपना पढ़ना लिखना और पढ़ना ,जाग उठे हैं नर और नारी शिक्षित होने की सबकी तैयारी,तुम मानो मेरा कहना, शिक्षा से कभी दूर न रहना के साथ नारे लगाते हुये नगर का भ्रमण किया।मुखिया दीक्षा प्रियदर्शी ने बताई की नवम कक्षा में नामांकन हेतु प्रवेशोत्सव दिवस मनाया जा रहा है।इसी कड़ी में मध्य विद्यालय के दर्जनों छात्र-छात्राओं के नेतृत्व में शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए नगर में प्रभातफेरी निकाली गयी है।साथ ही कहा की हर वर्ग के बच्चों को अब शिक्षा पर अधिकार है।शिक्षा ही समाज का अब आईना है।बिन शिक्षा के ज्ञान अधुरा एक रोटी कम खाएं लेकिन बच्चों को शिक्षा जरूर दे।मौके पर प्रधानाचार्य सतीश कुमार,विजय कुमार समाजसेवी कवि कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।।

नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्कूली बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ जांच कर कॉलेज का परिभ्रमण कराया गया

बिहटा, प्रात : किरण

बिहटा के अमहारा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्कूली बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ जांच कर कॉलेज का परिभ्रमण कराया गया।इस मौके पर पंहुचे बी डी पाण्डेय स्कूल बिहटा के दर्जनों स्वस्थ जांच कराने के बाद अस्पताल एवं कॉलेज का परिभ्रमण किया। परिभ्रमण के दौरान चिकित्सको ने बच्चों प्रयोगशाला घुमाते हुए मानव के ओरिजनल अंगों ब्रेन, फेफड़ा, किडनी, लिभर, इत्यादि को देखा। फिजियोथेरेपी में बिना सुई दावा के इलाज के बारे में जाना।ब्लड सेम्पल के याद जांच की प्रक्रिया को बारीकी से बताया गया।इस मौके पर कॉलेज के एमडी कृष्ण मुरारी सिंह ने बच्चों को उपहार देकर उनके हौशला को अफजाई किया।उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन काफी संघर्षशील होता है।छात्र अपने जीवन मे अपनो के लिये नही समाज उत्थान के लिये योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का लक्ष्य रखे तभी एक सुविकसित समाज की स्थापना हो सकती है।समाज राष्ट्र को आकार देता है और युवा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने नारा दिया कि छात्र देश का भविष्य ही नहीं वर्तमान भी हैं।

केंद्र में भाजपा की सरकार आते बढ़ी महंगाई : श्याम रजक

● नौजवानों का अग्निपथ में बहाली उनके जीवन से खिलवाड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल पटना साहिब के द्वारा गायघाट गांधी सेतु के नीचे अशोक राजपथ पर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं सेना में अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध में एकदिवसीय सत्याग्रह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव पूर्व निगम पार्षद प्रदीप मेहता ने और संचालन सलमान अख्तर ने किया।

इसमें मुख्य रूप से राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि केन्द्र में जब भी भाजपा की सरकार आई है, तब से दिन- प्रतिदिन महंगाई एवं बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। 2014 में घरेलू गैस सिलेंडर करीब 450 रुपया में लगभग मिलता था, आज 1151 रुपया में लोगों को मिल रहा है। पेट्रोल और डीजल, जो पहले 60-70 में मिलता था, आज बढ़कर 100 से ऊपर प्रति लीटर हो गया है। इजके कारण सभी उपभोक्ता वस्तु का दाम आसमान छू रहा है।

महंगाई से जनता बेहाल है। श्री श्याम ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि बढ़ती महंगाई पर अविलंब रोक लगाए और सेना में अग्निपथ भर्ती योजना को अविलंब रोक लगाकर जिस तरह पहले बहाली हुआ करता था, उसी ढंग से सेना में बहाली करने की मांग की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रदीप मेहता ने कहा कि जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, तब से उसके जनविरोधी नीति के कारण दिन-प्रतिदिन लगातार महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। तेल और गैस कंपनियां बार-बार रसोई गैस एवं पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि करती जा रही हैं। इस कारण से सरसों तेल से लेकर सभी खाद्य पदार्थों एवं जीवन रक्षक दवा पर भी 25 से 30 प्रतिशत वृद्धि हो गई। राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव ने कहा कि बिहार में लालू लरसड सर्वमान्य नेता हैं। उन्हें हर तबके के लोगों पर नजर होती थी। मगर उन्हें घोटाला में फंस कर जेल भेज उनके स्वास्थ्य को कमजोर कियाया।

सत्याग्रह में मुख्य रूप से पूर्व राज्य सभा सांसद राजनीतिक प्रसाद, पूर्व वार्ड पार्षद मो कुरेशी, प्रो इकबाल अहमद, विनोद यादव, संजय रजक, अजीत सिंह, कुशवाहा, साबिर अली, रतन यादव, पंकज रजक, शकुंतला प्रजापति, छोटू राम, संगीता यादव, फिरोज अंसारी, विमला देवी, डॉ सत्येंद्र ठाकुर, रामबाबू पाल, मुन्ना खान, प्रिंस पाठक, नैयर कमाल, राजेश रजक, हिदायत अहमद, सुनील साहनी, जेम्स यादव, मो पिंकू, बासुदेव पंकज, सरोज देवी, असगर अली, कौशल किशोर कृष्ण, अरुण स्वर्णकार आदि शामिल थे।

गाजे बाजे के साथ निकली सांई पालकी शोभायात्रा

दानापुर।गुरू पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर सांई अंगना मंदिर द्वारा साई पालकी शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई।सबसे पहले मंदिर में सद्गुरु साईनाथ व पालकी की 21 महिलाओं द्वारा भव्य आरती उतारी गयी और परम्-श्रधेय गुरुजी का स्वागत गान किया गया।तदउपरांत पुजारी दयानंद पांडेय ने पालकी का विधिवत पूजा अर्चना किए। उसके बाद गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकली।जो सदर बाजार होते हुए तकिया पर गई, वहां से मुख्य मार्ग होते हुए पुन मंदिर आकर यात्रा समाप्त हो गई। यात्रा के दौरान पालकी को कंधा देने के लिए श्रद्धालुओं के बीच होड़ मची हुई थी।शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा में चले रहे सांई सेवकों के स्वागत के लिए ठंडा पानी,शर्बत, नास्ते का व्यवस्था किए हुए थे,तो कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए बाबा का आरती उतारें।इस दौरान सांई बाबा के जयकारे से शहर गुंजायमान होता रहा।यात्रा में महिलाओं ने काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

सायटिका शीघ्र ठीक होता है एक्युप्रेशर से : डॉ सर्वदेव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा मंगलवार को कॉलेज परिसर में एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त की अध्यक्षता में एक्युप्रेशर जनक डॉ चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 36वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर एक्युप्रेशर मिलन सह सायटिका विषयक संगोष्ठी हुआ। डॉ गुप्त ने बताया कि यह एक विशिष्ट प्रकार का दर्द है, जो नितम्बों से शुरू होकर टखनों तक जाने वाले स्नायु में दर्द होने से उत्पन्न होता है। यानी यह सायटिका की शोथयुक्त अवस्था है। सायटिका नर्व विकृत होकर कमर से पैर के टखने तक भयंकर पीड़ा होती है। कभी एक पैर में और कभी दोनों पैर में दर्द होता है, जो बाद में बढ़कर तेज हो जाता है। इसका कारण स्पौंडिलाइटिस, नितम्ब संधिशोथ, गठिया, वायु, उपदंश आदि रोग के कारण होता है।

स्नायु दुर्बलता, कठोर एवं अधिक श्रम करना, चोट लगना, स्थानिक अस्थियक्ष्मा, अर्वुद का दबाव, लम्बे समय तक बैठना, सायटिका नर्वस पर दबाव पड़ना है। कूल्हे और उसके नीचे जांघ के पिछले भाग में साइटिका नर्व गुजरने वाली स्थान पर कोई संघात्मक चोट लगना आदि।इसका लक्षण कमर से लेकर पैर तक में दर्द होता है, सुन्नता एवं झुनझुनाहट प्रतीत होता है, जिससे उठने, बैठने, चलने, फिरने तथा लेटने के समय कष्ट होता है। नितम्बों से लेकर घुटने के पिछले हिस्से तक और कभी- कभी एड़ी तक दर्द की एक लकीर सी खींची प्रतीत होता है। कभी तेज दर्द होता है अथवा बहुत हल्का प्रतीत होता है। तीव्र दर्द के समय खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है। सामान्य चिकित्सा है कि यदि कब्ज हो तो उसे दूर करें। यदि डायबिटिज हो तो साथ ही इसकी भी चिकित्सा की जानी चाहिए।

यदि दांत की जड़ में पस की उपस्थिति मिलता है, तो उसका भी इलाज कराना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन करते कॉलेज सचिव डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि सायटिका का इलाज एक्युप्रेशर में सबसे सफल है। यह शीघ्रता से ठीक होता है, सायटिका रोगी के लिए तो एक्युप्रेशर वरदान है। अधिकतर रोगियों को तो पहले दिन ही बहुत फायदा हो जाता है।

कबीर मठ फतुहा में आज मनेगा गुरु पूर्णिमा उत्सव

फतुहा। स्थानीय दरियापुर स्थित कबीर मठ फतुहा में बुधवार 13 जुलाई 2022 को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर पीठ फतुहा के संरक्षक आचार्य महंत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कबीरपंथी निर्गुण भजन, गुरु दीक्षा, प्रवचन, सत्संग, भोजन भंडारा शाम 4:00 बजे से 7:00 बजे रात्रि तक आयोजित किया जाएगा। इस आशय की सूचना देते हुए महंत बृजेश मुनि महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व वर्ष में आषाढ़ पूर्णिमा पर्व एक बार मनाया जाता है। गुरु ही जीवन में मार्गदर्शक है तारणहार हैं इसलिए सभी को सद्गुरु का दर्शन करना चाहिए।

गायघाट पर आज गंगा आरती में दिखेगा बनारस का नजारा

● जुटेंगे दस हजार श्रद्धालु, विहंगम होगा दृश्य

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गायघाट गंगा तट पर गुरु पूर्णिमा पर बुधवार को आयोजित होने वाले गंगा पूजन एवं भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है। उस संबंध में बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज में प्रेस वार्ता में संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि मां गंगा पूजन एवं आरती से मानसिक एवं शारीरिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। स्वस्थ समाज के निर्माण में यह एक कड़ी है। गंगा आरती की भव्यता के बारे में उन्होंने बताया की बनारस की आरती का नजारा पटना के गायघाट में देखने को मिलेगा। सात पुरोहित द्वारा आरती एवं बनारस के डमरू दल एवं ढोल दल की प्रस्तुति के साथ 5100 आटा का दीया भी गंगा में प्रवाहित किया जायेगा, जो घुलने के बाद मछलियों का भोजन बन जाएगा। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। समिति के अध्यक्ष गंगाधर गिरी ने बताया कि इस दौरान भजन संध्या की प्रस्तुति कलाकारों के द्वारा तीन बजे से शुरू होगा और दस गुरुजन को सम्मानित किया जायेगा। बिजली की सजावट, तोरण द्वार सब अद्भुत है। कार्यक्रम में विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, पथ निर्माण मंत्री नीतिन नवीन, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव, विधायक एवं पूर्व मंत्री नन्द किशोर यादव, निवर्तमान महापौर सीता साहू, विधायक संजीव चैरसिया, अरुण कुमार सिन्हा, सुनीलमणि तिवारी सहित कई राजनेता, शिक्षाविद, प्रसिद्ध गणमान्य लोगों ने आने की स्वीकृति दी है। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष गंगाधर गिरी, संरक्षक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, सचिव विजय कुमार, उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, गोपाल कुमार गोल्डेन, राकेश कुमार बबलू, दीपक कुमार बबलू, छोटू गिरी, मुन्ना सरकार, सुजीत कसेरा, मोहन प्रसाद, मुकेश कुमार ठाकुर, बाबू भाई, मनोज शर्मा, मिथिलेश शर्मा, बजरंगी शर्मा, संजय अलबेला आदि मौजूद थे।

धूमधाम से निकाली गई साईं की पालकी

दानापुर, प्रात : किरण

नगर के मंगलवार को सांई अंगना मंदिर के द्वारा साई पालकी शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई।सबसे पहले मंदिर में सद्गुरु साईनाथ व पालकी की 21 महिलाओं द्वारा भव्य आरती उतारी गयी और परम् श्रधेय गुरुजी का स्वागत गान किया गया।तदउपरांत पुजारी दयानंद पांडेय ने पालकी का विधिवत पूजा अर्चना किए। उसके बाद गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकली।जो सदर बाजार होते हुए तकिया पर गई, वहां से मुख्य मार्ग होते हुए पुन मंदिर आकर यात्रा समाप्त हो गई। यात्रा के दौरान पालकी को कंधा देने के लिए श्रद्धालुओं के बीच होड़ मची हुई थी।शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा में चले रहे सांई सेवकों के स्वागत के लिए ठंडा पानी,शर्बत, नास्ते का व्यवस्था किए हुए थे,तो कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए बाबा का आरती उतारें।इस दौरान सांई बाबा के जयकारे से शहर गुंजायमान होता रहा।यात्रा में महिलाओं ने काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यात्रा को ई छोटे लाल, संजय सेठ आशीष कुमार,अरविंद बिहारी,दीपू केसरी,संजय पाठक,पंकज राज, रामबाबू गुप्ता,अमन सोनी,पप्पू शिखा,रामाकांत प्रसाद आदि सांई सेवकों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

युवक फंदे से झूल मौत को लगाया गले

● पूर्वाह्न 10 तक नहीं जगने व किवाड़ नहीं खुला, वेंटिलेटर से देख रहे दंग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट में युवक ने फंदे से झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों को इसकी जानकारी तब मिली, जब वह मंगलवार को पूर्वाहन 10 बजे तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला और न ही वह जगने के बाद बाहर निकला। जब वेंटिलेटर से देखा गया, तब वह फंदे से झूल रहा था। इसके बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजन द्वारा खाजेकलां थाना की पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर नालंदा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मदन मोहन पटेल के मंझले बेटे करीब 25 साल का हरेराम पटेल है। वह सदर गली के बाग कालू खां में मोबाइल की दुकान चलाया करता था। सोमवार की रात वह घर में लोगों से बातचीत किया। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने को चला गया। सुबह 10 बजे तक जब हरेराम सोकर नहीं उठा, तो परिजन चिंतित हो गए। कारण कि वह उस समय दुकान खोलने के लिए चला जाया करता था। परिजन जब उसके कमरे को खटखटा, तो कोई आवाज नहीं मिला। जब किसी तरह वेंटिलेटर से झांक कर कमरे में देखा गया, तो वह पंखे के हूक से झूल रहा था। इसके बाद परिजनों के बीच कोहराम सा मच गया। किवाड़ तोड़कर लोगों ने शव को देखा। खाजेकलां थाना की पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने सामने शव को उतरवा पंचनामा किया। युवा फुल पैंट और शर्ट पहना हुआ था। कपड़ा और प्लास्टिक की रस्सी की मदद से उसने फंदा बनाया था और पंखा टांगने वाले हूक से वह झूल गया। परिजनों को आशंका है कि उसने रात में ही आत्महत्या किया है। सुबह उठकर वह घूमने जाया करता था, मगर जब 10 बजे तक नहीं उठा, तब परिजनों को चिंता सताने लगी। हरेराम तीन भाइयों ने मंझला था। बड़ा मुकेश और छोटा गौरव उर्फ हैप्पी है। छह बहन में से तीन की शादी हो चुकी है। घर में रोना-पीटना मच गया। आसपास के लोग भी जुटे। शव का पोस्टमार्टम नालंदा मेडिकल कॉलेज से कराने के बाद उसका संस्कार खाजेकलां घाट पर किया गया। हालांकि इस बात की चर्चा रही कि हरेराम अविवाहित था। संभवतः किसी युवती के प्रेम प्रसंग में धोखा खाने के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने इसकी पुष्टि की और कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वे प्रधानमंत्री की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था में हैं। अधिक जानकारी वे थाना पर लौटने के बाद ही दे सकेंगे।

नामांकन अभियान के लिए प्रभातफेरी का आयोजन

बिहटा। मध्य विद्यालय एवं राम लखन सीताराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदिसोपुर के संयुक्त तत्वावधान में शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का नामांकन 9वीं कक्षा में सुनिश्चित करने के लिए पोषक क्षेत्रों में जन जागृति निकाला गया।प्रभातफेरी में शामिल बच्चों ने शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हाथों में तख्तियां लेकर ह्यमेरा सपना पढ़ना लिखना और पढ़ना ,जाग उठे हैं नर और नारी शिक्षित होने की सबकी तैयारी,तुम मानो मेरा कहना, शिक्षा से कभी दूर न रहना के साथ नारे लगाते हुये नगर का भ्रमण किया कर लोगो मे जागरूकता फैलाई।

संक्षिप्त खबरें

एनएमडीसी ने लौह अयस्क लंप, फाइंस के दाम 500 रुपए प्रति टन घटाए

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने लंप अयस्क और फाइंस दोनों की कीमतों में 500 रुपए प्रति टन की कटौती की है।। लौह अयस्क लंप ढेले के समान होते हैं और जब इसे चूरे में बदल दिया जाता है तब इन्हें फाइंस कहा जाता है। एनएमडीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में बताया कि दोनों खनिज पदार्थों की नई कीमतें मंगलवार से प्रभावी हैं। लौह अयस्क दरअसल इस्पात के विनिर्माण में उपयोग किए जाने वाला प्रमुख कच्चा माल है। इसकी कीमतों में किसी तरह के उतार-चढ़ाव का सीधा असर इस्पात के भाव पर पड़ता है। नियामकीय सूचना के अनुसार, कंपनी ने लंप्स की कीमत घटाकर 3,900 रुपए प्रति टन और फाइंस की १,810 रुपए प्रति टन कर दी है।

सोना वायदा कीमतों में 44 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी

नई दिल्ली। हाजिर बाजार में मजबूती के रुख के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा बाजार में मंगलवार को सोना 44 रुपए की तेजी के साथ 50,688 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त महीने की डिलिवरी के लिए सोना 44 रुपए यानी 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,688 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 8,900 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयार्क में सोना 0.03 प्रतिशत बढ़कर ।,731.30 रुपए प्रति औंस हो गया।

भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा हुनरबाज युवाओं के लिए एक अनोखा मंच 'इंडिया राइजिंग टैलेंट'

- भारत जोड़ो अभियान के तहत विभाजनकारी ताकतों के विरूद्ध देश बचाने के लिए की शुरूवात हो चुकी है: श्रीनिवास बी वी।
- इंडिया राइजिंग टैलेंट कार्यक्रम देशवासियों के बीच सद्भाव और सौहार्द को बढ़ाएगा: कृष्णा अल्लावारू

नई दिल्ली, प्रात : किरण

भारतीय युवा कांग्रेस ने हुनरबाज युवाओं के लिए एक अनोखा मंच ' इंडिया राइजिंग टैलेंट' की शुरूवात की, इसके लिए भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी और एआईसीसी सह सचिव श्री कृष्णा अल्लावारू जी ने और अभिनय एवं कला के क्षेत्र की बड़ी बड़ी हस्तियों ने संबोधित किया। फिल्मी अभिनेत्री सोनिया मान, गायक बी. मोहित, लोक गायिका नेहा सिंह राठौर, कवि आर्य भारत, और गायक एवं संगीतकार रमन कपूर पत्रकार वार्ता में शामिल हुए और इंडिया राइजिंग टैलेंट कार्यक्रम की शुरूवात की। इंडिया राइजिंग टैलेंट एक रचनात्मक और अभिनव मंच है जहां युवा अपने नृत्य, गायन, रैपिंग, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, नवीन सामाजिक विचार, प्रौद्योगिकी, आदि के माध्यम से अपने राजनीतिक विचार व्यक्त कर सकते हैं। इसमें भाग लेने के लिए, युवाओं को अपना एक मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करके इस मोबाइल नंबर 7311126111 पर व्हाट्सएप करना है। इस अवसर पर फिल्मी अभिनेत्री सोनिया मान ने कहा कि इंडिया राइजिंग टैलेंट कार्यक्रम देश के युवाओं के लिए एक सुनेहरा अवसर है, जिसके माध्यम से वो अपनी कला का प्रदर्शन कर एक सफल भविष्य के लिए आगे बढ़ सकते है। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने कहा कि आज देश भर में कोने कोने में ऐसे युवा है जिनके पास कला और संस्कृति की अद्भुत प्रतिभा है पर कही न कही सही समय पर अवसर न मिलने के कारण वो पिछड़ जाते है, इस प्रकार के आयोजन उन सभी प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करेंगे और अनेक युवाओं को अपनी कला प्रदर्शन का एक शानदार अवसर मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि आज देश में गैर-जरूरी मुद्दों का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। इसमें लोगों से जुड़े जरूरी विषयों की अनदेखी, जनता के हितों और अधिकारों पर कुठाराघात हो रहा है। इसलिए जनहित के मुद्दों को आगे लाना और उनका स्थायी समाधान करना ही हमारी एक कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिकता है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी और एआईसीसी सह सचिव श्री कृष्णा अल्लावारू जी ने कहा कि देश में अगर हम सौहार्द और समरसता का माहौल कायम करना चाहते हैं, तो यह गांधीवादी मूल्यों के बिना संभव नहीं है। हमारा संकल्प है कि वो गांधीवादी विचारों को जन-जन तक लेकर जाए और एक संवेदनशील समाज का निर्माण करे। समाज के हर वर्ग, हर समुदाय का सम्मान करते हुए, उन्हें और उनके विचारों को राष्ट्र निर्माण के इस लक्ष्य में अपने साथ जोड़ना बहुत जरूरी है। इसलिए, हम इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं से बात करेंगे और उन्हें कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ेंगे। भारतीय युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष राहुल राव ने कहा कि इंडिया राइजिंग टैलेंट युवा कांग्रेस द्वारा युवाओं के लिए एक अनोखा मंच जहा पर युवा अपने नृत्य, गायन, रैपिंग, स्टैंड अप कॉमेडी, मिमिक्री, नवीन सामाजिक विचार, प्रौद्योगिकी, आदि के माध्यम से अपने राजनीतिक विचार व्यक्त कर सकते हैं। इसमें भाग लेने के लिए, युवाओं को अपना एक मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करके इस मोबाइल नंबर 7311126111 पर व्हाट्सएप करना है। पत्रकार वार्ता में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी और एआईसीसी सह सचिव श्री कृष्णा अल्लावारू जी, युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल राव, युवा कांग्रेस के महासचिव और दिल्ली प्रभारी कोको पाढ़ी, सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव उपस्थित रहे।

बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स, निफ्टी एक प्रतिशत के नुकसान में

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी करीब एक प्रतिशत टूटकर बंद हुए।

निवेशक खुदरा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला और अंत में 508.62 अंक यानी 0.94 प्रतिशत लुढ़ककर 53,886.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 570.26 अंक तक की गिरावट आई।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,058.30 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और कोटक महिंद्रा बैंक सर्वाधिक नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिका में शेयर बाजार सोमवार को नुकसान में रहे।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.6 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने 170.51 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

महंगे दामों के कारण जून में सोया खली निर्यात 61 प्रतिशत गिरा

इंदौर (मध्यप्रदेश)। ऊंची कीमतों के चलते वैश्विक मांग में नरमी का रुख बरकरार रहने के कारण भारत से जून के दौरान सोया खली का निर्यात 61 प्रतिशत घटकर महज 30,000 टन पर सिमट गया। जून 2021 में देश से 77,000 टन सोया खली का निर्यात गया था।

प्रसंस्करणकर्ताओं के इंदौर स्थित संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रसंस्करण उद्योग के जानकारों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय सोया खली के भाव अमेरिका, ब्राजील और अर्जेंटीना के इस उत्पाद के मुकाबले लम्बे समय से ऊंचे बने हुए हैं और भारतीय सोया खली की मांग में जारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण यही है।

गौरतलब है कि अमेरिका, ब्राजील और अर्जेंटीना की गिनती दुनिया के सबसे बड़े सोयाबीन उत्पादकों के रूप में होती है।

प्रसंस्करण कारखानों में सोयाबीन का तेल निकाल लेने के बाद बचने वाले उत्पाद को सोया खली कहते हैं। यह उत्पाद प्रोटीन का बड़ा स्त्रोत है। इससे सोया आटा और सोया बड़ी जैसे खाद्य पदार्थों के साथ पशु आहार तथा मुर्गियों का दाना भी तैयार किया जाता है।

विधायक, अफसर, प्रबंधक के रूप में कार्यरत महिलाओं का अनुपात मिजोरम में सबसे ज्यादा : सर्वे

नई दिल्ली। विधायक, वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधक के तौर पर कार्यरत लोगों के बीच महिला-पुरुष अनुपात पूर्वोत्तर के राज्यों में काफी अच्छा है। इस मामले में मिजोरम 70.9 प्रतिशत अनुपात के साथ शीर्ष स्थान पर है जबकि सिक्किम (48.2 प्रतिशत) दूसरे और मणिपुर (45.1 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर है।

एक सरकारी सर्वेक्षण के मुताबिक, प्रबंधकीय पदों पर आसीन महिलाओं के मामले में भी मिजोरम सबसे आगे है। मिजोरम में प्रबंधकीय कार्यों में 40.8 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं। वहीं सिक्किम 32.5 प्रतिशत और मेघालय 31 प्रतिशत आंकड़े के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।



जुलाई 2020-जून 2021 के आवर्ती श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से अहम पदों पर महिलाओं की तैनाती को लेकर विभिन्न राज्यों की यह तस्वीर सामने आई है।

इससे पता चलता है कि प्रबंधकीय पदों पर तैनात कुल लोगों में से महिलाओं का अनुपात अखिल-भारतीय स्तर पर महज 18 प्रतिशत है। इसी तरह विधायक, वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधक के रूप में काम करने वाले लोगों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का अनुपात 22.2 प्रतिशत है।

आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में विधायक, वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधकों के रूप में महिलाओं का अनुपात काफी कम है। उत्तराखंड में यह अनुपात 3.6 प्रतिशत है।

उसके बाद जम्मू-कश्मीर (4.8 प्रतिशत), बिहार (7.8 प्रतिशत), पंजाब (8.4 प्रतिशत), नगालैंड (9.1 प्रतिशत) और अंडमान एवं निकोबार (7.7 प्रतिशत) का स्थान आता है।

वहीं दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में यह अनुपात 1.8 प्रतिशत के साथ सबसे कम है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल, 2017 में पीएलएफएस सर्वेक्षण करना शुरू किया था। उसके आधार पर अभी तक तिमाही आधार पर 14 बुलेटिन जारी किए जा चुके हैं।

इनफिनिक्स ने नोट 12 5जी सीरीज लॉन्च की

- 108 एमपी कैमरे के साथ इन फ्यूचर-रेडी स्मार्टफोन से बेहतरीन प्रदर्शन और एडवांस्ड फोटोग्राफी का अनुभव करें
- यह फोन एमोलेड डिस्प्ले से लैस है और इसे वाइडवाइन एल1 सपोर्ट हासिल है। नोट 12 5जी उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बेहतरीन ढंग से कोई कंटेंट या विडियो देखने की सुविधा प्रदान करने वाला परफेक्ट एंटरटेनमेंट स्मार्टफोन है

नई दिल्ली, प्रात : किरण

ट्रांसियॉन ग्रुप के प्रीमियम स्मार्टफोन इनफिनिक्स ने अपने पहले 5 जी स्मार्टफोन, जीरो 5जी की जबर्दस्त सफलता के बाद, सेग्मेंट में अपनी पहली सीरीज नोट 12 5जी को लॉन्च किया है। यह प्रीमियम के साथ ही किफायती स्मार्टफोन है। ऑल-न्यू नोट 12 5जी और नोट 12 प्रो 5जी उन यूजर्स के लिए काफी बेहतरीन डिवाइस है, जो दमदार परफॉर्मेंस देने के साथ भविष्य की तकनीक का अनुभव प्रदान करने वाला स्मार्टफोन चाहते हैं। नोट 12 5जी और नोट 12 5जी प्रो को 12 5जी बैंड्स का सपोर्ट मिलेगा और यह 15 जुलाई से फ्लिपकार्ट पर 14,999 और 17,999 रुपये की प्रतिस्पर्धी कीमत में उपलब्ध होंगे। नोट 12 5जी और नोट 12 प्रो 5जी फोन आकर्षक फीचर्स से लैस है, जिसमें शानदार डिस्प्ले, ताकतवर प्रोसेसर, शानदार कैमरा और विशाल बैटरी जैसे शानदार फीचर्स शामिल हैं। यह उपभोक्ताओं को स्मार्टफोन के इस्तेमाल का बेजोड़ अनुभव उपलब्ध कराता है। नोट 12 5जी 6जीबी (जिसे 9 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है)/ 64 जीबी मैमोरी वैरिएंट में आएगा। नोट 12 प्रो 5जी 8जीबी (जिसे 13 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है)/125 जीबी के स्टोरेज में उपलब्ध होगा। यह दोनों डिवाइस दो तरह के रंगों, फोर्स ब्लैक और स्नोफॉल व्हाइट रंगों में उपलब्ध हैं। इनफिनिक्स इंडिया के सीईओ श्री अनीश कपूर ने नई लॉन्चिंग पर अपने विचारों को साझा करते हुए कहा, इनफिनिक्स हमेशा से नए-नए प्रयोग करने और तकनीक का लोकतांत्रिकरण करने के अग्रिम मोर्चे पर डटा रहा है। आज जब भारत 5जी के प्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, हम नोट 12 5जी सीरीज को लॉन्च कर काफी प्रसन्न हैं, जो उपभोक्ताओं को एक ऑलराउंडर प्रॉडक्ट के साथ सच्चे 5जी फोन का अनुभव करा सकता है और उनकी नई-नई जरूरतों को पूरा कर सकता है। नोट 5जी सीरीज की लॉन्चिंग के साथ हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं को ताकवर डिवाइसेज प्रदान करना है, जो उनकी सभी तरह की जरूरतों को पूरा कर सके। प्रतिस्पर्धी दामों पर हम उपभोक्ताओं को बेहतरीन परफॉर्मेंस, शानदार डिजाइन और असाधारण

अनुभव उपलब्ध करा रहे हैं। नोट 12जी सीरीज सभी 5जी बैंड्स के अनुकूल है, जो उपभोक्ताओं को तरह-तरह की फ्रीक्वेंसी की बेहतरीन कवरेज के साथ सहज अनुभव प्रदान करना सुनिश्चित करेगा, जब 5जी नेटवर्क्स भारत में उपलब्ध होंगे। नोट 12 प्रो 5जी अपनी श्रेणी में सबसे अव्वल 108 एमपी के कैमरे के साथ लॉन्च किया गया है। यह बेहतरीन एमोलेड डिस्प्ले और वाडड वाइन एल1 सपोर्ट के साथ मिलता है, जो गेम खेलते समय या किसी भी कॉन्टेंट की स्ट्रीमिंग के समय उपभोक्ताओं को काफी सहज और आरामदाक अनुभव कराता है। इसके अलावा हमें पूरा विश्वास है कि नोट 12 5जी सीरीज को उपभोक्ता और फैंस दोनों ही पसंद करेंगे। यह भविष्य में लॉन्च होने वाले 5जी स्मार्टफोन के लिए एक मानक तय करेगा।

शानदार डिस्प्ले और जबर्दस्त आवाज : इनफिनिक्स के लेटेस्ट स्मार्टफोन नोट 12 5जी में 6.7 इंच की एफएचडी के साथ एमोलेड डिस्प्ले भी मिलता है। इस फोन में 100% की एनटीएससी रेशियो और 100% डीसीआईपी 3 स्क्रीन गैमट मिलता है। यह दोनों डिवाइसेज यूजर्स को कोई कंटेंट शानदार ढंग से देखने की सुविधा देने के लिए 92% स्क्रीन टु बॉडी रेशियो के साथ आते हैं। यूजर्स के मोबाइल पर गेम खेलने के अहसास को और बढ़ाने के लिए यह डिवाइस 180 हट्र्ज की टच सैंपलिंग रेट के साथ यूजर्स की उंगलियों और स्क्रीन पर होने वाले डिस्प्ले में सहज तालमेल सुनिश्चित करता है। इन दोनों डिवाइसेज को वाइडवाइन एल1 का प्रमाणपत्र दिया गया है, जिससे यह दोनों अमेजन, हॉटस्टार और नेटफ्लिक्स पर कोई भी कंटेंट स्ट्रीम कर सुरक्षात्मक लिहाज से मोबाइल की स्क्रीन पर फुल रिजॉल्यूशन के साथ डिस्प्ले सुनिश्चित करता है। नोट 12 5जी सीरीज का फोन अपनी श्रेणी में बेस्ट कैमरा ऑफर करने की इनफिनिक्स की परंपरा को फिर से स्थापित करता है। दोनों डिवाइस ट्रिपल कैमरा सेटअप के साथ आते हैं। नोट 12 प्रो 5जी स्मार्टफोन 108 एपी के कैमरे से लैस है, जिसे डी 810 5जी चिपसेट सपोर्ट मिलता है, जिससे डिवाइस से पैनी और शानदार तस्वीरें खींचने की इजाजत मिलती है। नोट 12 5जी में एफ/1.6 के बड़े अपर्चर के साथ 50 एमपी का प्राइमरी कैमरा लेंस है।

सरकार ने व्यापार बोर्ड में 29 सदस्यों की नियुक्ति की

नई दिल्ली। सरकार ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की अगुवाई वाले व्यापार बोर्ड (बीओटी) में बड़े एवं छोटे उपक्रमों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के 29 गैर-आधिकारिक सदस्यों को नामित किया है।

व्यापार बोर्ड विनिर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मंच प्रदान करता है। इसमें राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के भागीदार, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने वर्ष 2019 में निर्यात-आयात को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों के साथ परामर्श प्रक्रिया को अधिक सुसंगत बनाने के लिए व्यापार विकास एवं संवर्धन परिषद का व्यापार बोर्ड के साथ विलय कर दिया था।

नए गैर-आधिकारिक सदस्यों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य



कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन, केकेआर इंडिया के चेयरमैन संजय नैय्यर, लघु उद्योग भारती के कार्यकारी सदस्य ओम प्रकाश मित्तल शामिल हैं।

अधिसूचना के मुताबिक, इनके अलावा इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज महिंद्रू, जीसीएमएमएफ (अमूल) के प्रबंध निदेशक आर एस सोढ़ी, और पश्चिम बंगाल के विधाननगर पाइनएपल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सीईओ अरुण मंडल भी इसमें शामिल हैं।

आधिकारिक सदस्यों में नीति आयोग के सीईओ, रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन के अलावा राजस्व, वाणिज्य, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग के सचिव भी शामिल हैं।

इसके अलावा इसमें पदेन सदस्यों के रूप में उद्योग मंडलों के प्रतिनिधि भी हैं।

बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से बैंकों को मौजूदा बाजार मूल्य पर 13,000 करोड़ रुपए नुकसान का अनुमान: रिपोर्ट

मुंबई। बॉन्ड प्रतिफल बढने से बैंकों को अप्रैल-जून तिमाही में अपने निवेश पर मौजूदा बाजार मूल्य के हिसाब से 13,000 करोड़ रुपए का नुकसान (मार्क टू मार्केट) हो सकता है।

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में लाभ कुछ नरम होगा। लेकिन कर्ज में अच्छी वृद्धि और परिचालन लाभ से बैंकों का मुनाफा 2022-23 में लगातार बने रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों के कर्ज में 2022-23 में 10.1 से 11 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियां अधिक हैं। खासकर वे प्रतिभूतियां ज्यादा हैं जो लंबी अवधि की हैं। इससे बॉन्ड

प्रतिफल बढने से लाभ के नजरिए से चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए बॉन्ड पोर्टफोलियो पर नुकसान 8,000 से 10,000 करोड़ रुपए और निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए 2,400 से 3,000 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

इक्रा के उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा, मार्क टू मार्केट नुकसान के बावजूद 2022-23 में परिचालन लाभ 11-12 प्रतिशत बढने की संभावना को देखते हुए हमारा अनुमान है कि बैंकों का मुनाफा बना रहेगा। मुख्य परिचालन लाभ बढने से मार्क टू मार्केट नुकसान का असर कम होगा।

हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर प्रतिफल आने वाले समय में और अधिक बढ़ता है, तो वित्त वर्ष 2022-23 में लाभ पर कुछ असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों के लिए कर्ज वृद्धि 2022-23 की पहली तिमाही में सकारात्मक बनी हुई है। यह वृद्धि कर्ज के सभी मोर्चों पर है।

इक्रा ने कहा कि ब्याज दर बढने से आने वाले समय में कर्ज की मांग पर असर पडने की आशंका है। लेकिन चालू वित्त वर्ष में कर्ज वृद्धि 11 प्रतिशत तक रह सकती है जो 2021-22 में 9.7 प्रतिशत थी।

पियाजियो ने पेश किया नया यात्री तिपहिया एप एनएक्टी, कीमत 2.35 लाख रुपए

पुणे। इटली की वाहन कंपनी पियाजियो की भारतीय अनुषंगी पियाजियो व्हीकल्स ने यात्रियों के लिए नया तिपहिया एप एनएक्सटी पेश किया है। इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 2.35 लाख रुपए है।

पियाजियो व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने कहा कि घरेलू स्तर पर शोध के बाद विकसित इस तिपहिया का पेट्रोल, सीएनजी और एलपीजी संस्करण पेश किया गया है।

घरेलू बाजार में छोटे वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी पीवीपीएल पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी के साथ-साथ इलेक्ट्रिक संस्करणों में अपने यात्री और कार्गो वाहनों की पेशकश करती है।

पीवीपीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डिएगो ग्रैफी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अभी कोविड-19 से संबंधित कोई प्रतिबंध नहीं

हैं लेकिन उच्च वाहन लागत, वित्त प्राप्त करने में कठिनाई और ईंधन की लागत जैसे मुद्दे यात्री तिपहिया खंड के लिए चुनौती बने हुए हैं।

ग्रैफी ने कहा, हमें इस साल मार्च तक अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी लेकिन अप्रैल-जून की अवधि में मांग में कमी आई। यही कारण है कि हम इस उत्पाद को बाजार में उतार रहे हैं, क्योंकि हमें लगता है कि सीएनजी निश्चित रूप से कम से कम अगले तीन से पांच वर्षों में कार्गो और यात्री दोनों क्षेत्रों की मांग को समर्थन देगा।

उन्होंने कहा कि सीएनजी तिपहिया वाहनों का अभी कंपनी की कुल बिक्री में हिस्सा है। वहीं डीजल तिपहिया वाहनों की महामारी-पूर्व के स्तर से 20 प्रतिशत कम है। इसके अलावा पियाजियो ने इलेक्ट्रिक वाहन में भी वृद्धि देखी है। डिएगो ने कहा, हम पियाजियो में सीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल ईंधन संस्करण के साथ एक और तिपहिया यात्री वाहन की पेशकश करने से उत्साहित हैं। वैकल्पिक ईंधन विकल्पों की बढ़ती मांग और प्रदूषण को नियंत्रित करने की आवश्यकता सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा दे रही है।

संक्षिप्त खबरें

अमेरिका में रामकुमार का मिला-जुला प्रदर्शन

अमेरिका। भारत के रामकुमार रामनाथन ने न्यूजीलैंड के अपने साथी जे स्मिथ के साथ मिलकर मैक्सिको को हान्स हाक वीरडुगो और अमेरिका के हंटर रीस को इन्फोसिस हॉल ऑफ फेम ओपन के पुरुष युगल प्री-क्वार्टरफआइनल में मात दी, हालांकि एकल फाइनल क्वालीफाइंग राउंड में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रामकुमार और स्मिथ की जोड़ी ने सोमवार को 665,330 डॉलर इन्फोसिस हॉल ऑफ फेम ओपन में वीरडुगो और रीस को 6-3, 6-4 के सीधे सेटों में हराया। दूसरी ओर, एकल प्रतियोगिता में उन्हें अमेरिका के विलियम ब्लमबर्ग के हाथों 6-3, 5-7, 4-6 से शिकस्त मिली। इसी बीच, सातवीं सीड खिलाड़ी फ्रांस के आर्थर फिल्स ने भारत के सुमित नागल को अमेर्सफूर्ट में वान मोसेल किया डच ओपन में 6-1, 6-4 से मात दी।

नॉर्डिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे पाब्लो कारेनो बुस्टा

बस्ताद। पाब्लो कारेनो बुस्टा ने नॉर्डिया ओपन में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ करते हुए, 16 बार के टूर-स्तरीय खिताब विजेता स्टेन वावरिंका को हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त कारेनो बुस्टा ने वावरिंका को 7-5, 6-4 से हराया। मैच के बाद कारेनो बुस्टा ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, ''यह मेरे लिए पहले दौर में एक बहुत ही कठिन मैच था, स्टेन के खिलाफ टूनार्मेंट शुरू करना हमेशा बहुत मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुश हूं क्योंकि मुझे लगा कि मेरा स्तर अच्छा है। मैंने बेसलाइन से बहुत अच्छा खेला। हवा के साथ यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मुझे लगा कि पूरे मैच के दौरान मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। यह मेरे खेल के लिए बहुत महत्वपूर्ण था।'' कारेनो बुस्टा बस्ताद में चार पूर्व प्रदर्शनों में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके हैं।

ईरान ने फुटबॉल विश्व कप से चार महीने पहले कोच को बर्खास्त किया

तेहरान। ईरान ने फुटबॉल विश्व कप से चार महीने पहले टीम के मुख्य कोच ड्रैगन स्कोसिच को बर्खास्त कर दिया। ईरान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी आईआरएनए ने कहा कि क्रोएशिया के 53 वर्षीय कोच टीम के साथ कतर नहीं जायेंगे। एशिया की शीर्ष रैंकिंग (23वें नंबर पर) वाली ईरान की टीम विश्व कप में इंग्लैंड, वेल्स और अमेरिका के साथ ग्रुप बी में है। उसका अभियान 21 नवंबर से शुरू होगा। स्कोसिच फरवरी 2020 में टीम के कोच बने थे और उनकी देख रेख में टीम एशियाई विश्व कप क्वालीफिकेशन में आठ जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष पर रही थी। देश के राष्ट्रीय महासंघ ने अभी उनकी जगह किसी और नाम की घोषणा नहीं की है।

नानी ऑस्ट्रेलिया की ए लीग टीम मेलबर्न विक्ट्री से जुड़े

मेलबर्न। मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी नानी से ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष घरेलू लीग की टीम मेलबर्न विक्ट्री ने दो सत्र का करार किया है। नानी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ आठ सत्र में प्रीमियर लीग के चार खिताब के अलावा चैम्पियन्स लीग का खिताब भी जीता है। पुर्तगाल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने 112 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह 2016 में यूरोपीय चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। मेलबर्न विक्ट्री ने मंगलवार को नानी को क्लब में मार्की खिलाड़ी के रूप में शामिल करने की घोषणा की।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्नेह राणा और तानिया भाटिया की वापसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने अभियान की शुरूआत 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी

मुम्बई, एजेंसी

इसी महीने शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान बीते सोमवार (11 जुलाई) को किया गया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय टीम में स्नेह राणा की वापसी हुई है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ लिमिटेड ओवर्स सीरीज से आराम दिया गया था। वहीं हरलीन देओल और तानिया भाटिया भी अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं।

आइए भारतीय टीम और शेड्यूल पर एक नजर डालते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय टीम में यास्तिका भाटिया और तानिया के रूप में दो विकेटकीपर खिलाड़ियों को चुना गया है। बता दें तानिया ने अपना पिछला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2020 में विश्व कप फाइनल में खेला था। श्रीलंका का दौरा करने वाली सिमरन बहादुर, ऋचा घोष और पूनम यादव को टीम में नहीं चुना गया है। हालांकि, ये तीनों भारतीय टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर यात्रा करेंगी।

मेघना सिंह, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगी जबकि राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और दीप्ति शर्मा मुख्य स्पिन विकल्प होंगे। इनके अलावा हरलीन और राणा के रूप में दो अन्य स्पिन विकल्प मौजूद होंगे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में जेमिमाह रोड्रिग्ज और एस मेघना भी टीम में चुनी गई हैं। रोड्रिग्ज ने श्रीलंका दौरे में अच्छा प्रदर्शन करके टीम में अपना स्थान पक्का किया है। इन राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने अभियान की शुरूआत 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। वहीं भारत के अगले दो मैच पाकिस्तान के खिलाफ 31 जुलाई और बारबडोस के खिलाफ 03 अगस्त को होना है। बता दें भारत को ग्रुप-ए में रखा गया है। इसके बाद दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 06 अगस्त को और फाइनल मैच 07 अगस्त को खेला जाएगा। वहीं कांस्य पदक के लिए मैच भी 07 अगस्त को होना है। यह पहला मौका है जब राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट को शामिल किया गया है।

सफल

- हरलीन देओल और तानिया भाटिया भी अपनी जगह बनाने में सफल हुए है

इसके अलावा यह पहली बार होने जा रहा है, जब इन खेलों में क्रिकेट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। बता दें 1998 में कुआलालंपुर में आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट को वनडे प्रारूप में खेला गया था और दक्षिण अफ्रीका ने इसका स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इसके बाद से सीधे क्रिकेट अब 2022 राष्ट्रमंडल खेल में शामिल किया गया है।

राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शफाली वर्मा, एस मेघना, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, जेमिमाह रोड्रिग्ज, राधा यादव, हरलीन देओल और स्नेह राणा।

टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के पास अच्छा मौका होगा: वकार

दुबई। दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान का समर्थन करते हुए कहा है कि आस्ट्रेलिया की पिचों से टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप इस साल अक्टूबर-नवंबर में खेला जाना है। वकार ने आईसीसी डिजिटल से कहा, हमारे (पाकिस्तान) पास विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने का काफी अच्छा मौका है। पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच का मानना है कि आस्ट्रेलिया की पिचों से उनके बल्लेबाजों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, आस्ट्रेलिया की पिचें आम तौर पर बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी होती हैं और पाकिस्तान के पास अच्छे बल्लेबाज हैं जो इन हालात में काफी अच्छा खेल सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पाकिस्तान दुनिया की तीसरे नंबर की टीम है और पिछले 12 महीने में उसने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छे नतीजे हासिल किए हैं। टेस्ट और वनडे दोनों में पाकिस्तान के सर्वाधिक सफल गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर मौजूद वकार ने कहा कि शीर्ष क्रम में कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, बाबर निश्चित तौर पर शीर्ष क्रम में अहम बल्लेबाज होगा।

अपने कोच सच्चा बाजिन से अलग हुईं करोलिना प्लिस्कोवा

प्राग, एजेंसी

विश्व की पूर्व नंबर 1 और दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट चेक गणराज्य की करोलिना प्लिस्कोवा दो साल से भी कम समय के बाद अपने कोच सच्चा बाजिन से अलग हो गई हैं।

30 वर्षीय प्लिस्कोवा ने सोशल मीडिया पर अपनी साझेदारी को "अविश्वसनीय" बताते हुए अलग होने की घोषणा की और अपने कोच को ''सर्वश्रेष्ठ कोचों में से एक'' बताया। उन्होंने ट्वीट किया, "अच्छी चीजें भी खत्म हो जाती हैं। उन्होंने मेरे और मेरी टीम के लिए जो कुछ भी किया उसके लिए मैं सच्चा बाजिन को धन्यवाद देना चाहती हूं। यह एक अविश्वसनीय समय था और मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा! मुख्य रूप से अधिक सकारात्मक कैसे बनें और खुद पर विश्वास करें वह सर्वश्रेष्ठ कोचों में से एक हैं, मेरे दोस्त को शुभकामनाएं।"

2021 सीजन से पहले, नाओमी ओसाका को उनके चार ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो के लिए कोचिंग देने से पहले प्लिस्कोवा ने बाजिन के साथ जोड़ी बनाई, जो महान अमेरिकी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स के पूर्व हिटिंग पार्टनर थे। 2018 डब्ल्यूटीए कोच ऑफ द ईयर, बाजिन ने पहले क्रिस्टीना म्लादेनोविक और दयाना यास्त्रेमस्का के साथ भी काम किया है। बाजिन के कोचिंग में प्लिस्कोवा विंबलडन में अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची, जहां उन्हें पूर्व विश्व नंबर 1 एशले बार्टी ने तीन सेटों में हराया।

चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन और मिडिल ईस्ट स्विंग टूनार्मेंट में न खेल पाने के बाद प्लिस्कोवा ने मार्च में परिबास ओपन 2022 में पदार्पण किया। वह रोलांड गैरोस से ठीक पहले इंटरनेशनॉक्स डी स्ट्रासबर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचीं। इसके बाद वह बर्लिन में बेट1ओपेन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचीं थीं।

सीनियर खिलाड़ी आईपीएल में आराम नहीं मांगते, फिर भारत के लिए खेलते समय क्यों : सुनील गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम को इस महीने के आखिर में वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे सीरीज खेलनी है, जिससे रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। इस फैसले से पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर नाराज दिखे हैं। उन्होंने सवाल खड़े किए हैं कि जब खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आराम नहीं लेते तो भारतीय टीम से खेलते समय क्यों आराम की मांग करते हैं।

इस बारे में गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक से कहा, ₹मैं खिलाड़ियों के आराम करने की इस अवधारणा से सहमत नहीं हूं। आप आईपीएल के दौरान आराम नहीं करते हैं, तो भारत के लिए खेलते समय क्यों? मैं इससे सहमत नहीं हूं। आपको भारत के लिए खेलना होगा।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹टी-20 में एक पारी में केवल 20 ओवर होते हैं। इससे आपके शरीर पर

कोई असर नहीं पड़ता है। टेस्ट मैचों में दिमाग और शरीर थकता है। अपने टेस्ट करियर में 10,122 रन बनाने वाले गावस्कर ने कहा, ₹मैं महसूस करता हूं कि बीसीसीआई को आराम की इस अवधारणा को देखने की जरूरत है। सभी ग्रेड-ए क्रिकेटरों को अच्छे अनुबंध मिले हैं। उन्हें हर मैच के लिए भुगतान मिलता है।₹ उन्होंने कहा, ₹मुझे बताएं कि क्या कोई कंपनी है जिसके कर्मचारियों को इतना समय मिलता है? मुझे लगता है कि अगर भारतीय क्रिकेट को और अधिक पेशेवर बनना है, तो इस पर बोर्ड को विचार करना होगा।₹ 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए कोहली, हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत को आराम दिया गया है।

इस समय चोट का इलाज करा रहे केएल राहुल भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शिखर धवन को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम : शिखर धवन (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हूडा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 110 रनों के स्कोर पर किया ऑल आउट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के ओवल में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला गया। इसमें इंग्लैंड ने टीम इंडिया को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया। टीम के लिए सबसे ज्यादा 30 रन कप्तान जोस बटलर ने बनाए। जबकि भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने खतरनाक गेंदबाजी की। उन्होंने महज 19 रन देकर 6 विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी

इंग्लैंड टीम के लिए जेसन रॉय और जॉनी बेयरस्टो ओपनिंग करने आए। इस दौरान टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। रॉय बिना खाता खोले ही आउट हो गए. इसके बाद टीम के चार खिलाड़ी जीरो के स्कोर पर आउट हुए। रॉय के बाद जो रूट, बेन स्टोक्स और लियाम लिविंगस्टोन डक हुए। टीम के लिए सबसे ज्यादा 30 रन कप्तान जोस बटलर ने बनाए। उन्होंने 32 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके लगाए। जबकि मोईन अली 18 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए. उन्होंने दो चौके लगाए। क्रैग ओवर्टन 7 गेंदों में दो चौकों की मदद से 8 रन बनाकर आउट हुए। जॉनी बेयरस्टो 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 20 गेंदों का सामना करते हुए एक चौका लगाया। ब्रायडन कार्स 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 26 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौके लगाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 7.2 ओवरों में महज 19 रन देकर 6 विकेट झटके। बुमराह ने इस दौरान 3 मेडन ओवर भी निकाले. मोहम्मद शमी ने 7 ओवरों में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 ओवरों में 26 रन देकर एक विकेट लिया।

हमारी मेजबानी के लिए शुक्रिया श्रीलंका: आक्रामक सलामी बल्लेबाज वार्नर

कोलंबो, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने बेहद मुश्किल समय में टीम की मेजबानी के लिए श्रीलंका का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह इस दौरे को कभी नहीं भूल पायेंगे। श्रीलंका मौजूदा समय में अभूतपूर्व आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल की चपेट में है। देश ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी

कमी का सामना कर रहा है। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महीने भर चली श्रृंखला के लिए प्रशंसक बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर श्रीलंका के लोगों और प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक संदेश पोस्ट किया। वार्नर ने लिखा, मुश्किल समय में हमारी मेजबानी करने के लिए शुक्रिया श्रीलंका। हम यहां आने और जिस खेल से प्यार करते हैं उस खेल को खेलने का मौका मिलने के लिए बहुत आभारी हैं। हम जानते हैं कि आप सभी को खेल का समर्थन करना पसंद है। इस 35 साल के खिलाड़ी ने कहा, आपने दिल खोलकर हमारा स्वागत किया और हम इस दौरे को कभी नहीं भूलेंगे। इस देश के बारे में मुझे यह बात पसंद है कि चाहे जैसी भी परिस्थितियों हो आपके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती है और आप शानदार तरीके से स्वागत करते हैं। शुक्रिया, मैं छुट्टियों में परिवार के साथ यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस दौरे पर टी20 श्रृंखला को 2-1 से जीतने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला 2-3 से हार गयी थी। दोनों टीमों के बीच टेस्ट श्रृंखला 1-1 से बराबर रही।

कमिंस ने कहा, श्रीलंका और पाकिस्तान में खेलने से मिली सीख का भारत में फायदा मिलेगा

सिडनी। आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी टीम ने पाकिस्तान और श्रीलंका के दौरों के दौरान काफी कुछ सीखा है और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने से उनके कुछ अनुभवहीन खिलाड़ियों को अगले साल भारत में होने वाली श्रृंखला में मदद मिलेगी। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला का पहला टेस्ट 10 विकेट से जीतने के बाद आस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट पारी और 39 रन से गंवा दिया जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। श्रीलंका से पहले आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान का दौरा किया और वहां मार्च में तीन टेस्ट की श्रृंखला 1-0 से जीती। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाजी क्रम में शामिल आधे खिलाड़ियों और आधे गेंदबाजों ने उपमहाद्वीप में काफी क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए इन दो बेहद अलग पिचों पर खेलने के अनुभवी से, मुझे लगता है कि हमने इससे काफी सीख ली है और इससे अगले साल भारत में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम यह जानते हुए मैदान पर उतरे थे कि यहां श्रृंखला और मैच जीतना मुश्किल होगा।

फुटबॉल : 15 जुलाई से दिल्ली प्रीमियर लीग की होगी शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली प्रीमियर लीग का पहला फुटबॉल टूनार्मेंट 15 जुलाई को अंबेडकर स्टेडियम में शुरू होगा। लीग डबल राउंड रॉबिन प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें सभी 11 टीमें 20-20 मैच खेलेंगी। 2 महीने से अधिक की अवधि में कुल 110 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले सीजन में रिकॉर्ड 7 लाख रुपये की पुरस्कार राशि होगी।

लीग के सभी मैच दो स्थानों अंबेडकर स्टेडियम और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग का हिस्सा दिल्ली एफसी, हिंदुस्तान एफसी, रॉयल रेंजर्स एफसी, फ्रेंड्स यूनाइटेड एफसी, गढ़वाल एफसी, तरुण संघ एफसी, रेंजर्स एससी, सुदेवा दिल्ली एफसी, उत्तराखंड एफसी, भारतीय वायु सेना और वाटिका एफसी हैं। पहली बार फुटबॉल दिल्ली ने एक शीर्ष स्तरीय लीग का हिस्सा बनने के लिए एक नए क्लब के रूप में सीधा प्रवेश किया है। इस प्रकार, एक बोली प्रक्रिया के माध्यम से, वाटिका एफसी प्रीमियर लीग में शामिल हो गई है।

फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष शाजी प्रभाकरन ने कहा, फुटबॉल दिल्ली में फुटबॉल के प्रतिस्पर्धी ढांचे में सुधार के अपने प्रयास में प्रीमियर लीग शुरू कर रहा है और हम शीर्ष स्तरीय लीग में प्रत्येक टीम के लिए मैचों की संख्या 10 से बढ़ाकर 20 कर रहे हैं।

हमारे सिस्टम में खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले क्लब दिल्ली के फुटबॉल को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और दिल्ली के हमारे क्लब आने वाले सीजन में भारत की शीर्ष लीगों में प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। लीग का पहला मैच अंबेडकर स्टेडियम में शाम 4:15 बजे हिंदुस्तान एफसी और वाटिका एफसी के बीच खेला जाएगा।

रोहित शर्मा के पास सचिन तेंदुलकर और एबी डी विलियर्स को पछाड़ने का मौका

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का इंग्लैंड के साथ तकरीबन वैसा ही रिश्ता है, जैसा वीवीएस लक्ष्मण का ऑस्ट्रेलिया और मोहम्मद अजहरूद्दीन का ईडेन गार्डेन के साथ। रोहित शर्मा के बल्ले से पिछले दोनों शतक इंग्लैंड के खिलाफ निकले हैं। उन्होंने इग्लैंड के खिलाफ चेन्नई और ओवल में शतक बनाया था। दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा का रिकार्ड शानदार रहा है। इस बल्लेबाज ने तीनों फॉर्मेट में तकरीबन 44 के औसत से रन बनाया है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तकरीबन 1 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक नहीं बनाया है। रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ अगर शतक बनाने में कामयाब होते हैं तो वह विदेशी सरजमीं पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इस मामले में भारतीय कप्तान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और एबी डी विलियर्स को पीछे छोड़ देंगे। इसके अलावा सईद अनवर भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं। दरअसल, सचिन तेंदुलकर, एबी डी विलियर्स और सईद अनवर ने विदेशी सरजमीं पर 7 बार शतक का आंकड़ा पार किया है।

अदानी स्पोर्ट्सलाइन ने अपनी यूएई आईएलटी20 क्रिकेट टीम का नाम गल्फ जाएंट्स रखा, एंडी फ्लावर बने कोच

अहमदाबाद, एजेंसी

अदानी समूह की खेल शाखा- अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने यूएई इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) में खेलने वाली अपनी टीम का नाम ''गल्फ जाएंट्स'' रखा है। ''गल्फ जाएंट्स'' अदानी स्पोर्ट्सलाइन के ब्रांड- गुजरात जायंट्स का एक तरह का विस्तार है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन इस ब्रांड के तहत लोकप्रिय भारतीय लीग जैसे-प्रो कबड्डी लीग, बिग बाउट बॉक्सिंग लीग और अल्टीमेट खो खो लीग के माध्यम से प्रशंसकों के साथ जुड़ी रही है। इसी तरह, इसका उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात आईएलटी20 में ''गल्फ जाएंट्स'' ब्रांड के माध्यम से दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के साथ जुड़ना है। टीम के नाम में ''गल्फ'' शब्द उस क्षेत्र का प्रतीक है, जिसमें इस लीग के मैच खेले जाने हैं।

लोगो में दिखाया गया गोल्डन फाल्कन (सुनहरा बाज) संयुक्त अरब अमीरात का राष्ट्रीय पक्षी है और इसे ताकत का एक शक्तिशाली प्रतीक माना जाता है। टीम की पहचान की

एकरूपता बनाए रखने के लिए, लोगो के रंग जाएंट्स टीम परिवार से लिए गए हैं। एक समृद्ध संस्कृति और इतिहास वाले देश में आयोजित होने वाले इस टूनार्मेंट में भाग लेने पर अदानी समूह भी बहुत गर्व महसूस कर रहा है। गल्फ जाएंट्स ने जनवरी और फरवरी 2023 के बीच होने वाले आईएलटी20 के उद्घाटन संस्करण के लिए जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और इंग्लैंड के साथ 2010 आईसीसी विश्व टी20 खिताब जीत चुके एंडी फ्लावर को अपना मुख्य कोच बनाया है। एंडी फ्लावर, यकीनन जिम्बाब्वे के अब तक का सबसे महान क्रिकेटर रहे हैं। उनके पास तीन दशकों का क्रिकेट का अनुभव है।

वह कुछ समय पहले तक आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच भी थे। फ्लावर ने पहले राष्ट्रीय टीमों-इंग्लैंड और अफगानिस्तान के साथ-साथ पंजाब किंग्स (आईपीएल), मराठा अरेबियंस (अबू धाबी टी10), मुल्तान सुल्तान्स (पीएसएल), सेंट लूसिया किंग्स (सीपीएल) और दिल्ली बुल्स (अबू धाबी टी10) जैसी फ्रेंचाइजी टीमों को कोचिंग दी है। फ्लावर ने कहा, ''मुझे अदानी समूह, विशेष रूप से अदानी स्पोर्ट्सलाइन के साथ जुड़ने पर बहुत गर्व है। अधिकांश लोग कंपनी की शक्ति, आकार और सामान्य रूप से पहुंच के बारे में जानते हैं, और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अद्भुत है। अदानी समूह को भी भारतीय ओलंपिक खेलों के लिए अपने समर्थन और सहयोग पर बहुत गर्व है। किसी भी बड़े फ्रैंचाइजी टूनार्मेंट का हिस्सा बनना रोमांचक है, और आईएलटी20 में एक प्रमुख फ्रैंचाइजी टूनार्मेंट बनने की बड़ी क्षमता है।

इंग्लैंड टेस्ट में और सुधार की गुंजाइश : ब्रैंडन मैकुलम

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच के तौर पर शानदार आगाज करने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि उनकी टीम में अभी सुधार की और गुंजाइश है जिसमें हर परिस्थितियों में जीत दर्ज करना नया मानदंड बनना चाहिये। मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने अपने शुरूआती चार मैचों में बेहद आक्रामक रूख अपना कर सभी में जीत दर्ज की।

मैकुलम ने एसईएनजेड ब्रेकफास्ट से कहा, हमने अभी पूर्णता हासिल नहीं की है। अभी एक महीना ही हुआ है, हमने कुछ शानदार नतीजे देखे हैं और क्रिकेट की दुनिया से इसे सराहा भी है लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह हमारे लिए नया मानदंड बने। उन्होंने कहा, हमें खेलने के इस तरीके को हर तरह की परिस्थितियों में आजमाना होगा और यही सबसे बड़ी चुनौती होगी।

मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 18 महीने के लचर प्रदर्शन से उबरते हुए न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 और फिर भारत को पांचवें टेस्ट में हराकर शानदार वापसी की। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों के नतीजे को विदेशों में हासिल करना टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर है हमें दुनियाभर की विभिन्न परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाना होगा।

हैदराबाद मैराथन 2022 की टी-शर्ट, लोगो लॉन्च

हैदराबाद, एजेंसी

एनएमडीसी और हैदराबाद रनर्स सोसाइटी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और तेलंगाना सरकार के साथ मिलकर 27 और 28 अगस्त को होने वाली एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन 2022 के लोगो और रेस टी-शर्ट का अनावरण किया। एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन 2022 का चेहरा और विश्व बॉक्सिंग चैंपियन निकहत जरीन सोमवार को हुए इस आयोजन में वर्चुअली शामिल हुईं।

एनएमडीसी के सीएमडी सुमित देब, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सीएमओ नारायण टीवी और रेस डायरेक्टर प्रशांत मोरपारिया भी लॉन्च समारोह के दौरान उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ते हुए, सुश्री

निकहत जरीन ने कहा, मैं हैदराबाद रनर्स द्वारा समर्थित एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन के 11 वें संस्करण से जुड़कर खुश हूं। मुझे खुशी है कि हैदराबाद रनर्स सक्रिय जीवन शैली का नेतृत्व करने और फिटनेस गतिविधि के पसंदीदा रूप को चलाने में लोगों की मदद करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। लॉन्च इवेंट में एनएमडीसी के सीएमडी सुमित देब ने कहा, हम हैदराबाद मैराथन के साथ साझेदारी करके खुश हैं। एनएमडीसी भारत सरकार के फिट इंडिया इंडिया मूवमेंट का संरक्षक है। हम हमेशा खेल आयोजनों का समर्थन करने और अपने देश के लोगों में स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए आगे आते हैं।

हैदराबाद मैराथन के निर्माण और शहर को फिटनेस के लिए प्रेरित करने वाले हैदराबाद धावकों के साथ साझेदारी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। मैं एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन में भाग लेने और 2022 संस्करण को उल्लेखनीय बनाने के लिए दुनिया भर के धावकों को आमंत्रित करता हूं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सीएमओ श्री नारायण टीवी ने कहा, एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन हमारे लिए हैदराबाद के इस अद्भुत और जीवंत शहर में लोगों से जुड़ने का एक अवसर है।

किसी और बच्चे के नाम के साथ ब्रिटेन आए थे मो फराह

लंदन, एजेंसी

चार बार के ओलंपिक चैंपियन मो फराह ने खुलासा किया है कि उन्हें जिबूती से गैरकानूनी तरीके से किसी अन्य बच्चे का नाम देकर ब्रिटेन लाया गया था। बीबीसी के वृत्तचित्र द रीयल मो फराह में 39 साल के फराह ने कहा, सच यह है कि मैं वह नहीं हूं जो आप सोच रहे हैं मैं हूं। चार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले ब्रिटेन के पहले ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी बने फराह ने कहा कि उनके बच्चों ने उन्हें अतीत के बारे में सच बताने के लिए प्रेरित किया। फराह ने बीबीसी से कहा, वास्तविक कहानी यह है कि मेरा जन्म सोमालिया के उत्तर में सोमालीलैंड में हुसैन अब्दी कहीन के रूप में हुआ। उन्होंने कहा, अतीत में मैंने जो भी कहा हो उसके बावजूद मेरे माता-पिता कभी ब्रिटेन में नहीं रहे। फराह ने कहा, जब मैं चार साल का था तो गृहयुद्ध में मेरे पिता मारे गए, इससे एक परिवार के रूप में हम टूट गए। मैं अपनी मां से बिछड़ गया और मुझे ब्रिटेन लाया गया, गैरकानूनी तरीके से एक अन्य बच्चे मोहम्मद फराह के नाम के साथ। फराह ने कहा कि उन्हें लगा कि वह अपने रिश्तेदारों के साथ रहने के लिए यूरोप जा रहे हैं और उन्होंने याद किया कि कैसे नौ साल की उम्र में वह ब्रिटेन में पासपोर्ट जां

संक्षिप्त खबरें

दक्षिण कोरिया में कोरोना के 37,000 से ज्यादा नए मामले दर्ज

सोल। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस के 37,360 नए मामले सामने आए। यह आंकड़ा पिछले दो महीने के उच्चतम स्तर 37,000 से अधिक है। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने कहा कि 11 मई के बाद मंगलवार को सबसे अधिक नए मामले दर्ज किए गए है, जिससे यह आंकड़ा बढ़कर 18,561,861 पर पहुंच गया है। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, इसी अवधि में, कोरोना से 7 लोगों की मौत हुई। जिससे मरने वालों की संख्या 24,668 हो गई। मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों की संख्या सोमवार को 74 हो गई।

गोदावरी नदी में जल स्तर बढ़ा, पहली चेतावनी जारी

अमरावती (आंध्र प्रदेश)। गोदावरी नदी में मंगलवार को सुबह पानी का स्तर बढ़कर 12.10 लाख क्यूसेक पर पहुंचने से बाढ़ आने का खतरा बढ़ने पर, आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम के पास डोवालेस्वरम बैराज में पहली चेतावनी जारी की गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के प्रबंधक निदेशक बी. आर. आंबेडकर ने चेतावनी जारी कर गोदावरी नदी के किनारे बसी बस्तियों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और बाढ़ के खतरे के मद्देनजर ऐहतियाती कदम उठाने को कहा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के बलों को संवेदनशील इलाकों में तैनात किया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम दे पाएं। आंबेडकर ने कहा कि राज्य नियंत्रण कक्ष ने लोगों के लिए आपात नंबर भी जारी किया हे। एसडीएमए के प्रबंधक निदेशक ने गोदावरी, अल्लूरी सीताराम राजू तथा आंबेडकर कोनसीमा जिलों के संबंधित राजस्व अधिकारियों से भी बात की अैर उनसे सतर्क रहने को कहा।

इंद्रावती नदी जलसंकट पर द्विपक्षीय वार्ता हो-टुडू

जगदलपुर। केंद्रीय राज्यमंत्री जलशक्ति एवं जनजातीय कार्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने इंद्रावती नदी जलसंकट पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा को द्विपक्षीय वार्ता कर समाधान खोजने का सुझाव दिया है। श्री टुडू ने यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नदी जलबंटवारे को लेकर काफी पुराने हो चुके समझौतों की समीक्षा की भी जरूरत बताई है। तीन दिन के बस्तर दौरे पर सोमवार को जगदलपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और जलशक्ति से जुडी संवैधानिक संस्थाएं पूरा सहायोग करने को तैयार हैं, लेकिन शुरूआत राज्यों को करना होगा। न्यायालय में भी जलविवाद के कई मामले चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि पहले राज्य आपस में चर्चा कर समाधान खोजें। बिना द्विपक्षीय वार्ता के केवल न्यायालय में जाने से निर्णय आने में देरी होती है और विवाद बना रहता है।

बस्तर जिले में डेंगू के पीड़ित चार लोगों की मौत

जगदलपुर। छत्तीसगढ बस्तर जिले में अब तक 70 से अधिक डेंगू मरीज मिले जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से डेंगू के चार लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 400 से अधिक घरों में मच्छरों के लार्वा मिले हैं। स्वास्थ विभाग की टीम ने देखा कि मच्छरों का लार्वा घरों में रखे टूटे हुए मटके, टायर, कूलर और अन्य जमे हुए पानी और बर्तनों में पनप रहा है। स्वास्थ विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों को जागरूक करने और प्रोत्साहित करने के साथ ही इन लार्वा को नष्ट कर जागरुकता अभियान भी चला रहे हैं। दरभा इलाके में दो सौ से अधिक मलेरिया के संदिग्ध मरीज मिले हैं जिनका उपचार किया जा रहा है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति राजपक्षे ने किए त्यागपत्र पर हस्ताक्षर

शपथ

- विक्रमसिंघे आज अस्थायी अवधि के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबया राजपक्षे ने बीते सोमवार को ही अपने त्यागपत्र पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसे बुधवार 13 जुलाई को सावर्जनिक घोषणा के लिए संसद अध्यक्ष को सौंपा जाएगा। राष्ट्रपति ने त्याग पत्र पर हस्ताक्षर किए और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी को सौंप दिया, जो इसे संसद अध्यक्ष को सौंपेंगे। अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने, जिन्हें पत्र के बारे में सूचित किया गया है, कल गोटबया के कार्यकाल को समाप्त करते हुए एक सार्वजनिक घोषणा करेंगे।

आपको बता दें कि गोतबया के इस्तीफे की सार्वजानिक रूप से घोषणा होते ही विक्रमसिंघे बुधवार को अस्थायी अवधि के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। वहीं अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने एक बयान में कहा कि, पार्टी नेताओं ने 20 जुलाई को संसद में एक वोट के माध्यम से एक नए राष्ट्रपति का चुनाव करने का फैसला किया था। 19 जुलाई को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन मांगे जाएंगे। अब तक राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवार प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा हैं जिन्होंने कल पहले ही सूचित कर दिया था कि वह पुनर्निर्माण के लिए तैयार हैं। देश में बिगड़ती आर्थिक स्थिति ने तनाव को बढ़ा दिया है और पिछले कुछ हफ्तों में, ईंधन स्टेशनों पर व्यक्तियों और पुलिस बल के सदस्यों और सशस्त्र बलों के बीच कई टकराव की खबरें आई हैं, जहां जनता के हजारों हताश सदस्य कतारबद्ध हैं। 1948 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से श्रीलंका अपने सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जो कि कोविड-19 की क्रमिक लहरों की ऊँची एड़ी के जूते पर आता है, जो विकास की प्रगति के पूर्ववत वर्षों की धमकी देता है और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की देश की क्षमता को गंभीर रूप से कम करता है।

श्रीलंका में अधिकारियों के विरोध के बाद हवाई अड्डा से वापस लौटे राजपक्षे

कोलंबो। श्रीलंका की आर्थिक हालत बेहद खराब है। जनता का सरकार से भरोसा उठ चुका है। खाने-पीने से लेकर बाकी जरूरत वाली चीजों के दाम आसमान पर हैं। बदहाल जनता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रही है। आम लोगों के राष्ट्रपति आवास में घुसकर प्रदर्शन के वीडियो वायरल हो रहे हैं। ऐसी खबरें आ रही हैं कि श्रीलंका के कई बड़े नेता देश छोड़ने की फिराक में है। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के सबसे छोटे भाई और पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे भी श्रीलंका से भागने की फिराक में थे, हालांकि वो इसमें कामयाब नहीं हो सके। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बेसिल राजपक्षे सोमवार शाम दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उन्हें फ्लाइट में सवार होने से रोक दिया गया। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, बेसिल ने कथित तौर पर देश में चल रहे आर्थिक संकट के बीच श्रीलंका छोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन हवाई अड्डे के आव्रजन अधिकारियों ने यात्रियों के विरोध के बाद उन्हें देश छोड़ने से मना कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि आव्रजन अधिकारियों के इनकार करने पर बेसिल को वापस लौटना पड़ा। इससे पहले राष्ट्रपति गोटाबाया के भी श्रीलंका छोड़ने की अटकलें थी। संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्धने ने सोमवार को स्पष्ट किया था कि गोटाबाया राजपक्षे अभी भी देश में हैं। कहा जा रहा था कि गोटाबाया श्रीलंका से फरार हो गए और किसी तीसरे देश में चले गए हैं।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को दी गई अंतिम विदाई

तोक्यो, एजेंसी

जापानियों ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को अंतिम विदाई दी, उनका आज एक मंदिर में परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे आबे शुक्रवार को पश्चिमी शहर नारा में चुनाव अभियान के सिलसिले में भाषण दे रहे थे और उसी दौरान उनको गोली मार दी गई थी। उनकी हत्या से पूरा देश और विश्व जगत स्तब्ध रह गया। दो साल पहले प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद भी सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल आबे को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग तोक्यो स्थित जोजोजी मंदिर के बाहर एकत्र हुए। आबे के पार्थिव शरीर को लेकर जब फूलों से सजा वाहन और अन्य वाहनों का काफिला जोजोजी मंदिर की ओर बढ़ा तो शोकाकुल लोगों ने अपने हाथ हिलाए, अपने दिवंगत नेता की तस्वीरें स्मार्टफोन से लीं और कुछ ने आबे सान! कहा।

अंतिम संस्कार के दौरान आबे की पत्नी अकी आबे, परिवार के अन्य करीबी सदस्य, प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

यूक्रेन युद्ध में बच्चों के खिलाफ अपराध पर नजर रखेगा संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध और इथियोपिया, मोजाम्बिक के साथ ही अफ्रीका के मध्य साहेल क्षेत्र में संघर्षों में बच्चों के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध पर नजर रखेगा। इनमें हत्या, घायल, दुष्कर्म और अन्य प्रकार की यौन हिंसा शामिल हैं। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बच्चों तथा सशस्त्र संघर्ष पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि संयुक्त राष्ट्र पहले से ही 21 संघर्ष क्षेत्रों में बच्चों की स्थिति पर निगाह रख रहा है और उसमें ये चार नए संघर्ष क्षेत्र भी शामिल किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि बढ़ते संघर्षों से बच्चों की सुरक्षा बुरी तरह प्रभावित हुई है साथ ही सशस्त्र समूहों के कई गुना बढ़ने , बारूदी सुरंगों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विस्फोटक हथियारों के इस्तेमाल की घटनाओं ने मानवीय संकट बहुत बढ़ा दिया है। इनसे मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाएं भी बढ़ी हैं। बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत वर्जीनिया गांबा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, बेहद हिंसक सशस्त्र समूहों के हमले, सैन्य तख्तापलट और अस्थिरता, कुछ देशों में हिंसक चुनावी प्रक्रियाओं ने 21 देशों में वर्ष 2021 के दौरान 19,100 बच्चों को भयानक स्थिति में ला दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गंभीर अपराध के सबसे अधिक मामले अफगानिस्तान, कांगो, इजराइल, फिलिस्तीनी क्षेत्रों, सोमालिया, सीरिया और यमन में हैं। गुतारेस ने कहा कि यूक्रेन को भी अब निगरानी सूची में रखा जाएगा।

सर्वाधिक आबादी वाला देश बनने से सुरक्षा परिषद में भारत का दावा मजबूत हो सकता है: संरा अधिकारी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत अगर 2023 में चीन को पछाड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाता है तो इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की उसकी दावेदारी को बल मिल सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या प्रखंड के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही।

विश्व जनसंख्या संभावना 2022 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश के रूप में अगले साल चीन को पीछे छोड़ देने की उम्मीद है। यह रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। इसके मुताबिक 2022 में भारत की जनसंख्या 1.412 अरब है जबकि चीन की आबादी 1.426 अरब है। भारत 2023 तक दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पछाड़ देगा और उसकी आबादी अनुमान के मुताबिक 2050 में 1.668 अरब होगी, जो सदी के मध्य तक चीन की अनुमानित 1.317 अरब आबादी से बहुत आगे है। संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रखंड द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक जनसंख्या 15 नवंबर, 2022 को आठ अरब तक पहुंचने का अनुमान है। वैश्विक जनसंख्या 1950 के बाद से सबसे धीमी गति से बढ़ रही है। वर्ष 2020 में यह घटकर एक प्रतिशत से भी कम रह गई।

संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के जनसंख्या प्रखंड के निदेशक जॉन विल्मोथ ने सोमवार को कहा कि सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के रूप में उभरने से भारत का कुछ चीजों पर दावा हो सकता है। रिपोर्ट को जारी करने के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के चीन से आगे निकलने के प्रभाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, दुनिया में सबसे बड़ी आबादी होने का क्या महत्व है? मुझे लगता है कि चीजों पर आपके कुछ दावे हैं। मुझे आश्चर्य है कि चारों ओर चर्चा के संदर्भ में क्या होगा ङ्क संयुक्त राष्ट्र में भूमिकाएं और सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों की भूमिकाएं। उन्होंने कहा, यदि भारत सबसे बड़ा (आबादी के लिहाज से) देश बन जाता है, तो वे सोच सकते हैं कि इससे इसका हिस्सा होने संबंधी उनका दावा मजबूत हो जाता हैङ्क. वे दावा करते रहे हैं कि उन्हें वैसे भी उस समूह (सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य) का हिस्सा होना चाहिए। लेकिन, आप जानते हैं, इससे उनके दावे को निश्चित रूप से मजबूती मिल सकती है।

भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से हो रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है। उसका दावा है कि वह सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में स्थान पाने का हकदार है, जो अपने वर्तमान स्वरूप में 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

नीदरलैंड में वर्क फ्रॉम होम बनेगा कानूनी अधिकार

एम्सटर्डम, एजेंसी

नीदरलैंड में वर्क फ्रॉम होम अब कानूनी अधिकार बन जाएगा। नीदरलैंड की संसद के निचले सदन से इस फैसले को मंजूरी मिल गयी है। जल्द ही सीनेट से मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। ढाई साल पहले वैश्विक स्तर पर शुरू हुए कोविड काल में वर्क फ्रॉम होम का अभ्यास यह साबित कर चुका है कि कर्मचारी कार्यालय नहीं आकर भी पूरी ईमानदारी के साथ अच्छा काम कर रहे हैं और उनका प्रदर्शन भी बेहतर हो रहा है।

इसके बाद यह सुझाव आए कि कर्मचारियों के कार्यालय आने की अनिवार्यता समाप्त की जानी चाहिए। इससे कंपनियों का ढांचागत खर्च घटता है वहीं कर्मचारी भी संतुष्ट रहते हैं। अब नीदरलैंड सरकार ने वर्क फ्रॉम होम या रिमोट वर्क की प्रक्रिया को कानूनी अधिकार के दायरे में शामिल कर लिया है। इस प्रस्ताव को नीदरलैंड की संसद से मंजूरी मिल चुकी है। इस कानून पर अमल के लिए इसे नीदरलैंड की सीनेट के पास भेजा गया है। वहां से जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद इस फैसले को लागू कर दिया जाएगा। यह फैसला लागू किये जाने के बाद नीदरलैंड की कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए दफ़्तर आकर काम करने की बाध्यता नहीं होगी। वे अपने घर या फिर कहीं और बैठकर अपने कार्यालय का काम कर सकेंगे। यदि कार्यालय के किसी काम को बिना आए भी पूरा किया जा सकता है तो कोई नियोक्ता किसी कर्मचारी के वर्क फ्रॉम होम अनुरोध को अस्वीकार नहीं कर सकता। यह भी तय हुआ है कि जिन जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए कर्मचारियों का कार्यालय आना जरूरी है, उन पर यह नियम लागू नहीं होगा।

भारी बारिश से पूर्णा नदी उफान पर, सैकड़ों घरों में घुसा पानी, नवसारी-सूरत हाईवे बंद

जानकारी

- पूर्णा नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर 27 फीट तक पहुंचा
- एनडीआरएफ के जवानों ने पानी में फंसे सैकड़ों को निकाला

अहमदाबाद, एजेंसी

दक्षिण गुजरात के नवसारी जिले में पिछले एक सप्ताह से भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। उपर्वस के डांग और सूरत जिलों में भी भारी बारिश से पूर्णा नदी उफान पर है। नवसारी शहर में पूर्णा नदी के किनारे और भेसतखाड़ा इलाके में एक सौ से ज्यादा घरों में 5 फीट से ज्यादा पानी भर गया, जिससे हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। भारी बारिश के बाद नवसारी से गुजरने वाली पूर्णा नदी का जलस्तर 27 फीट तक पहुंच गया है, जिससे नवसारी शहर के भेसतखाड़ा इलाके में एक सौ से ज्यादा घरों में पांच फुट तक पानी भर गया। यहां के 450 लोगों को अपना छोड़कर सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे है। नवसारी के धिम्मर समाज की वाड़ी में शरण लेने वाले प्रभावित लोगों के लिए सामाजिक संस्थाओं और नगरपालिका भोजन की व्यवस्था कर रही है। शहर में विरावल जकातनाका के पास सड़क पर पानी आने से नवसारी-सूरत राज्य राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। इसके अलावा हिदायत नगर, गढ़ेवांन, रिंग रोड, रंगून नगर, काशीवाड़ी, मिथिलानगरी, शांतादेवी, बंदर रोड जैसे निचले इलाकों में दो फुट से 15 फुट तक पानी भर गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों से एनडीआरएफ ने दो हजार लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। जलभराव के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवसारी एपीएमसी बाजार में जलभराव के चलते सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य लोगों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

चीता बसाने का यह अवसर खोया तो माफ नहीं करेगी आने वाली पीढ़ियां : भरत सिंह

कोटा, एजेंसी

राजस्थान में पूर्व मंत्री एवं कोटा जिले की सांगोद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने मुकुंदरा हिल्स अभयारण्य को चीता बसाने के दृष्टि से नामीबिया के विशेषज्ञों की टीम के उपर्युक्त पाए जाने की रिपोर्ट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह राज्य सरकार के लिए दुर्लभ अवसर है और इसे गवा दिया तो आने वाली पीढ़ियां कभी भी माफ नहीं करेगी।

सिंह ने कहा कि यह रिपोर्ट न केवल वन-वन्य जीवों एवं पर्यावरण प्रेमियों के लिए बल्कि राज्य सरकार के लिए भी अति प्रसन्नता का विषय है। इस रिपोर्ट में संसाधनों की उपलब्धता के कारण हर दृष्टि से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के 80 वर्ग किलोमीटर के दर्रा क्लोजर को पूरी दुनिया में दुर्लभ होते जा रहे चीतों को बसाने के लिए सबसे ज्यादा उपर्युक्त स्थान पाया है और यह एक सुनहरा अवसर है जब राज्य सरकार केंद्र से बातचीत करके चीतों के पुनर्वास के इस अवसर का लाभ उठाते हुए हाडोती अंचल में फिर से चीतों का आबाद करने की दिशा में सार्थक कदम उठा कर वन्यजीव प्रेमियों का सपना साकार करना चाहिए। नामीबिया से आई वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम ने मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क, गांधी सागर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी सहित कोटा के मुकुंदरा हिल्स अभयारण्य का 12 से 21 जून के बीच अध्ययन करने के बाद अपनी रिपोर्ट में कोटा जिले में अभयारण्य के 80 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को चीतों के पुनर्वास के लिए सबसे अधिक उपर्युक्त पाया था जहां दो मादा एवं एक नर चीते को बसाया जा सकता है। नामीबिया के विशेषज्ञ की ओर से प्रस्तुत इस रिपोर्ट की प्रतिलिपि संलग्न कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जो राज्य वाइल्ड लाइफ बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, को भेजे एक पत्र में बोर्ड के सदस्य सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार और वहां का वाइल्ड़ लाईफ बोर्ड.कूनो नेशनल पार्क में चीते बसाने की संभावनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार के स्तर पर लगातार बातचीत करते हुए नामीबिया से चीते लाकर मध्य प्रदेश के अभयारण्य में बसाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं और कई कदम आगे बढ़ भी चुके हैं।

इ सके विपरीत राजस्थान का तो इस बारे में अभी रूख ही स्पष्ट नहीं है। सिंह ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि वन्यजीवों के कुछ कथित विषय विशेषज्ञ अपने निजी स्वार्थ को लेकर अभयारण्य में चीते बसाने पर अड़ंगा लगा रहे हैं लेकिन प्रदेश के मुखिया होने के नाते कम से कम गहलोत तो यह समझे कि यदि ऐसे स्वार्थी लोगों की कोशिशें कामयाब हुई तो हाडोती के पर्यटन विकास को बहुत बड़ा झटका लगेगा। उन्होंने चेताया कि अब समय काफी कम बचा है और लगता है कि चीता बसाने के मामले में राजनीति हावी हो रही है लेकिन इस बात को अच्छे से समझ लेना चाहिए कि यदि यह मौका खो दिया तो इस गलती के लिए समय हमें कभी माफ नहीं करेगा।

सम्मेलन | चार देशों के नये समूह को आई2यू2 नाम दिया गया है जिसमें आई भारत (इंडिया) तथा इजराइल के लिए और यू अमेरिका (यूएस) और यूएई के लिए है

पीएम मोदी के साथ डिजिटल वार्ता की मेजबानी करेंगे बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस सप्ताह अपने इजराइल दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजराइल के प्रधानमंत्री येर लापिद और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नहयान के साथ पहले डिजिटल सम्मेलन की मेजबानी करेंगे जिसमें खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। चार देशों के नये समूह को आई2यू2 नाम दिया गया है जिसमें आई भारत (इंडिया) तथा इजराइल के लिए और यू अमेरिका (यूएस) और यूएई के लिए है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति बाइडन इस सप्ताह अपनी पश्चिम एशिया की यात्रा के दौरान इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात तथा भारत के नेताओं के साथ डिजिटल सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति बाइडन की आगामी यात्रा पर संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राष्ट्रपति बाइडन 13 जुलाई से 16 जुलाई तक पश्चिम एशिया की यात्रा पर रहेंगे। आई2यू2 का पहला डिजिटल सम्मेलन बृहस्पतिवार को होगा जिसमें यूक्रेन युद्ध के कारण उपजे वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट पर प्रमुखता से बातचीत हो सकती है। चारों नेता नये समूह की रूपरेखा पर बात कर सकते हैं और सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित कर सकते हैं। वे यूक्रेन संकट की पृष्ठभूमि में ऊर्जा और खाद्य समस्याओं समेत क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने रविवार को कहा कि यूक्रेन में रूस के हमलों ने दुनिया को प्रभावित किया है जिसमें संभवतः श्रीलंका शामिल है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम पूरी दुनिया में इसका असर देख रहे हैं और श्रीलंका में जो कुछ हुआ, उसकी भी यह वजह हो सकती है। ब्लिंकेन ने बैंकॉक में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम दुनियाभर में बढ़ती खाद्य असुरक्षा देख रहे हैं जो यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमलों से बहुत ज्यादा बढ़ी है। अमेरिका की अगुवाई में पश्चिमी देशों ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ हमले के लिए आर्थिक पाबंदियां लगाई हैं। आई2यू2 समूह व्यापार और निवेश से संबंधित विषयों पर भी व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित कर सकता है। भारत के तीनों देशों के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक संबंध पिछले कुछ साल में मजबूत हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने पिछले सप्ताह बाली में जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर वैश्विक ऊर्जा तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर विचार-विमर्श किया था। जयशंकर ने यूएई के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायेद अल नहयान के साथ भी अलग से बैठक की थी। भारत और अमेरिका पहले से ही जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड समूह का हिस्सा हैं।

मुस्लिम समाज का यू टर्न, फर्जी पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

भीलवाड़ा, एजेंसी

भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर में इंस्टाग्राम अकाउंट पर एडिटिंग कर सांप्रदायिक सौहार्द भड़काने वालों के खिलाफ मुस्लिम समाज ने मंगलवार को यू टर्न लिया है। समाज के नुमाइंदों ने उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह को ज्ञापन देकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में गलत सूचना पर हुई कार्रवाई पर खेद भी जताया गया है। इस मामले में विशाल खटीक बेवजह ही सात दिन जेल में रहकर आया है। मंगलवार को उपखंड अधिकारी को मुस्लिम समाज द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि 20 जून रात्रि नौ बजे के करीब कमेटी के पास सन्देश आया कि मुस्लिम समाज के युवक की मोबाईल पर विशाल खटीक नाम के व्यक्ति ने अल्लाह एव रसूल के लिए अभद्र अश्लील टिप्पणियां की हैं, जिससे मुस्लिम समाज में आक्रोश उत्पन्न हो गया। बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के युवक थाने के अन्दर इकट्ठा हुए। इस पर अन्जुमन कमेटी के नुमाईन्दे थाने में गये वहां पर पुलिस को पोस्ट दिखाई, जो कि काफी अश्लील एव भद्दी पोस्ट थी।

इस पर अन्जुमन कमेटी की तरफ से उक्त घटना की नामजद रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट के आधार पर विशाल खटीक को गिरफ्तार किया गया। बाद में दौराने अनुसन्धान पुलिस से जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त पोस्ट को बनाने एवं वायरल करने में तौसिफ और दानिश नाम के दो मुस्लिम समाज के युवक थे, जिन्होंने विशाल खटीक से आपसी रंजिश के चलते विशाल खटीक के नाम को उक्त अश्लील भडकाऊ पोस्ट पर एडिटिंग करके पोस्ट की। इस जानकारी के बाद इन युवकों के खिलाफ आम मुस्लिम समाज में गहरा रोष है। ज्ञापन में इस घटना की कठोर शब्दो में निन्दा भी की गई है।

ज्ञापन देने के दौरान अंजुमन कमेटी के सदर सत्तार गौड़, अंजुमन देशवाली कमेटी के सदर रशीद नेब, मुत्तफरीक समाज के सदर एडवोकेट फारूक शाह, अंजुमन सेकेट्री शरीफ अंसारी, मोहम्मद शेर पठान, गाजी कमेटी के सदर गाजी मोईन, हाजी ईशाक मोहम्मद, मुस्ताक वीनस, रफीक पठान, उस्मान बड़ालिया, रियासत मलिक, अफनान तंवर, इस्लाम अगवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129